

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को नववर्ष 2025 के कैलेंडर का अनावरण किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 02 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




आदर्श विचार



सफलता उसी व्यक्ति को मिलती हैं, जिसका स्वयं की इन्द्रियों पर बस हो।- भगवत गीता

मन की बात



बाहरी प्रकृति केवल आंतरिक प्रकृति बड़ी है।

-स्वामी विवेकानंद

## संभल में विवादित जामा मस्जिद के पास तेजी से हो रहा चौकी का निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया**

**संभल**: उत्तर प्रदेश के संभल जिले में विवादित जामा मस्जिद के पास पुलिस चौकी का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। बुधवार को बाउंड्री का काम पूरा होने के बाद अब कक्षों की बुनियाद खड़ी की जा रही हैं। जनवरी में ही पुलिस चौकी के शुरू होने की उम्मीद है। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चंद्र बुधवार को पुलिस चौकी निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने निर्माण कार्य को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 24 नवंबर को हुई हिंसा के बाद से यहां विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

## तंबाकू निर्यात पांच वर्ष में बढ़कर 12,005 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली**। देश का तंबाकू निर्यात पिछले पांच वर्ष में 87 फीसदी बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 12,005.89 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है, जबकि वित्त वर्ष 2019-20 में यह 6,408.15 करोड़ रुपये रहा था। इससे किसानों की आय भी दोगुनी से ज्यादा हो गई है। इस दौरान निर्यात मात्रा 218.84 मिलियन किलोग्राम से बढ़कर 315.51 मिलियन किलोग्राम हो गई है। स्थिरता और विकास पर ध्यान केंद्रित किया है।

# नए साल की पहली कैबिनेट बैठक किसानों के नाम

- फसल बीमा योजना के आवंटन को बढ़ाकर 69,515 करोड़ रुपये करने को मंजूरी

**सौगात**

**किसानों को 1,350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम की दर से डीएपी उर्वरक मिलता रहेगा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: नए साल के पहले दिन बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई, जो किसानों को समर्पित रही। इस बैठक में मोदी सरकार ने देश के किसानों के लिए दो बड़े फैसले लिये। फसल बीमा योजना के आवंटन को बढ़ाकर 69,515 करोड़ रुपये करने को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। वैष्णव ने कहा कि इस निर्णय से 2025-26 तक देशभर के किसानों के लिए गैर-रोकथाम योग्य प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के जोखिम कवरेज में मदद मिलेगी। इसके अलावा योजना के क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी के उपयोग से पारदर्शिता और दावों की गणना तथा निपटान में वृद्धि होगी। इसके लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 824.77 करोड़ रुपये की राशि के साथ नवाचार और प्रौद्योगिकी कोष (एफआईएटी) के निर्माण को भी मंजूरी दी है। इस कोष का उपयोग योजना के तहत प्रौद्योगिकी पहलों जैसे यस-टेक, विंड्स आदि के साथ-साथ अनुसंधान और विकास अध्ययनों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी आधारित उपज अनुमानों के लिए न्यूनतम 30 प्रतिशत भार के साथ रिमोट सेंसिंग प्रौद्योगिकी उपयोग की जाती है। वर्तमान में 9 प्रमुख राज्य इसे लागू कर रहे हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश, असम, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु और कर्नाटक शामिल हैं। अन्य राज्यों को भी तेजी से इसमें शामिल किया जा रहा है। इस प्रौद्योगिकी के व्यापक कार्यान्वयन के साथ फसल कटाई प्रयोग और संबंधित मुद्दे धीरे-धीरे

### डीएपी उर्वरक के लिए 3,850 करोड़ तक के एकमुश्त विशेष पैकेज को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में किसानों के लिए डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) फर्टिलाइजर के लिए अतिरिक्त सब्सिडी को मंजूरी दी है। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने डीएपी फर्टिलाइजर के लिए 3,850 करोड़ रुपये का एकमुश्त पैकेज दिया है। किसानों को 1,350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम की दर से डीएपी उर्वरक मिलता रहेगा। अतिरिक्त लागत सरकार वहन करेगी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने किसानों को किफायती कीमतों पर डीएपी की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक जनवरी 2025 से अगले आदेश तक एनबीएस सब्सिडी से परे डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) पर एकमुश्त विशेष पैकेज के विस्तार को मंजूरी दी।



श्री सांवलियाजी मंदिर में लगा नए साल का मेला, करीब आठ लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे दर्शन को, बना नया रिकॉर्ड।

### प्रख्यात कार्टूनिस्ट हरीश चंद्र शुक्ला 'काक' नहीं रहे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: देश के ख्यातिलब्ध कार्टूनिस्ट हरीश चंद्र शुक्ला 'काक' नहीं रहे। 16 मार्च 1940 को उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के पुरा गांव में जन्मे काक ने बुधवार सुबह गाजियाबाद में अंतिम सांस ली। उनके परिवार ने इसकी पुष्टि की है। शोकाकुल उनके पुत्र सुभव शुक्ला ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर गाजियाबाद में हिंडन नदी के तट पर बने श्मशान घाट पर कर दिया गया। वो अपने परिवार के साथ वैशाली में रहते थे। काक देश के उन दुर्लभ कार्टूनिस्ट्स में से एक हैं।

## स्वेच्छा से बिजली सब्सिडी छोड़ने के लिए आगे आएं लोग



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला: मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने निजी आवास पर लगे सभी बिजली मीटरों पर मिलने वाली सब्सिडी छोड़ने की घोषणा की। उन्होंने इस संबंध में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के अध्यक्ष संजय गुप्ता को एक फार्म भर कर सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके नाम पर पांच बिजली के मीटर हैं और वह सब्सिडी छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में ऐसे कई सुविधा संपन्न लोग हैं जिनके नाम पर कई मीटर हैं। उन्होंने सभी को स्वेच्छा से बिजली की सब्सिडी छोड़ने की अपील की। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के समर्थ एवं संपन्न बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों में भागीदार बनें और प्रदेश के

**अपील**

**मुख्यमंत्री ने निजी आवास पर लगे सभी बिजली मीटरों पर मिलने वाली सब्सिडी छोड़ने की घोषणा की**

विकास के लिए बिजली पर मिलने वाली सब्सिडी का स्वेच्छा से परित्याग करें।

उन्होंने कहा कि इच्छुक बिजली उपभोक्ता हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा जारी किए गए विभिन्न माध्यमों से इस सब्सिडी का परित्याग करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता विद्युत बोर्ड के ऑनलाईन पोर्टल, 1100 या 1912 नंबर पर फोन करके तथा अपने निकट के विद्युत उपमंडल में जाकर सब्सिडी का परित्याग कर सकते हैं।

## चुनावी घोषणा पत्र के वायदे किये जा रहे हैं पूरेः सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्य**मंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी धर्मपत्नी सुमन सैनी के साथ नव वर्ष के अवसर पर पंचकूला स्थित माता मनसा देवी मंदिर परिसर में पूजा अर्चना की। उन्होंने मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं से बातचीत भी की। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियां को नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि यह साल प्रदेशवासियों के जीवन में आर्थिक और सामाजिक खुशहाली लाने का काम करेगा। हर नागरिक के जीवन में समृद्धि आएगी। ऐसी मंगल कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में हरियाणा विकास की नई बुलंदियों को छुएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के दौरान बहुत से विषयों को लेकर प्रदेश को आगे बढ़ाने का काम किया गया है। अब वर्ष 2025 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन के तहत भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में तेज गति से कार्य किया जाएगा। इसी तर्ज पर हरियाणा प्रदेश में भी तेज गति से विकास कार्य हों और साथ ही प्रदेश भी पूर्ण रूप से विकसित प्रदेश बने। इसको लेकर सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

**योजना**

**फसल विविधिकरण के क्षेत्र में जल्द ही लाई जाएंगी नई योजनाएंः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी**

## एनआइए ने 2024 में 210 आरोपितों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः एनआइए** ने कहा कि उसने 2024 में 210 आरोपितों को गिरफ्तार किया और रिकॉर्ड 100 प्रतिशत सजा दर हासिल की। आतंकवाद रोधी जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि एनआइए ने इस दौरान कम से कम 27 फरार अपराधियों को पकड़ा है। कई हाई प्रोफाइल मामलों की सफल जांच और वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से संबंधित मामलों को निपटने पर जांच केंद्रित किया। एक बयान में कहा गया है कि 2024 में एनआइए द्वारा दर्ज 80



मामलों में 210 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।

इन मामलों में वामपंथी उग्रवाद के 28 और पूर्वोत्तर उग्रवाद के 18 मामलों के साथ सूची में सबसे ऊपर हैं।

**25 मामलों में 68 आरोपितों को दोषी ठहराया**

एनआइए के प्रभावशाली प्रदर्शन में 25 मामलों में 68 आरोपितों को दोषी ठहराया गया है और 408 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया। विभिन्न आतंकवादी, गैंगस्टर और अन्य आपराधिक नेटवर्क को खत्म करने के एजेंसी के निरंतर प्रयासों के तहत वर्ष के दौरान 19.57 करोड़ रुपये की कुल 137 संपत्तियां कुर्क की गईं। वामपंथी उग्रवाद पूरे 2024 में एनआइए की जांच के दायरे में रहा, जिससे 69 गिरफ्तारियां हुई है।

## डॉ. मनमोहन सिंह के नाम से जाना जाएगा हिप्पाः सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (हिप्पा), शिमला की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संस्थान का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह के नाम पर रखने की घोषणा की। उन्होंने हिप्पा में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। उन्होंने कहा कि उनकी दूरदर्शी नीतियों के कारण देश के लोग आत्म-सम्मान के साथ खड़े हैं और हिमाचल



प्रदेश के विकास में भी उनका विशेष योगदान रहा है। उनके प्रयासों से हिमाचल प्रदेश में अनेक बड़े संस्थान खुले, जिसका लाभ आज प्रदेश के लोगों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हिप्पा की एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया। उन्होंने हिप्पा में स्पेशल एजुकेटर की तीन जनवरी तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया, जिसमें 80 शिक्षक भाग ले रहे है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को न्यू एज टेक्नोलोजी से विशेष बच्चों को पढ़ाने का प्रशिक्षण प्राप्त होगा, जिससे दृष्टिबाधित बच्चों को लाभ मिलेगा। यह नई पद्धति ब्रेल का स्थान लेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के संसाधनों में दृष्टिबाधित बच्चों को भी उनका हक मिलना चाहिए।

**याद किया**

**नकी दूरदर्शी नीतियों के कारण देश के लोग आत्म-सम्मान के साथ खड़े हैं: सुखविंदर सिंह सुक्खू**

उन्होंने प्रदेश के सभी दृष्टिबाधित बच्चों को मिलने वाली 1500 रुपये मासिक पेंशन को 27 वर्ष की आयु तक बढ़ाकर 4 हजार रुपये करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसका प्रावधान राज्य सरकार आगामी बजट में करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दृष्टिबाधितों को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास कर रही है।



# जनकपुरी-कृष्णा पार्क के बीच दौड़ेगी मेट्रो

**चुनाव घोषणा से पहले जनकपुरी-कृष्णा पार्क एक्सटेंशन कॉरिडोर पर चलेगी मेट्रो, चार महीने से इस कॉरिडोर पर मेट्रो का परिचालन शुरू होने का है इंतजार**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली मेट्रो से सफर करने वाले लोगों को नोएडा बोटेनिकल गार्डन से सीधा कृष्णा पार्क एक्सटेंशन तक मेट्रो सेवा उपलब्ध होगी। दिल्ली मेट्रो फेज चार के जनकपुरी पश्चिम-कृष्णा पार्क एक्सटेंशन कॉरिडोर पर चार महीने से मेट्रो परिचालन शुरू होने का इंतजार है। अभी तक इस कॉरिडोर पर मेट्रो का परिचालन शुरू करने के लिए कोई तिथि घोषित नहीं हुई है, लेकिन दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले फेज चार में निर्माणाधीन जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम कॉरिडोर के इस छोटे से हिस्से पर मेट्रो का परिचालन शुरू होने की पूरी उम्मीद है। इसके लिए तैयारी भी है।



**2 किमी का भूमिगत कॉरिडोर बनकर तैयार**
29.26 किलोमीटर लंबी निर्माणाधीन जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मेट्रो लाइन वर्तमान मजेंटा लाइन की विस्तार परियोजना है। मौजूदा समय में मजेंटा लाइन पर नोएडा के बोटेनिकल गार्डन से जनकपुरी पश्चिम तक मेट्रो सेवा उपलब्ध है। जनकपुरी पश्चिम से आगे

**शांति**
**▶▶ अभी तक इस कॉरिडोर पर मेट्रो का परिचालन शुरू करने के लिए कोई तिथि घोषित नहीं हुई है**

करीब दो किलोमीटर का भूमिगत कॉरिडोर बनकर तैयार है।
**कॉरिडोर पर मेट्रो को चलाने की मिल चुकी है अनुमति**
30 जुलाई को मेट्रो रेल संरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) ने इस कॉरिडोर के मेट्रो ट्रैक, सिग्नल सिस्टम, कृष्णा पार्क एक्सटेंशन मेट्रो स्टेशन के प्लेटफार्म, कंट्रोल रूम इत्यादि के सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया था और अगस्त में ही परिचालन शुरू करने की तैयारी थी। सीएमआरएस ने 30 अगस्त को डीएमआरसी को इस कॉरिडोर पर मेट्रो का परिचालन शुरू करने की स्वीकृति दे दी थी। तब डीएमआरसी ने परिचालन के लिए जल्दी तारीख घोषित करने की बात कही थी, लेकिन बताया जा रहा है कि यह कॉरिडोर पूरी तरह तैयार होने के बावजूद राजनीतिक कारणों से अब तक इसका उद्घाटन नहीं हो पाया।
**क्यों हुई उद्घाटन में देरी?**
पहले हरियाणा चुनाव के कारण इसके उद्घाटन में देरी हुई है। फिर दिल्ली का चुनाव करीब आने पर इस कॉरिडोर पर परिचालन शुरू करने की तैयारी हुई। छह जनवरी को मतदाता सूची जारी होने के बाद कभी भी दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है। इसलिए छह जनवरी से पहले इस कॉरिडोर पर परिचालन शुरू हो सकता है।
**इस मेट्रो से किसे होगा फायदा?**
यह कॉरिडोर छोटा जरूरी है, लेकिन इस पर मेट्रो का परिचालन शुरू होने से मजेंटा लाइन पर नोएडा के बोटेनिकल गार्डन से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन तक सीधी मेट्रो उपलब्ध होगी। इससे विकासपुरी, कृष्णा पार्क एक्सटेंशन, केशोपुर, पश्चिम विहार और इसके आसपास के लोगों को फायदा होगा। कॉरिडोर पर परिचालन शुरू होने के साथ-साथ रिठाला-कुडली कॉरिडोर के निर्माण का शिलान्यास भी हो सकता है।


**उत्तर रेलवे**
**TENDER NOTICE**
**ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| एन आई टी | | 113-2024-25-डब्ल्यू–4 |
|---|---|---|
| 1. | काम का नाम (स्थान के साथ) | ADEN/JHI के तहत SSE/Pway/JHI के अनुभाग में NRW यार्ड में 2 WCMS (12 में 1) के साथ 01 डायमंड क्रॉसिंग (2 तीव्र और 2 अधिक) का नवीनीकरण। विशेष लेआउट–88 संख्या) कार्य की समान प्रकृति। 1. जोनल रेलवे/मेट्रो रेलवे/रेलवे पीएसयू को सभी फिटिंग सहित सीएमएस, गैर–मानक वेल्डेबल डायमंड एक्सिंग का डिजाइन, विनिर्माण और आपूर्ति। और 2. जोनल रेलवे/मेट्रो रेलवे/रेलवे पीएसयू को वेल्डेबल सीएमएस एक्सिंग्स का विनिर्माण और आपूर्ति। नोट: (i) उपरोक्त एसएन–1 का कम से कम एक कार्य पूरा होना अनिवार्य है। (ii) पूर्ण किए गए समान कार्यों के वित्तीय मूल्य की आवश्यकता उपरोक्त एसएन–1 या 2 द्वारा पूरी की जा सकती है। |
| 2. | काम की अनुमानित लागत (रूपये) | Rs. 19325649.56 |
| 3. | अग्रिम राशि (रूपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) नोट:– रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा,.।) रूपये 246600.00 |
| 4. | काम की समाप्ति अवधि | 06 महीने |
| 5. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 24.01.2025 को 15.00 बजे तक तथा 24.01.2025 को 15.00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6. | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

No. 128-W/280/OET/2024-25/W-IV/NIT-113 Date 31.12.2024 4000/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# छात्र-छात्राओं को ट्रेन में यात्रा करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजलू गढ़ी के छात्रों को नव वर्ष के उपलक्ष में आरपीएफ ने छात्र-छात्राओं को ट्रेन में यात्रा करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक किया। इंस्पेक्टर संगम , सब इंस्पेक्टर शहाबुद्दीन, एएसआई जगत सिंह व उनकी टीम ने जागरूक किया क जागरूकता टीम द्वारा ट्रेन में यात्रा करने के दौरान अव्यवस्था फैलाने, चेन पुलिंग, अभद्र व्यवहार करने वाले छात्रों को समझाया कि कोई भी छात्र इस प्रकार की किसी गतिविधि में शामिल न हो। उन्होंने कहा कि यदि कोई छात्र ऐसी किसी गतिविधियो में शामिल पाया जाता है तो उसके



खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी क ऐसे छात्र का कैरियर बनने से पहले ही खराब हो सकता है। उन्होंने बताया कि सफर के दौरान महिला व पुरुष यात्रियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई बातों पर ध्यान रखना चाहिए। जिसमें रेलवे ट्रैक पार नहीं करने, ट्रेन के दरवाजे पर खड़ा होकर मोबाइल से बात नहीं करने, बंद रेलवे फाटक को पार नहीं करने, स्टेशन पर पैदल ऊपरी पुल का इस्तेमाल करने के बारे में बताया प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने आरपीएफ टीम का आभार जताते हुए कहा कि छात्राओं को आने जाने के समय विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। किसी भी व्यक्ति एवं युवक के बहकावे में आकर अपने माता-पिता के घर को छोड़कर छात्राएं न जाएं। माता-पिता उनके अभिभावक है। बच्चों का भविष्य की चिंता उनके ऊपर रहती है। इसलिए छात्राएं कोई भी गलत कदम ना उठाएं। ट्रेन में सफर करने के दौरान किसी भी अपराधी गतिविधि तथा मदद की जरूरत पड़े तो हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सहयोग ले सकते हैं।

**सहयोग**
**▶▶ किसी भी अपराधी गतिविधि तथा मदद की जरूरत पड़े तो हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सहयोग ले सकते हैं**


**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई–निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/समाडि/स., पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा, निम्नलिखित कार्य हेतु बिड सिस्टम आधारित खुली ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है :–
**क्रम सं.-1,** निविदा सूचना संख्या: 17-2024-CW, **कार्य का नाम:** 'सप्लाई एंड अप्लिकेशन ऑफ न्यू विनाइल ग्राफिक फिल्म रैप एंड पैचेज ऑन ट्रेन कोचेज ऐट गोरखपुर कोचिंग डिपोज एंड ऐशबाग कोचिंग डिपो इन ए पीरियड ऑफ 12 मन्थ्स। अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 1,93,25,689.51, अग्रिम धन (रू०में): ₹ 2,46,600/-, निविदा की अवधि: 12 माह।
• ई-निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 24-01-2025,15:00 बजे तक एवं यह ई-निविदा दिनांक 24-01-2025 को 15:00 बजे के बाद खोली जायेगी। • इस ई-निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्तें, पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है।
• निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाइट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
**मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर/समाडि,**
मुजाधि/यॉत्रिक-98 **लखनऊ**
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



**उत्तर रेलवे**
**ई–नीलामी सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से जनरल कैटेगरी (व्यक्तिगत/सांझेदारी फर्मो/कम्पनियों/सहकारी/स्वयं सहायता समूहों) एवं आरक्षित कैटेगरी से, अम्बाला मंडल के रेलवे स्टेशन पर खानपान स्टाल (जनरल माइनर यूनिट) को पांच वर्षों तक संचालन हेतु ई–निविदा दिनांक 21.01.2025 समय 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण निम्नलिखित है–

| क्र. सं. | टेंडर संख्या | स्टेशन का नाम | स्टेशन कैटेगरी | स्टाल सं. | स्थान | टेंडर डाक्यूमेंट्स का मूल्य + @18% GST प्रति टेंडर (रूपए में) | प्रथम वर्ष के लिए आरक्षित मूल्य (रूपए में) | बयाना राशि (रूपए में) | आरक्षित वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UMB-CTG-SRE-GMU-02-2025 | सहारनपुर | एनएसजी–3 | SRE-15 | प्लेटफार्म सं. 5/6 | 2,950 | 18,42,500 | 9,58,100 | सामान्य |
| 2 | UMB-CTG-SRE-GMU-01-25 | सहारनपुर | एनएसजी–3 | 21 | प्लेटफार्म सं. 5/6 | 2,950 | 18,42,500 | 9,58,100 | सामान्य |

**नोट:** उपरोक्त ई–निविदा/निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण (ई–निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 21.01.2025 समय 15:00 बजे तक उपलब्ध है। रेलवे प्रशासन को किसी एक या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार प्राप्त है।
**(फाइल सं.:NR-UMB0COML(CG)/91/2024)** **03/2025**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# रेणु विद्या मंदिर समावेशी स्कूल में नववर्ष समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई :** बहालगढ़ स्थित रेणु विद्या मंदिर समावेशी स्कूल में नववर्ष समारोह बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समावेशी बच्चों के साथ-साथ सभी शिक्षकों और अभिभावकों ने भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद कुमार कुल्हाड़े ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नया वर्ष हम सभी के जीवन में नई रोशनी और नई उपलब्धियां लेकर आए। उन्होंने समावेशी



बच्चों को विशेष रूप से आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. कुल्हाड़े ने कहा कि विद्यालय की सफलता और बच्चों की व्यक्तिगत प्रगति का यह उत्सव, एक नई शुरूआत का प्रतीक है। उन्होंने सभी बच्चों को प्रेरित करते हुए विश्वास जताया कि वे आने वाले समय में अपने जीवन में बड़ी सफलताएं हासिल करेंगे कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, संगीत और कविताएं शामिल थीं।


**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली दो पैकेट पद्धति ई-निविदा के आधार पर नीचे लिखे हुए कार्य के लिए निविदा आमंत्रित करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थल | उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के बिजवासन में कोचिंग एवं माल ढुलाई हैण्डलिंग टर्मिनल के विकास के तहत बहुमंजिला आवासीय टाइप–।। क्वार्टर (112 यूनिट), टाइप–।।। क्वार्टर (24 यूनिट) और टाइप–4 क्वार्टर (8 यूनिट) का निर्माण तथा टाइप–।। क्वार्टर (112 यूनिट), टाइप–।।। क्वार्टर (24 यूनिट) एवं टाईप–IV (08 यूनिट) क्वार्टर के लिए अग्निशमन प्रबंधन तथा सर्कुलेटिंग एरिया, भूदृश्य, बागवानी कार्य आदि और विविध संबद्ध कार्य। |
| 2 | कार्य पूरा होने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 4667.07 लाख |
| 4 | धरोहर राशि (जो कि ऑनलाइन जमा की जानी है) | रु. 24,83,500/– |
| 5 | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 11:30 बजे दिनांक 07.01.2025 से 21.01.2025 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। |
| 6 | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | 21.01.2025 को 11:30 बजे तक निविदाकर्ता द्वारा 07.01.2025 से 21.01.2025 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| 7 | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11:30 बजे दिनांक 03.01.2025 को खोली जाएगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

No-534-ACS-R-QTRS-BWSN-CSB Dated-31.12.2024 3990/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
**ई–निविदा**
वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारो से निम्न लिखित कार्यो हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यो के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/पीटीए के अधीन SSE/W/SAG के सेक्शन में रनिंग ट्रैक के नीचे बॉक्स पुशिंग तकनीक द्वारा जेएचएल–एचएसआर सेक्शन पर स्टेशन जेपीएस–यूकेएन के बीच नहर पुल संख्या 19–ए से सटे किमी 21/16–17 पर जलापूर्ति के लिए आरसीसी बॉक्स चैनल का प्रावधान। | 1,56,56,788 | 2,28,300 | 06 महीने | 23.01.2025 |
| 2 | SSE/W/KLK के खंड मे कोटी सुरंग से केएलके तक 1 गहरे ट्यूबवेल का प्रतिस्थापन, पंप हाउस का निर्माण, यूजी पानी की टंकी और केएलके में विशेष रूप से गर्मियों में पानी की मांग के लिए डीआई पाइप बिछाना। | 2,16,67,052 | 2,58,300 | 12 महीने | 23.01.2025 |
| 3 | ADEN/JUDW के तहत आरपीएसएफ 9वीं बटालियन, JUDW में वर्षा जल संचयन प्रणाली में सुधार। | 5,61,005 | 11,200 | 04 महीने | 23.01.2025 |
| 4 | Sr.DEN-II/UMB के तहत ADEN/PTA के अनुभाग में मौजूदा 52Kg 90UTS रेल LWR के 1.470TKm के CTR(S) और 12.234TKm के TRR(S) ST/Woden/CST-9 स्लीपरों पर M+7 घनत्व के साथ 52Kg/60Kg रेल के साथ PSC स्लीपर पर इलास्टिक फास्टनिंग के साथ बिछाना और मौजूदा मानक से गहरी स्क्रीनिंग और गिट्टी की भरपाई के साथ गिट्टी कुशन को बढ़ाने का शेष कार्य। | 93,12,567 | 1,86,300 | 04 महीने | 23.01.2025 |
| 5 | Sr.DEN/IV/UMB के अधिकार क्षेत्र के तहत ADEN/RPJ के अनुभाग में यूएमबी–एलडीएच अनुभाग एल–एक्सिंग नंबर 134–ए/सी और 139 पर के बदले मौजूदा एलएचएस/सबवे पर कवर्ड शेड का प्रावधान। | 1,73,26,830 | 2,36,600 | 04 महीने | 23.01.2025 |
| 6 | एडीईएन/सरहिंद के तहत एसएसई/वर्क्स/नंगलडैम के अनुभाग में 2024–25 के लिए जोन रोपड़ (सहित) से डीएलपीसी (सहित) अनुभाग के तहत कुशल और अकुशल श्रमिकों को काम पर रखने के साथ–साथ स्टाफ क्वार्टर और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी और पेंटिंग। | 99,99,999 | 2,00,000 | 06 महीने | 23.01.2025 |

नोट:–
1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेंन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी हैं।
2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें।
3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें।
4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा।
5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।
खुली निविदा संख्या 53–अम्बाला/2024–25 दिनांक : 31.12.2024 3999/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# सभी जीवन और कर्तव्य पथ पर नव संकल्पों व सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेः गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई ।** नव वर्ष के मौके पर बुधवार को राई हलके के विभिन्न गांवों के सरपंचों ने विधायक कृष्णा गहलावत से उनके निवास स्थान पर भेंट करते हुए उन्हें नव-वर्ष की बधाई दी। इस दौरान विधायक ने सभी उपस्थित लोगों को नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नया वर्ष सभी लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लाए। नए वर्ष में सभी जीवन और कर्तव्य पथ पर सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे



बढ़ें। उन्होंने कहा कि नया वर्ष हमारे जीवन में नई उम्मीदें और सकारात्मक ऊर्जा साथ लेकर आता है। इसी ऊर्जा के साथ हरियाणा सरकार ने बीते 10 साल में हाअंत्योदयह के संकल्प के साथ कई नई जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत की है।


# एक्शन इंडिया
**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**
समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-
**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104
विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वेल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।




# विधानसभा चुनाव: बीजेपी-आप में 'लेटर वार'

## केजरीवाल के भागवत से 4 सवाल, पूछा- भाजपा वोट खरीद रही, आपका समर्थन है?

**वार-पलटवार**

- आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने संघ प्रमुख मोहन भागवत को लेटर लिखा है



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केजरीवाल ने भागवत को 30 दिसंबर को चिट्ठी लिखी थी। हालांकि, इसे जारी अब किया गया है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने संघ प्रमुख मोहन भागवत को लेटर लिखा है। उन्होंने भागवत से 4 सवाल पूछे हैं। केजरीवाल ने पूछा कि भाजपा नेता पैसे बांट रहे हैं। पूर्वांचली और दलित लोगों के नाम कटवाने का भी प्रयास कर रही है। वोट खरीद रही है। क्या संघ को नहीं लगता कि भाजपा लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। इसके जवाब में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सचदेवा ने कहा- आपकी औकात नहीं है कि आप सरसंघचालक से बात भी कर सकें। जब आप कनाडा में आतंकवादियों से पैसा लेते हैं, तो क्या संघ प्रमुख से पूछते हैं? सचदेवा ने कहा- आपने महिला सम्मान योजना के नाम पर पंजाब और दिल्ली की माताओं-बहनों को एक भी पैसा न देकर धोखा दिया, तब आपने किसी से पूछा? आपका काम ही धोखा देना और मुद्दों से ध्यान भटकाना है। केजरीवाल के लेटर के जवाब में सचदेवा ने भी केजरीवाल को लेटर लिखा है। इसमें उन्होंने केजरीवाल से नए साल पर 5 संकल्प लेने को कहा है।

**भाजपा नेताओं पर पैसे बांटने और पूर्वांचलियों के नाम कटवाने के आरोप लगे थे**

आप नेता प्रियंका कक्कड़ ने सोमवार को कहा था कि शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेता विशाल भारद्वाज ने मतदाताओं के नाम हटाने के लिए चुनाव आयोग को आवेदन दिया है। भाजपा दिल्ली में रहने वाले कई पूर्वांचलियों के वोट काटना चाहती है। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि उम्मीद है कि भाजपा इस साल स्वस्थ राजनीति करेगी। वे केजरीवाल की कल्याणकारी योजनाओं जैसे मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी को अपने (भाजपा शासित) 20 राज्यों में भी अपनाएंगे। हमारी नई गारंटी जैसे महिलाओं के लिए 2100 रुपये प्रति माह, बुजुर्गों के लिए मुफ्त इलाज में बाधा नहीं डालेंगे।

### केजरीवाल लोकतंत्र की हत्या करते हैं : सचदेवा

दिल्ली भाजपा चीफ वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल अवैध रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को बसाते हैं। देश को बांटने की बात करके लोकतंत्र और संविधान की हत्या करते हैं। दिल्ली की जनता से उन्हें लूटने के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने दिल्ली और पंजाब की महिलाओं को महिला सम्मान के नाम पर 1 रुपया भी नहीं दिया। सचदेवा ने कहा- मुद्दे को मत भटकाइए और बताइये कि आपने किस तरह से दिल्ली को लूटने का काम किया है। इसके लिए दिल्ली की जनता की तरफ से माफी मांगिए। आप बांग्लादेश से अवैध घुसपैठियों को दिल्ली में रहने देते हैं। क्या आप किसी से पूछते हैं? आप दिन-रात संविधान और लोकतंत्र की हत्या करते हैं। आप देश के टुकड़े करने की बात करते हैं। सचदेवा ने कहा- उम्मीद है कि नए साल में केजरीवाल झूठ बोलना बंद कर देंगे। वे अपने बच्चों की झूठी कसम नहीं खाएंगे। उन्हें शपथ लेनी चाहिए कि वे देश विरोधी ताकतों से चंदा नहीं लेंगे। दिल्ली की जनता से झूठे वादे नहीं करेंगे।

**केजरीवाल ने 3 महीने पहले भी भागवत को चिट्ठी लिखी थी:** केजरीवाल ने भागवत को 3 महीने पहले भी लेटर लिखा था। उन्होंने केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिटायरमेंट तक कई मुद्दों पर सवाल पूछे। केजरीवाल ने लिखा कि वे देश के मौजूदा हालात से बहुत चिंतित हैं।

# 'सीएम का मंदिर तोड़ने वाला बयान साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश'

**निंदा की**

- हेल्थ इन्फॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम' (एचआईएमएस) को लागू ना किये जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा ने मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना के धार्मिक समिति द्वारा मंदिर आदि तोड़ने की उपराज्यपाल को सीधी सिफारिश सम्बन्धी बयान की कड़ी निंदा की है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज यहां एक बयान में कहा कि धार्मिक समिति की अध्यक्षता दिल्ली सरकार के गृह मंत्री करते हैं और मुख्यमंत्री एवं उपराज्यपाल को रिपोर्ट देते हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री बतायें कि क्या उनकी सरकार के गृह विभाग ने ऐसी कोई सिफारिश की है? दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मंदिर तोड़ने सम्बंधी बयान देकर दिल्ली का साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश की है।

दिल्ली वालों को याद है कि 2020 में विधानसभा चुनाव से पूर्व भी इसी तरह आम आदमी पार्टी ने सीएए को लेकर किया था और फिर चुनाव बाद "आआपा" पार्षद के नेतृत्व मे दिल्ली में दंगे हुए थे।



एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा ने संभाली वायु सेना की पश्चिमी कमांड।

# केजरीवाल छल कपट का राजनीतिक व्यवहार छोड़ने का संकल्प लें: भाजपा



**झूठ उजागर**

- पत्र में केजरीवाल को नए साल पर छल कपट का राजनीतिक व्यवहार छोड़ने का संकल्प लेने के लिए कहा।

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने नए साल के पहले दिन बुधवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को एक पत्र पोस्ट किया। उन्होंने पत्र में अरविंद केजरीवाल को नए साल पर छल कपट का राजनीतिक व्यवहार छोड़ने का संकल्प लेने के लिए कहा। वीरेंद्र सचदेवा ने पत्र में अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और कहा कि नए साल के पहले दिन, दिल्ली के लोगों को उम्मीद है कि आप झूठ बोलने और धोखाधड़ी करने की आदत छोड़ देंगे और अपने आप में एक सार्थक बदलाव लाएंगे। साथ ही उन्होंने केजरीवाल से नए साल पर पांच संकल्प लेने की सलाह दी। पहला- आप अपने बच्चों के नाम पर कभी भी झूठी कसमें नहीं खाएंगे। दूसरा- महिलाओं, बुजुर्गों और धार्मिक लोगों से झूठे वादे करना बंद कर देंगे। तीसरा-दिल्ली में शराब को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगेंगे। चौथा- यमुना की सफाई के झूठे आश्वासन और उसके नाम पर किया गये भ्रष्टाचार पर सफाई देंगे और राष्ट्रविरोधी ताकतों से न मिलने और अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए उनसे चंदा न लेने की शपथ लेंगे। वीरेन्द्र सचदेवा ने पत्र के अंत में लिखा है आशा करता हूं कि आप मेरे इन सुझावों को अपनाकर झूठ, छल और कपट से दूरी बना कर स्वंय के जीवन में सार्थक सुधार लायेंगे। ईश्वर आपको सदमार्ग पर चलने की शक्ति दें।

# दिल्ली में बेकरी कारोबारी ने दी जान



**खौफनाक**

- फंदे से लटकता मिला शव, तलाक का केस लड़ रही पत्नी से हुई थी आखिरी बार बात
- दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके में हुई वारदात
- पत्नी से तलाक के केस से परेशान था युवक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** में एक बिजनेसमैन ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला खत्म कर ली। कथित तौर पर उसने अपनी पत्नी से चल रहे तलाक के मामले के बीच आत्महत्या जैसा खौफनाक कदम उठाया है।

**तलाक के केस से परेशान था युवक**

पुलिस के मुताबिक, घटना मंगलवार शाम को दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके में हुई है और मृतक की पहचान पुनीत खुराना के रूप में की गई है। शख्स ने मॉडल टाउन के कल्याण विहार इलाके में अपने ही घर में फांसी लगाकर जान दी है। पुनीत के परिवार का आरोप है कि वह अपनी पत्नी से चल रहे तलाक के मामले से परेशान चल रहा था।

**किस चीज का व्यवसाय करता था पुनीत?**

परिवार के अनुसार, जान देने से पहले पुनीत ने अपनी पत्नी से आखिरी बार फोन पर बात की थी और बातचीत उनके बेकरी व्यवसाय के बारे में थी, जिसमें पुनीत और उनकी पत्नी भागीदार हैं।

**आखिरी बार पत्नी से की थी फोन पर बात**

पुनीत के परिवार ने आरोप लगाया है कि फोन पर बातचीत के दौरान पुनीत की पत्नी ने कहा कि तलाक के मामले के बावजूद वह उसे बिजनेस से अलग नहीं कर सकता। उसे बिजनेस में हिस्सा देना पड़ेगा। जानकारी के अनुसार, दोनों की शादी 2016 में हुई थी। दोनों के बीच फोन पर आखिरी बात जब हुई थी उनके बीच काफी देर तक कारोबारी संपत्ति को लेकर बहस हुई थी। पुलिस ने पुनीत का फोन भी बरामद कर लिया है और इस मामले में उसकी पत्नी से पूछताछ करेगी।

# लोकपाल दिवस पर दिल्ली में 16 को होगा विशेष कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** लोकपाल दिवस के अवसर पर 16 जनवरी को नई दिल्ली में मानेकशॉ सेंटर के जोरावर ऑडिटोरियम में एक विशेष स्मरणोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सीजेआई न्यायमूर्ति संजीव खन्ना बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार विशेष स्मरणोत्सव शाम 6 बजे से शुरू होगा। समारोह के दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन. संतोष हेगड़े और पद्म भूषण अन्ना हजारे को सम्मानित किया जाएगा। सीजेआई लोकपाल की भूमिका और कार्यों तथा आगे की राह आदि बिषयों पर अपने संबोधन में मार्गदर्शन करेंगे। इस कार्यक्रम में सीजेआई के अलावा सुप्रीम कोर्ट के कई न्यायाधीश, हाई कोर्टों के मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीशों, कानूनी सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्षों और सदस्य सचिव, राज्यों के लोकायुक्तों और उप-लोकायुक्तों, जांच एजेंसियों के प्रमुखों, पीएसयू तथा सार्वजनिक बैंकों के सीईओ, विधि अधिकारी और सीवीओ आदि शामिल होंगे।

**सम्मान**

- अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, एन. संतोष हेगड़े और पद्म भूषण अन्ना हजारे को सम्मानित किया जाएगा

उल्लेखनीय है कि भारत के लोकपाल ने 14 मार्च 2024 की बैठक में संकल्प के अनुसार प्रत्येक वर्ष 16 जनवरी को 'लोकपाल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। न्यायमूर्ति एएम खानविलकर को भारत के लोकपाल के दूसरे अध्यक्ष के रूप में 10 मार्च 2024 को पद की शपथ दिलाई गई। वर्तमान में मार्च 2024 से निकाय में अध्यक्ष और छह सदस्य हैं।

# जनकपुरी विधानसभा सीट: इस बार किसके सिर सजेगा विधायक का ताज?



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: जनकपुरी** विधानसभा क्षेत्र को इस बार विधायक के पद पर नया चेहरा देखने को मिले, इसके पूरे आसार हैं। पिछले करीब ढाई दशक की बात करें तो इस सीट से लगातार पांच बार भाजपा के प्रो जगदीश मुखी विधायक रहे। इसके बाद इस सीट से लगातार दो बार आम आदमी पार्टी से राजेश ऋषि विधायक रहे। आप ने इस सीट पर इस बार राजेश ऋषि के बजाय प्रवीण कुमार को मैदान में उतारा है। विधायक के पद के लिए प्रवीण कुमार पहली बार मैदान में हैं। उधर प्रो जगदीश मुखी अब सक्रिय राजनीति से दूर हैं। बुजुर्ग हो चुके हैं, ऐसे में इस सीट पर भाजपा भी किसी नए चेहरे को प्रत्याशी बनाएगी। टिकट की दौड़ में वरिष्ठ नेता आशीष सूद से लेकर पूर्व महापौर नरेंद्र चावला सहित अनेक नाम हैं।

**हार के बावजूद 2015 के मुकाबले 2020 में भाजपा हुई मजबूत**

वर्ष 2015 में इस सीट पर मुकाबला राजेश ऋषि बनाम प्रो जगदीश मुखी था। राजेश ऋषि को 57.72 प्रतिशत मिले वहीं प्रो जगदीश मुखी को 37.15 प्रतिशत मिले। लेकिन इसके अगली बार जब 2020 में विधानसभा चुनाव हुए तो बाजी आप के हाथ लगी। लेकिन इसे मिला मत प्रतिशत पिछली बार के मुकाबले कम हो गया।

राजेश ऋषि को 54.43 प्रतिशत मत मिले। वहीं इनके प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार भाजपा के आशीष सूद को 42.48 प्रतिशत मत मिला। यानि भाजपा ने इस सीट पर मत प्रतिशत बढ़ाए।

# दिल्ली के 1675 परिवारों को मिलेगा नए साल का तोहफा, पीएम मोदी सौंपेंगे मकान की चाबी

**तोहफा**

- तीन तारीख को पीएम 5 भाग्यशाली लोगों को खुद देंगे चाबी, जेलरवाला बाग के फ्लैटों का करेंगे मुआयना



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: 'जहां** झुग्गी वहीं मकान' योजना के तहत 1675 परिवारों के लिए नए और पक्के मकान का सपना नए साल में पूरा होने जा रहा है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने उत्तरी दिल्ली के अशोक विहार स्थित जेलरवाला बाग में निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का कब्जा पात्र लोगों को सौंप दिया जाएगा।

**पहले फ्लैटों का मुआयना करेंगे पीएम मोदी**

राजनिवास से प्राप्त जानकारी के मुताबिक तीन जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों इस कार्य को अंजाम दिया जाएगा। पहले मोदी इन फ्लैटों का मुआयना करेंगे। फिर अशोक विहार के रामलीला मैदान में एक समारोह के दौरान पांच भाग्यशाली आवंटियों को उनके सपनों के घर की चाबी सौंपेंगे।

**कितनी है प्रति फ्लैट का निर्माण लागत?**

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन भी होगा। दिल्ली विकास प्राधिकरण का कहना है कि प्रति फ्लैट का निर्माण लागत 25 लाख रुपये है। पात्र लाभार्थी से मात्र 1.41 लाख रुपये लिए गए हैं। इन फ्लैटों में सभी आधुनिक सामाजिक और भौतिक सुविधाएं, सामुदायिक सुविधाएं, सीवेज शोधन व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल आदि की सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

**ड्रा के माध्यम से किए गए फ्लैट आवंटित**

उपराज्यपाल ने जेलरवाला बाग परियोजना के निरीक्षण और उसके बाद की समीक्षा बैठकों में इसे जल्द पूरा करने का निर्देश दिए थे। डीडीए उपाध्यक्ष से अनुमति मिलने के बाद ड्रा के माध्यम से फ्लैट आवंटित किए गए हैं। कुल आवंटित 1396 फ्लैटों में से 1078 फ्लैट जेलरवाला बाग जेजे क्लस्टर के पात्र झुग्गीवासियों को और 318 फ्लैट इसके पांच किलोमीटर के दायरे में स्थित गोल्डन पार्क रामपुरा और अशोक विहार में माता जय कौर पब्लिक स्कूल के सामने जेजे क्लस्टर के परिवारों को आवंटित किए गए हैं।

**पीएम मोदी ने 2022 में सौंपी थी 3024 फ्लैट की चाबी**

इससे पहले नवंबर, 2022 में प्रधानमंत्री ने कालकाजी में पात्र झुग्गीवासियों को 3024 आधुनिक ईडब्ल्यूएस फ्लैट सौंपे थे।



# नई उम्मीदों, संकल्पों के साथ बढ़ें आगे: राज्यपाल

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने नववर्ष के पावन अवसर पर श्री माता मनसा देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की आर्थिक खुशहाली और समृद्धि की कामना की। उन्होंने प्रदेश की जनता को नए साल की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने माता मनसा देवी के चरणों में पूजा अर्चना की और कहा कि हरियाणा प्रदेश आर्थिक व सामाजिक क्षेत्र के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में अभूतपूर्व तरक्की करे और नई उम्मीदों और संकल्पों के साथ आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि नए साल पर हरियाणा सरकार राज्य में नवीनतम कार्य करने का संकल्प लें और विशेष कर कृषि, सिंचाई, स्वरोजगार क्षेत्र में भी प्रगति करें ताकि प्रदेश का हर युवा नई सोच और उमंग के साथ आगे बढ़ सके। इस लक्ष्य को लेकर चलने से नागरिकों में भी आर्थिक



खुशहाली का दौर आएगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि नए साल पर हम यह प्रण लें कि किसान एवं गरीब लोगों के उत्थान के लिए कार्य करें ताकि उनका सामाजिक एवं आर्थिक जीवन स्तर बढे और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर सुलभ हों। किसान देश का अन्नदाता है, किसान हितों के लिए कार्य करना प्रदेश व देश में आर्थिक सफलता के द्वार खोलना है। श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। भारत की विश्व स्तर पर आर्थिक क्षेत्र में अद्वितीय वृद्धि सुनिश्चित हो और आम नागरिकों की इसमें अहम भागीदारी की मंगलकामना करते हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी जनता के हितार्थ और आपसी सौहार्द एवं भाईचारे की प्रबल भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि नए साल में विशेषकर कृषि क्षेत्र का संकल्प किसानों की उन्नति के द्वार खोलेगा और इससे हर नागरिक के जीवन में समृद्धि और खुशहाली का दौर आएगा। इस अवसर पर लेडी गवर्नर बंडारू वसंथा, बी विजयलक्ष्मी, वेदनशी, यशोधरा, बंडारू शिव शंकर, आकाश बंडारू, मिथिलेश बंडारू, बंडारू दिनेश, विनोद, आरूश, श्रेष्ठ, श्रेयस, अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव, डीसीपी हिमाद्री कौशिक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक बंसल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## संशोधित सी ई टी नीति पर अधिसूचना जारी

**हरियाणा** सरकार ने हाल में कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट नीति को संशोधित करने के बाद इस संशोधित नीति पर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। अब जल्द ही प्रदेश के युवा सीईटी परीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे। संशोधित नीति में सामाजिक और आर्थिक आधार पर पांच अंक देने का प्रावधान हटा दिया गया है। साथ ही रिक्त पदों के दस गुना अभ्यर्थी भर्ती परीक्षा में बुलाने का प्रावधान किया गया है एक बार सी ई टी पास कर लेने पर वह तीन वर्ष मान्य होगी।

सीईटी परीक्षा 3 साल के लिए मान्य रहेगी। नोटिफिकेशन के तहत अब सामाजिक और आर्थिक आधार पर पांच अंक नहीं दिए जाएंगे। ग्रुप-सी सीईटी परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थी हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की पोर्टल से अपना परिणाम भी देख सकेंगे। फीस के लिए स्टैंडर्ड 1000 रुपए रखे गए हैं।

हरियाणा सीईटी परीक्षा नीति में संशोधन को पहले ही हरियाणा कैबिनेट ने मंजूरी दे दी थी जिसके तहत अभ्यर्थियों को सामाजिक-आर्थिक मानदंडों पर 5 बोनस अंक को शामिल नहीं किया गया।पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के 31 मई 2024 के आदेश में सामाजिक आर्थिक आधार पर दिए जाने वाले पांच अंकों को असंवैधानिक ठहराया गया था। इसके बाद सी ई टी नीति में संशोधन को नायब सैनी कैबिनेट ने मंजूरी दी थी। हरियाणा सीईटी संशोधन ग्रुप सी और डी के पदों पर भर्ती के लिए लागू है। नई नीति के अनुसार अब रिक्त पदों के अनुपात में दस गुना शॉर्ट लिस्टेड अभ्यर्थी परीक्षा के लिए बुलाए जाएंगे विपक्ष पहले ही सभी सीईटी पास अभ्यर्थियों को भर्ती परीक्षा में शामिल करने की मांग कर रहा था।

## 9 सेवाएं सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की 9 सेवाओं को सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में शामिल किया गया है। मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी द्वारा इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार पानी/सीवर का डुप्लीकेट बिल तीन दिन के भीतर जारी किया जाएगा। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जलापूर्ति कनैक्शन और सीवरेज कनैक्शन सात दिन के अन्दर जारी करना होगा। इसी प्रकार, पानी का रिसाव, पाइप ओवरफ्लो तथा सीवरेज में ब्लॉकेज या मेनहोल से ओवरफ्लो को भी सात दिनों में ठीक किया जाएगा। पम्पिंग मशीनरी, इलेक्ट्रिक वायरिंग, वितरण प्रणाली आदि में खराबी जैसी छोटी-मोटी समस्याओं के कारण जलापूर्ति बहाली तीन दिनों में की जाएगी। कच्चे पानी की कमी, ट्रांसफार्मर जलना, एच.टी./एल.टी. लाइनों में खराबी आदि बड़ी समस्याओं के चलते जलापूर्ति बहाली छः दिनों में जबकि ट्रांसफार्मर जलना, बिजली की दूसरी बाधाएं, जो जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा ठीक की जानी है, आदि के कारण जलापूर्ति में बड़ी बाधाओं को 10 दिनों में ठीक किया जाएगा। खुदाई के उपरान्त पाइपलाइन बिछाने सहित टूटी हुई सड़क को वाहन चलाने योग्य स्थिति में 30 दिन के अन्दर बहाल किया जाएगा। इन सेवाओं के लिए विभाग के सम्बन्धित उप-मंडल अभियंता को पदनामित अधिकारी नामित किया गया है। शिकायत निवारण के लिए सम्बन्धित कार्यकारी अभियंता को प्रथम शिकायत निवारण अधिकारी जबकि सम्बन्धित अधीक्षण अभियंता को द्वितीय शिकायत निवारण अधिकारी बनाया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### जींद से अमेरिका भेजने के नाम पर 15 लाख, 2500 यूरो तथा 1500 डॉलर की राशि ठगी

टीम एक्शन इंडिया

**जींद:** जींद जिले की सफीदों पुलिस ने वर्क वीजा पर अमेरिका भेजने का झांसा देकर 15 लाख रुपये, 2500 यूरो तथा 1500 डॉलर हडपने पर बाप बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। राहडा मोहल्ला निवासी संजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सीमेंट, बजरी की दुकान है। जहां सफीदों के इशु तथा उसका पिता संजय शर्मा आते-जाते रहे हैं। संजय शर्मा पिछले दो साल से अमेरीका में रह रहा है। इशु ने कहा कि उसका पिता अमेरिका में अच्छी कमाई कर रहा है। वह उसके बेटे को वर्क वीजा पर नंबर एक में अमेरीका भेज कर उसे काम दिलवा देंगे। जिसकी एवज में 42 लाख रुपये की डिमांड की गई। इशु ने अपने पिता संजय शर्मा से बात करवाई। आरोपित ने उन्हें पक्का विश्वास दिलाया। जिसमें 15 लाख रुपये एयर में बैठने तथा बकाया राशि अमेरिका पहुंचने के बाद देने को कहा। अगस्त 2024 में आरोपितों का 15 लाख रुपये दे दिए गए। सितंबर माह में आरोपित ने कहा कि बेटे का वीजा लग गया है। आरोपित ने दो लाख 70 हजार रुपये विदेशी करेंसी के नाम पर लेकर 2500 हजार यूरो तथा 1500 डॉलर दे दिए गए। छह सितंबर 2024 को उसका बेटा दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंच गया। एयरपोर्ट में चेक इन से पहले फोन कर उसे बाहर बुला लिया गया। जिस पर उसके बेटे को बताया गया कि तकनीकी कारणों से टिकट रद्द हो गया है। अब कुछ दिन दिल्ली इंतजार करना पड़ेगा। आरोपित इशु ने यूरो, डॉलर तथा उसके बेटे के पासपोर्ट को अपने कब्जे में ले लिया। बावजूद उसके बेटे को अमेरीका नही भेजा गया। जब उसने रुपये वापस लौटाने के लिए कहा तो आरोपित ने राशि लौटाने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

### घरौंडा एसडीएम का रीडर रिश्वत लेते गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़। हरियाणा** एंटी करप्शन ब्यूरो की करनाल टीम ने मंगलवार देर शाम करनाल जिले के घरौंडा एसडीएम के रीडर अशोक कुमार को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपित रीडर ने एक मामले में पैरोल रिहाई आदेश की प्रति उपलब्ध करवाने के बदले रिश्वत मांगी थी। एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि एसीबी की टीम को इस बारे में एक शिकायत प्राप्त हुई। शिकायतकर्ता ने बताया कि अशोक कुमार घरौंडा एसडीएम कार्यालय में रीडर के पद पर कार्यरत है। आरोपित रीडर ने शिकायतकर्ता के दोस्त के पिता की पैरोल रिहाई आदेशों की प्रति उपलब्ध करवाने के बदले में चार हजार की रिश्वत मांगी जा रही थी। मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए योजना बनाई। उसने शिकायतकर्ता से चार हजार रुपये की रिश्वत ली और एसीबी की टीम को देख अपनी गाड़ी में भाग निकला। टीम ने आरोपी का पीछा किया और उसे गाड़ी सहित ताकिया मार्केट से पकड़ लिया। इस बीच आरोपित ने रिश्वत की रकम से एक हजार रुपये गंदे नाले में फेंक दिए। जिसके बाद कार्यवाही में शामिल टीम को रिश्वत की बाकी के तीन हजार रुपये की रकम के साथ आरोपित को पकड़ लिया। इस मामले में सभी आवश्यक सबूत जुटाते हुए जांच की जा रही है। आरोपित के खिलाफ करनाल के एंटी करप्शन ब्यूरो पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तारी की गई है।

### नए साल में जनता से किए गए वायदों को पूरा करने का संकल्प ले भाजपा सरकार: सैलजा

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने प्रदेश और देशवासियों को नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नववर्ष में प्रदेश की भाजपा सरकार को जनता से किए गए वायदों को पूरा करने का संकल्प लेना चाहिए। प्रदेश के अधिकतर जिलों में यातायात, पेयजल, सीवर, कचरा प्रबंधन और सड़कों की स्थिति दयनीय है, सबसे पहले सरकार को इन समस्याओं के समाधान की ओर ध्यान देना चाहिए। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार जिसे झूठी घोषणाएं करने वाली जुमलेबाज सरकार भी कहा जाता है वायदे तो बहुत करती है पर सत्ता में आने के बाद वायदा भूल जाती है। प्रदेश का किसान एमएसपी और अन्य मांगों को लेकर आज भी धरनारत है, स्वयं को किसान हितेषी होने का दावा करने वाली भाजपा सरकार ने किसानों से कुछ वायदे कर उनका धरना समाप्त करवाया था पर सरकार किसानों से किया गया अपना वायदा आज तक पूरा नहीं कर सकी आज भी किसान धरनारत है आंदोलनरत है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को एमएसपी को कानूनी दर्जा देना चाहिए। वर्ष में सरकार अपना यह वायदा पूरा कर सरकार किसानों को नववर्ष का तोहफा दे सकती है।

## कॉलेज जाने वाले बच्चे को एडवांस में स्कॉलरशिप दे सरकार: सुशील

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने लोहारू के एक गांव में छात्रा के आत्महत्या के मुद्दे पर बीजेपी सरकार को घेरा। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा ये बेहद ही दुखद खबर है कि एक बेटी को कॉलेज की फीस न भर पाने के कारण पेपर से वंचित होकर आत्महत्या करनी पड़ी। उन्होंने हरियाणा सरकार से कहा पहले कानून था कि दलित बच्चे की स्कॉलरशिप सीधे स्कूल और कॉलेज में आती थी और बच्चे को फीस नहीं देनी पड़ती थी। फिर बीजेपी सरकार ने कानून बनाया कि छात्र पहले कॉलेज में फीस देगा उसके बाद सरकार उसकी फीस को वापस कर देगी। लेकिन सरकार दो तीन साल तक फीस वापस नहीं करती। जिस कारण दलित बच्चे या तो शिक्षा से वंचित हो जाते हैं या इस बच्ची की तरह आत्महत्या कर लेते हैं। उन्होंने कहा ये जांच का विषय है कि आरोप क्या है, लेकिन पीड़ित परिवार जो कहता है उसको समझ कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और हरियाणा सरकार को अपने सिस्टम को दुरुस्त करना चाहिए। जो बच्चा कॉलेज जाता है उसको एडवांस में देनी चाहिए। जब सरकार को फीस देनी ही है तो दो तीन साल तक क्यों लटकाते हैं।

## जन जन के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है सरकार: राजेश

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर ने आज फरीदाबाद के तिगांव में कोराली मोड़, तिगांव से वाया बदरौला, कोराली, अटाली तक जाने वाली सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस सड़क के निर्माण पर लागत लगभग आठ करोड़ रुपए राशि की लागत का खर्चा आएगा। खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री श्री राजेश नागर ने कहा कि बहुत समय से नागरिकों की ओर से इस सड़क को बनवाने की मांग की जा रही थी। इस अवसर पर उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। यह सड़क तिगांव से बदरौला, कोराली,



अटाली, केएमपी और नोएडा जाने वाले नागरिकों को बहुत बड़ी राहत प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि आज सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है और जल्द से जल्द सड़क निर्माण को पूर्ण कर लिया जाएगा। इस सड़क के बन जाने से नागरिकों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी साथ ही समय की बचत भी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पारदर्शिता और ईमानदारी तथा नेक नीति को लेकर हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के हर वर्ग को साथ लेकर चलेगी और

**निर्माण कार्य**

▶ सड़क के निर्माण पर लागत लगभग आठ करोड़ रुपए राशि की लागत का खर्चा आएगा

समाज के अंतिम व्यक्ति को लेकर जनकल्याणकारी नीतियों को अमलीजामा पहनाएगी। श्री नागर ने कहा कि विकास कार्यों के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि आमजन की मूलभूत सुविधाओं के लिए होने वाले विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से आज बुधवार को राजभवन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिष्टाचार मुलाकात कर नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान कीं। राज्यपाल ने भी मुख्यमंत्री के सुखी एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

## कैथल में ट्रक व पिकअप की टक्कर में एक की मौत, 16 घायल

टीम एक्शन इंडिया

**कैथल।** नए साल की सुबह कलायत के गांव बाता और कैलरम के पास एक पिकअप सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 16 लोग घायल हो गए। घायलों को कैथल के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा पिकअप चालक को नींद आने के कारण हुआ है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जिला कुरुक्षेत्र के गांव बोड़ा से 17 श्रद्धालु राजस्थान स्थित गोगामेड़ी में माथा टेक कर पिकअप से वापस लौट रहे थे।

## परिवहन विभाग से मनोहर नीति की विदाई

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने अपने विभाग से मनोहर नीति की विदाई का ऐलान कर दिया है।विज ने कहा कि परिवहन विभाग में नियुक्त सभी पुलिस अफसरों को हटाया जाएगा। पिछली मनोहर लाल खट्टर सरकार ने परिवहन विभाग में आई पी एस अफसर नियुक्त किए थे। अब मनोहर लाल केंद्र में ऊर्जा और शहरी आवास मंत्री है। परिवहन मंत्री अनिल विज ने मनोहर सरकार के दौरान नियुक्त पुलिस अधिकारियों को एक क्रम में हटाना शुरू किया है। अभी तक वे आई पी एस और इंस्पेक्टर को हटाए गए हैं। अब पुलिस उप अधीक्षकों की बारी है। परिवहन विभाग से पुलिस अधिकारी हटाने के पीछे अनिल विज की दलील है कि सिविल और पुलिस अधिकारियों प्रशिक्षण अलग-अलग होता है। पुलिस और सिविल स्टाफ को अपने-अपने विभाग में ड्यूटी करनी चाहिए, लेकिन कुछ लोग तिकड़म करके सिविल पदों पर आ गए। विज ने कहा कि वे सिस्टम को नहीं समझते। इसलिए, मैंने पत्र लिखकर कहा कि यह ठीक नहीं है। जिसके बाद उन्हें हटाया जा रहा है। कुछ को हटाया गया है और कुछ को हटाया जाएगा। परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार की शिकायत आने के बाद खट्टर सरकार में आर टी ए के पदों पर गैर एच सी एस अफसरों की तैनाती की योजना तैयार की थी। यह फैसला तब लिया गया, जब विजिलेंस ब्यूरो ने आर टी ए के पदों पर नियुक्त कई एच सी एस अफसरों को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया था। उस वक्त परिवहन विभाग की कमान वरिष्ठ आई पी एस शत्रुजीत कपूर के जिम्मे थी। इसलिए, कपूर ने नया प्रयोग करते हुए आर टी ए के पदों पर एच सी एस के अलावा एच पी एस व अन्य महकमों के प्रथम श्रेणी अफसरों की तैनाती की थी। यही नहीं, मोटर व्हीकल अफसर के पदों पर पुलिस इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर की तैनाती की गई थी। खट्टर अब केंद्रीय मंत्री बन चुके हैं। वहीं अनिल विज को प्रदेश की तीसरी भाजपा सरकार में परिवहन मंत्रालय मिला है। अनिल विज के परिवहन मंत्री बनते ही रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी व अन्य पदों पर तैनात पुलिस अफसरों व कर्मियों को हटाने की कवायद शुरू की गई है। पहली चरण में मोटर व्हीकल अफसर के पर पर तैनात पुलिस इंस्पेक्टरों को हटाया गया है। अब विभागीय कर्मियों की ही तैनाती की जा रही है। आर टी ए के पदों पर एच सी एस अफसरों को तैनात करने की तैयारी है।

## हत्या करने वाला 20 हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

**गुरुग्राम।** जमीनी विवाद में एक व्यक्ति की हत्या करने के मामले में पुलिस ने 20 हजार रुपये के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि आरोपी को सोहना-बल्लभगढ़ रोड से काबू किया गया है। जानकारी के अनुसार 23 अक्टूबर 2022 को थाना शहर सोहना में एक सूचना बिजेंद्र निवासी गांव लाखुवास जिला गुरुग्राम को चोट लगने से अस्पताल में भर्ती होने को लेकर मिली। इस सूचना पर पुलिस टीम अस्पताल पहुंची। अस्पताल में पता चला कि घायल को हायर



सेंटर में ईलाज के लिए रेफर किया गया है। पुलिस टीम द्वारा घायल के परिजनों से संपर्क किया गया। जिन्होंने बताया कि बिजेन्द्र को ईलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल दिल्ली ले जाया गया है। घायल बिजेन्द्र की बहन ने पुलिस टीम को लिखित शिकायत देकर कहा कि 23 अक्टूबर 2024 को उसका भाई बिजेन्द्र खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान वहां पर कुछ व्यक्ति आए तथा उसके भाई को गोली मार दी। शिकायत पर थाना शहर सोहना में केस दर्ज करके जांच शुरू की। इस केस में पीड़ित/घायल बिजेन्द्र की ईलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस टीम द्वारा इस केस में हत्या से संबंधित धारा जोड़ी गई। अपराध शाखा सोहना इंचार्ज उप-निरीक्षक सत्यप्रकाश की पुलिस टीम ने फरार चल रहे 20 हजार रुपये के ईनामी आरोपी को 31 दिसंबर 2024 को सोहना-बल्लभगढ़ रोड से काबू करके गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान धीरेन्द्र निवासी गांव लाखुवास जिला गुरुग्राम के रूप में हुई। आरोपी से पुलिस पूछताछ में पता चला है कि इस केस में मृतक व उसका जमीन को लेकर विवाद था।

## छत से धक्का देकर पत्नी की हत्या करने के आरोपी पति सहित तीन गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

**गुरुग्राम।** छत से धक्का पत्नी की हत्या करने के मामले में आरोपी पति समेत पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पति ने इस घटना को अंजाम घरेलू कलह के चलते दिया था। पुलिस हिरासत में पूछताछ में आरोपी ने इस बात का खुलासा किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार 30 दिसंबर को थाना सेक्टर-5 पुलिस को रितु नामक महिला को मृत अवस्था में अस्पताल लाने की सूचना अस्पताल की ओर से दी गई। सूचना पाकर थाना सेक्टर-5 की पुलिस टीम हॉस्पिटल पहुंची तथा शव का निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची तथा सीन-ऑफ-क्राइम व फिंगरप्रिंट की पुलिस टीमों से घटनास्थल का निरीक्षण करवाया गया। मृतका के भाई ने पुलिस टीम को लिखित शिकायत देकर कहा कि उसकी बहन रितु की शादी वर्ष-2007 में रोहित निवासी गुडगांव गांव से हुई थी। 30 दिसंबर 2024 को उनको सूचना मिली की उनकी बहन छत से गिर गई है, जिस कारण उसकी मृत्यु हो गई है। भाई ने आरोप लगाया कि उसकी बहन के पति रोहित ने अपने परिजनों के साथ मिलकर उसकी बहन को नीचे फेंका है, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इस शिकायत पर थाना सेक्टर-5 गुरुग्राम में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। पुलिस थाना सेक्टर-5 की पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए इस मामले में तीन आरोपियों को काबू किया। आरोपियों की पहचान रोहित (पति), राजबीर व कांता सभी निवासी गुडगांव गांव के रूप में हुई है। आरोपी रोहित व राजबीर को 31 दिसंबर 2024 को गुरुग्राम से तथा आरोपी कांता को एक जनवरी 2025 को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया।

## खांडसा अनाज मंडी में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान

टीम एक्शन इंडिया

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम ने बुधवार को खांडसा अनाज मंडी में एक व्यापक सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधि का आयोजन किया। इसका उद्देश्य कचरे के स्रोत पर ही वर्गीकरण को बढ़ावा देना, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करना और डस्टबिन के सही उपयोग को प्रोत्साहित करना रहा। यह पहल निगम आयुक्त अशोक कुमार गर्ग और संयुक्त आयुक्त अखिलेश कुमार यादव के निर्देशन में स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत आयोजित की गई। नगर निगम द्वारा नियुक्त सिटी सपोर्ट यूनिट, आईसीयूसी कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नेतृत्व में सत्र का आयोजन किया



गया। इस कार्यक्रम में लगभग 300 विक्रेताओं ने भाग लिया। विशेषज्ञों में डॉ. राकेश भट्ट, डॉ. हेमलता सहल, जितेंद्र खटवालिया, सागर नेहरा, सुरभि राठौर और मोहम्मद आमिर के साथ निगम के 10 वार्ड प्रभारी शामिल थे। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। अभियान के तहत मंडी में जगह-जगह आकर्षक बैनर लगाए गए, जो विक्रेताओं और ग्राहकों को सतत प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे थे। विक्रेताओं को पर्यावरण के अनुकूल बैग का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जबकि ग्राहकों को खरीदारी के दौरान अपने स्वयं के फिर से उपयोग योग्य बैग लाने की याद दिलाई गई। निगम अधिकारियों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करते पाए जाने वाले विक्रेताओं पर जुर्माना लगाने की भी घोषणा की। कार्यक्रम को और प्रभावशाली बनाने के लिए, टीम ने मंडी में एक मार्च का आयोजन किया। इस मार्च में विक्रेता और नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। उन्होंने प्लेकार्ड लेकर और नारे लगाकर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ जागरुकता फैलाई। इस मार्च ने सतत कचरा प्रबंधन के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया और अभियान के संदेश को मजबूती से फैलाया। यह पहल हरियाणा सरकार के कचरे के स्रोत पर वर्गीकरण, डस्टबिन के सही उपयोग और सिंगल यूज प्लास्टिक के उन्मूलन के निर्देशों के अनुरूप है। निगम के इन प्रयासों का उद्देश्य गुरुग्राम के समुदायों के बीच जागरुकता बढ़ाना और सतत प्रथाओं को बढ़ावा देना है। ऐसे अभियान गुरुग्राम को स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए एक आदर्श शहर बनने की दिशा में आगे ले जा रहे हैं।

# नशे से दूर करने के लिए किया जागरूक- एसीपी जीत सिंह बेनीवाल

## नशे से दूर करने के लिए किया जागरूक- एसीपी जीत सिंह बेनीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी -**

**खरखौदा** सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा बुधवार को विलेज टूर कर फरमाणा व उसके आसपास के गांव में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित किया गया। वही इसी दौरान डायल 112 के बारे भी किया युवाओं को जागरूक कर क्षेत्र के सरपंचों से गाँव में ठीकरी पहरा लगाने हेतु भी की चर्चा। पुलिस आयुक्त, सोनीपत के निदेर्शानुसार सहायक पुलिस आयुक्त खरखौदा, जीत सिंह, प्रबंधक अफसर थाना खरखौदा निरीक्षक बीर सिंह व इंचार्ज चौकी फरमाणा उप निरीक्षक रविदास ने गाँव के दौरे के दौरान गाँव फरमाणा व नजदीकी गाँव के




सरपंचों, गणमान्य नागरिकों और युवाओं से भेंट की। इस सम्बन्ध मे सहायक पुलिस आयुक्त खरखौदा, जीत सिंह ने गाँवों को नशा मुक्त करने बारे सहयोग मांगा और कोई भी नशा तस्कर आपके क्षेत्र में नशा सप्लाई करता है उसके बारे में तुरंत पुलिस को सूचना दें के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान एसीपी खरखौदा, जीत सिंह, थाना प्रभारी खरखौदा व चौकी इंचार्ज, फरमाना ने अपना मोबाइल नम्बर दिया, और कहा कि नशा तस्कर या अन्य अपराधिक गतिविधियों में शामिल क्रिमिनल की सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा व उसे उचित ईनाम भी दिया जाएगा। तथा गांव

**टेक्निकल**

**अच्छी ट्रेड में डिप्लोमा लो ताकि भविष्य में आईएमटी या अन्य कंपनियों में आपको रोजगार मिल सके**

फरमाना और नजदीकी गांव के सरपंचो को एसीपी ने कहा कि सर्दी का मौसम चल रहा। इस मौसम में लोग घर के अंदर सोते है जिस कारण चोर सक्रिय हो जाते है व कीमती वस्तुएं जैसे ट्रैक्टर,खेती के अन्य औजार, पशु आदि कीमती सामान पर चोरों की नजर रहती है इसलिए आप लोग प्रत्येक गांव में ठीकरी पहरा लगाओ। और कोई संदिग्ध घूमता मिले तो तुरंत 112 पर कॉल करें या नजदीकी पीसीआर/थाना को कॉल करो।इसके अतिरिक्त सहायक पुलिस आयुक्त ने गाँव फरमाणा में ही गाँव वासियों द्वारा बनाई गई लाइब्रेरी का भ्रमण किया और वहाँ उपस्थित बच्चों से बातचीत की और उनको कहा कि आपके क्षेत्र में आईएमटी प्लांट लग गया है और थोड़े समय में चालू हो जाएगा। इस प्लांट में टेक्निकल पद बहुत ज्यादा होंगे इसलिए आप या आपके भाई बहन पड़ोस में रहने वाले बच्चो को जो तकनीकी शिक्षा में रुचि रखते है उनको आईटीआई में दाखिला करवाओ और अच्छी ट्रेड में डिप्लोमा लो ताकि भविष्य में आईएमटी या अन्य कंपनियों में आपको रोजगार मिल सके।

# संगठन की मजबूती में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम : योगेन्द्र राणा

**संगठनात्मक**

**सभी 22 जिलों में संगठन खड़ा करने के लिए जिला चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के साथ अब संगठनात्मक चुनाव की तैयारी में जुट गई है। सभी 22 जिलों में संगठन खड़ा करने के लिए जिला चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो संगठन चुनाव की प्रक्रिया को पूरा कराएंगे।
इसी कडी में पार्टी को संगठनात्मक दृष्टि से मजबूती प्रदान करने एवं पार्टी के संगठन चुनावों को लेकर असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने असंध विधानसभा के चारों मंडल असंध, बल्ला, जलमाना, जुंडला के सभी कार्यकताओं के साथ



संगठनात्मक बैठक की।
इस संगठनात्मक बैठक में हरियाणा सरकार में पूर्व चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, जिला उपाध्यक्ष संजय राणा, जिला सचिव गुरबक्शीश सिंह, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता बृज टक्कर, सुरेश जलमाना, असंध मंडल अध्यक्ष राम अवतार जिंदल, बल्ला मंडल अध्यक्ष अमित राणा, जुंडला मंडल अध्यक्ष नरेंद्र नरवाल, जलमाना मंडल अध्यक्ष बलकार सिंह, सहित पार्टी के सभी ज्येष्ठ और श्रेष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।
विधायक योगेन्द्र राणा ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकताओं की बदौलत संगठनात्मक दृष्टि से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है।
पार्टी ने कई उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन प्रतिबद्ध कार्यकताओं के दम पर आज वह न सिर्फ विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, बल्कि कभी दो सांसदों पर सिमटी भाजपा के आज देश में सबसे ज्यादा निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं की भूमिका को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भाजपा की सफलता उनके समर्पण और मेहनत के कारण ही संभव हो पाई है।

# घरौंडा एसडीएम का रीडर रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के कस्बा घरौंडा में एंटी करप्शन ब्यूरो ने एसडीएम के रीडर अशोक कुमार को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। हालांकि आरोपी ने भागने का भी प्रयास किया, लेकिन एसीबी ने उसे दबोच लिया।
आरोपी ने पैरोल रिहाई आदेश की कॉपी देने के बदले रिश्वत मांगी थी।
बीती देर शाम छापेमारी के दौरान 3 हजार रुपए बरामद हुए, जबकि 1 हजार रुपए आरोपी ने छुपा दिए। आरोपी अशोक कुमार कैथल जिले का रहने वाला है। इससे पहले वह करनाल के आरटीआई विभाग में कार्यरत था। करीब 20 दिन पहले ही उसकी नियुक्ति घरौंडा एसडीएम कार्यालय में हुई थी। एसीबी के अनुसार शिकायतकर्ता को अपनी पैरोल रिहाई के आदेश की कॉपी निकलवानी थी। जब वह एसडीएम कार्यालय में रीडर अशोक कुमार के पास पहुंचा तो उसने 4 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसीबी को की।
शिकायत के आधार पर एसीबी ने कार्रवाई की योजना बनाई और पीड़ित को पाउडर लगे नोट दिए। मंगलवार को एसीबी की टीम घरौंडा एसडीएम कार्यालय पहुंची। टीम ने सिविल ड्रेस में अपनी-



**प्रकाश डाला**

~~जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला द्वारा प्रदान की गई विभिन्न सेवाओ पर प्रकाश डाला~~

अपनी पोजीशन संभाल ली। जैसे ही शिकायतकर्ता ने शाम को रीडर को पैसे दिए, एसीबी ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। छापेमारी के दौरान 3 हजार रुपए बरामद हुए, जबकि एक हजार रुपए आरोपी ने छुपा दिए। आरोपी को सवा छह बजे हिरासत में लेकर करनाल ले जाया गया।
घरौंडा एसडीएम कार्यालय में भ्रष्टाचार का इतिहास पुराना है। सितंबर 2022 में तहसीलदार निखिल सिंगला और उनके रीडर गुलशन को भी एसीबी ने गिरफ्तार किया था। उस समय शिकायतकर्ता से जमीन की गिरदावरी ठीक

# युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं डॉ. अशोक कुमार

**जागरू किया**

~~सेवा आश्रम योजना के तहत अकेले रह रहे बुजुर्गों की सेवा आश्रमों में की जाएगी रहने की व्यवस्था~~

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता शतकवीर पर्यावरण प्रहरी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रांगण में नववर्ष पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के




सचिव कुलबीर सिंह मलिक मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हुए थे। हरियाणा प्रशासनिक सेवा 2024 बैच के 7 अधिकारी इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंचे और उन्होंने भी रक्तदान किया।
मुख्य अतिथि कुलबीर सिंह मलिक ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया। शिविर संयोजक पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने शिविर में 174वीं बार रक्तदान किया और वे 85 बार प्लेटलेट्स दे चुके हैं। इनके साथ ही प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों में जितेंद्र कुमार, आशीष कुमार, यश मलिक, अनिल कुमार, चिन्मई गर्ग ने रक्तदान किया।
उन्होंने कहा कि रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है। रक्तदान महादान है। उन्होंने नवनियुक्त प्रशासनिक अधिकारियों को बैज लगाया। उन्होंने डॉ. अशोक कुमार वर्मा को बैज लगाते हुए कहा कि वे युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर स मानित किया। नागरिक अस्पताल करनाल के क्षेत्रीय रक्त संचरण अधिकारी डॉ. संजय वर्मा की अध्यक्षता में रक्त संग्रहित किया गया। शिविर के संचालन में प्रदीप नंदा, राजपाल आदि ने विशेष सहयोग किया।
शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि रक्त की बूँद-बूँद अमूल्य है।

# समाधान शिविर में आई शिकायतों का किया मौके पर निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में प्रत्येक कार्य दिवस में समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। ऐसे ही शिविर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में भी आयोजित किए गए। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निदान कर दिया गया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली.पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है। बुधवार को करनाल के लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में क्रिड से संबंधित एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसका मौके पर समाधान कर दिया गया।

# नैशनल हाईवे पर चल रही सीएनजी कार में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में नए साल के पहले ही दिन नेशनल हाईवे पर एक वैगनआर कार में अचानक आग लग गई। वैगनआर में सवार पति-पत्नी कुरुक्षेत्र से पानीपत के समालखा स्थित चुलकाना धाम के दर्शन करने के लिए जा रहे थे। आग ने जब विकराल रूप धारण किया तो दंपति ने कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। वैगनआर कार में सीएनजी किट लगी हुई थी,



जिसमें ब्लास्ट होने का खतरा था। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि शॉर्ट सर्किट के बाद कार में आग लगी है। कुरुक्षेत्र के रहने वाले गौरव ने बताया कि जब जा रहे थे तो गाड़ी से चिंगारी उठी। उसने तभी गाड़ी साइड में रोक ली। जैसे ही वह अपनी पत्नी के साथ कार से नीचे उतरा तो कार में आग लग गई। देखते ही देखते पूरी कार को आग ने अपनी चपेट में ले लिया।
सीएनजी किट में ब्लास्ट न हो जाए, इसके चलते सभी गाड़ी से दूर जाकर खड़े हो गए और फायर ब्रिगेड की गाड़ी को कॉल किया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आकर आग पर काबू पाया। सीएनजी सिलेंडर में ब्लास्ट हो जाता तो हाईवे पर मौजूद दूसरी गाडि ?ों को नुकसान हो सकता था। उन्होंने सोचा था कि आज साल का पहला दिन है और चुलकाना धाम पर बाबा खाटू श्याम के दर्शन करेंगे, लेकिन उससे पहले ये हो गया।

# एसडीएम सिवाच ने कैंट में नेकी की दीवार का किया शुभारंभ

**उपलब्ध**

**जरूरतमंद लोगों के लिये यहां पर उपलब्ध करवाये गये सर्दी के कपड़े भी वितरित करने का काम किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** एसडीएम अम्बाला छावनी सतिन्द्र सिवाच ने फारूखा खालसा स्कूल बैंक रोड़ अम्बाला छावनी में नेकी की दीवार का शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने जरूरतमंद लोगों के लिये यहां पर उपलब्ध करवाये गये सर्दी के कपड़े भी वितरित करने का काम किया। इस मौके पर उनके साथ बीईओ सुदेश कुमारी, बीआरसी नरोत्तम शर्मा, समाजसेवी डा. सुमन जैन, डा. जोगेन्द्र व अन्य मौजूद रहे।
एसडीएम सतिन्द्र सिवाच ने नेकी की दीवार का शुभारम्भ करते हुए कहा कि रैडक्रास सोसायटी व अन्य द्वारा जरूरतमंद लोगों को सर्दी में बचाव हेतू नेकी की दीवार के माध्यम से गर्म वस्त्र व अन्य चीजें उपलब्ध हो सकें, इसके लिये आज यहां से शुरूआत की गई है। उन्होंने सभी





दानी सज्जनों से अपील की कि वे इस मुहिम में अपना योगदान दें। आमजन भी यदि अपनी इच्छा से सहयोग देना चाहते हैं तो वे भी सहयोग दे सकते हैं, मकसद सर्दी के इस मौसम में जरूरतमंद लोगों की सेवा करना है।
एसडीएम सतिन्द्र सिवाच ने इस मौके पर यह भी कहा कि पिछले कई वर्षों से यहां पर नेकी की दीवार के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को सर्दी के मौसम में गर्म वस्त्र उपलब्ध करवाने का काम किया जा रहा है। उन्होने बीईओ सुदेश कुमारी को कहा कि वे स्कूलों में विद्यार्थियों को आग्रह करें कि यदि उनके पास गर्म वस्त्र उपलब्ध हैं और वे अपनी स्वेच्छा से इन वस्त्रों को देना चाहते हैं तो वे यहां पर नेकी की दीवार में उपलब्ध करवाएं ताकि किसी जरूरतमंद की सहायता की जा सके।

# एसपी ने एनसीबी मुख्यालय के सभी पदाधिकारियों की ली मीटिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, मुख्यालय मधुबन पर ब्यूरो प्रमुख ओपी सिंह, पुलिस महानिदेशक के दिशा निर्देशों की अनुपालना करते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने मुख्यालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की मीटिंग ली एवं सुधारात्मक आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक द्वारा संपूर्ण हरियाणा एनसीबी परिवार को नये साल की शुभकामनाएं दी व सभी के परिवार बारे मंगलकामनाएं प्रेषित की गई। हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक द्वारा



मुख्यालय की सभी शाखाओं के प्रभारियों से ब्यूरो की कार्यप्रणाली, उपलब्धियों, सभी शाखाओं के कार्य तथा जागरूकता और पुनर्वास सुधारात्मक कार्य के बारे में सम्पूर्ण जानकारी ली गई। इसके अतरिक्त ब्यूरो में मुलाजिमों की तैनाती, उनकी कार्य क्षमता, उनके कार्य करने के तरीके, उनकी परफॉर्मेन्स रिपोर्ट इत्यादि के बारे संक्षिप्त जानकारी ली गई।
पुलिस अधीक्षक ने ब्युरो द्वारा कारवाई जाने वाली विभिन्न ट्रैनिंग प्रोग्राम, शार्ट प्रोग्राम तथा ब्युरो द्वारा की चलाई गई विभिन्न मुहिम बारे विस्तृत चर्चा की। हरियाणा एनसीबी में तैनात अनुसंधानकताओं की कार्यप्रणाली

**प्रेरित किया**

**भविष्य में पूरी मेहनत व लगन से अनुशासन में रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया**

मे विभिन्न तरीकों से अन्य पहलुओं की भी चर्चा की गई, ताकि ट्रैनिंग प्रोग्राम आदि के माध्यम से ब्युरो व हरियाणा पुलिस के प्रदर्शन को और बढ़ाया जा सके। हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख ओ पी सिंह,पुलिस महानिदेशक के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने बारे, नशा के विरुद्ध प्रचार-प्रसार, जन भागीदारी पर विवेचना की गई हो। इसके साथ साथ जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से आमजन, विधार्थियों को जागरूक किया जाए, ताकि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाया जा सके। हरियाणा एनसीबी के टॉल फ्री नंबर 90508-91508 को अधिक से अधिक आमजन तक पहुंचाया जा सके, ताकि नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जा सके। इसके अतिरिक्त समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों को कार्य को सुचारू रूप से चलाने व भविष्य में पूरी मेहनत व लगन से अनुशासन में रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

# अंत्योदय महिलाओं को हरियाणा सरकार देगी 500 रुपए में गैस सिलेंडर: उत्तम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से संचालित हर गृह.हर गृहणी योजना अंत्योदय परिवारों की महिलाओं को रसोई में धुआं रहित स्वच्छ वातावरण देने में कारगर साबित होगी। इस योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवार की महिलाओं को 500 रुपए की रियायती दरों पर एलपीजी सिलेंडर हर महीने दिया जाएगा है। उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार ने बीपीएल परिवार की महिलाओं को प्रति माह 500 रुपए में गैस सिलेंडर



देने की हर घर-हर गृहिणी योजना शुरू कर दी है। अंत्योदय परिवारों की महिलाएं योजना के आधिकारिक पोर्टल ईपीओएसडॉटहरियाणाफूडडॉटजी ओवीडॉटइन पर रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं।
उन्होंने बताया कि बीपीएल परिवारों को स्वच्छ ईंधन मिले और महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हो, इसी उद्देश्य से हर गृह-हर गृहिणी योजना का शुभारम्भ किया गया है। कम आमदनी वाले घर, जो फुल प्राइस पर एलपीजी नहीं खरीद सकते और खाना पकाने के लिए पारम्परिक संसाधनों पर निर्भर करते थे, उन्हें इस योजना से खासकर फायदा होगा।
उपायुक्त ने बताया कि सरकार द्वारा एलपीजी कनेक्शन देने के लिए उज्जवला योजना पहले से शुरू की हुई थी, जिसमें 500 रुपए में गैस कनेक्शन मिल जाता है।

# मैनेजर एक लाख 88 हजार रुपये लेकर हुआ फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** शहर में एक फाइनेंस कंपनी का मैनेजर एक लाख 88 हजार रुपये लेकर पांच महीने से फरार है। वह फील्ड से लोन की किस्त लेने गया था। लेकिन न किस्तों के रुपये कंपनी में जमा कराए और न हीं ऑफिस गया। एरिया मैनेजर सिटी पुलिस थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की हैं। पुलिस ने एरिया मैनेजर की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। चरखी दादरी के गांव सांजरवास निवासी राहुल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 6 मई 2022 से एंबीशन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में एरिया मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उनकी कंपनी का उत्कर्ष बैंक से एग्रीमेंट है और हम लोन देने का कार्य करते हैं।

# गजेंद्र सलूजा ने किये धन्यवादी दौरे

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** केंद्रीय मंत्री मनहोर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने जिले मे धन्यवादी दौरे शुरू कर दिये आज गांव नोहरा, ऊंटला, एवं सोधापुर के धन्यवादी दौरे किये उन्होंने केंद्र व राज्य मे सरकार बनाने के लिए लोगो का धन्यवाद किया व ग्रामीणों की सांसद से सम्बंधित समस्यायों को सुना। अपने वक्तव्य मे गजेंद्र सलूजा ने कहा मनहोर लाल शुरू की बिना पर्ची खर्ची नौकरी देने के प्रणाली अन्य राज्य भी अगिकृत कर रहे है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके स्वच्छ, पारदर्शि एवं ईमानदार शासन प्रशासन देने के अनुभव दिला रहे है। यह हम सब के लिए गर्व की बात है हमारा जनप्रतिनिधि इतना मेधावी है कि आज पूरा देश उनका अनुभव लेने को पूरा



देश ललायित है। सलूजा ने आगे कहा कि आप लोगो को किसी भी प्रकार से मनहोर लाल की कमी महसूस नहीं होने दी जाएगी उनके सभी काम मनहोर लाल जी द्वारा किये जाएंगे । उन्होंने कहा आप किसी समय लघुसचिवालय कार्यालय पर आकर मुझ से मिल सकते है। मच संचालन मंडल अध्यक्ष विकास विक्की ने किया। इस अवसर पर सुनील पारधना, बलविंदर आर्य, रवींद्र तुषामड,सेठ पाल नौहरा,राजेश सरपंच प्रतिनिधि, सुरेन्द्र नौहरा,सेठ पाल नौहरा, बिक्रम पंच, सुंदर पंच, विनोद,महावीर सिंह सरपंच उन्टला, हवा सिंह,गुलाब, गोल्डी, सतबीर प्रजापत, अजय इंसा सरपंच सौदापुर , राजू धारा एवं बलराज सैनी मौजूद रहे।

संपादकीय

# मानसिक स्वास्थ्य और इसका महत्व

**3 दिसंबर** 2024 को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने मानसिक स्वास्थ्य के लिए मोदी सरकार के महत्वपूर्ण प्रयासों के बारे में राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया। एक ऐसा विषय जिसने मोदी सरकार के इस उत्कृष्ट प्रयास के बारे में बहुत जरूरी चर्चा को जन्म दिया है। मोदी युग ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भारत के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण मोड़ को चिह्नित किया, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों को संबोधित करने और मानसिक स्वास्थ्य देखभाल को मुख्यधारा की स्वास्थ्य देखभाल नीतियों में एकीकृत करने पर अधिक ध्यान दिया गया। मोदी सरकार से पहले, भारत में मानसिक स्वास्थ्य को काफी हद तक नजरअंदाज किया गया और मानसिक बीमारियों को लेकर लोगों में शर्म और भ्रान्ति थी। नरेन्द्र मोदी के शासन में मानसिक स्वास्थ्य को महत्वपूर्ण मुद्दे के रूप में मान्यता देने की दिशा में बदलाव हुआ।

भारत में मानसिक स्वास्थ्य गलत समझा जाने वाला विषय बना हुआ था। लगभग 14% भारतीयों को सक्रिय मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप की आवश्यकता होने के बावजूद, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2015-16) में पाया गया कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं वाले लगभग 80% लोग सामाजिक कलंक, जागरूकता की कमी या देखभाल तक सीमित पहुँच के कारण मदद नहीं लेते हैं। मानसिक स्वास्थ्य का मतलब सिर्फ मानसिक बीमारी का न होना नहीं है; इसमें भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण शामिल है, जो व्यक्ति के सोचने, महसूस करने और व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित करता है। एक स्वस्थ दिमाग उत्पादक जीवन, सामंजस्यपूर्ण समाज और संपन्न अर्थव्यवस्था का आधार है। भारत जैसे देश के लिए जो 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने की आकांक्षा रखता है, मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मानसिक स्वास्थ्य को राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे में एकीकृत करना अनिवार्य है।

**भारत का मानसिक स्वास्थ्य परिदृश्य:** भारत एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) के अनुसार, भारत की लगभग 7.5% आबादी मानसिक विकारों से पीड़ित है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2015-16) से पता चला है कि लगभग 15% भारतीय वयस्कों को सक्रिय मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप की आवश्यकता है, मानसिक स्वास्थ्य खराब है और इसके लिए पर्याप्त धन नहीं है। चौंकाने वाली बात यह है कि देश में प्रति 100,000 लोगों पर एक से भी कम मनोचिकित्सक हैं, जबकि ने प्रति 100,000 पर तीन मनोचिकित्सक होने की सिफारिश की है। भारत में मानसिक विकारों के लिए उपचार का अंतर 70-92% के बीच है और मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान का अनुमान 2012 और 2030 के बीच 1.03 ट्रिलियन डॉलर है। ऐसे चौंकाने वाले आँकड़े मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने के लिए मजबूत नीतियों और बुनियादी ढाँचे की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करते हैं। अमेरिका मानसिक स्वास्थ्य पर सालाना 238 बिलियन डॉलर से ज्यादा खर्च करता है, जहाँ हर 100,000 लोगों पर लगभग 12 मनोचिकित्सक हैं।

# आओ, नव वर्ष पर विकसित भारत बनाने का संकल्प लें

-डॉ सत्यवान सौरभ

> “इन गतिविधियों से निर्दोष जीवन की हानि होती है और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचता है जिससे देश के विकास में बाधा उत्पन्न होती है। इस सपने को जिंदा रखने के लिए हमें इन गतिविधियों के खिलाफ एकता दिखानी होगी। इंटरनेट पर एकाधिकार करने के लिए फेसबुक के खिलाफ भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के फैसले का उदाहरण भारत के लोगों द्वारा मजबूत सर्वसम्मत अस्वीकृति के कारण था। हमारे पहले प्रधान मंत्री देश की योजना और विकास में सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका के विचार के थे। उद्योगों का उदारीकरण 1991 के बाद ही हुआ, लाइसेंस राज खत्म हुआ। हाल ही में हमने भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के माध्यम से धन का प्रवाह देखा। अगर हम करीब से देखें तो हमने भारत के अधिकतम क्षेत्रों में 100% एफडीआई नहीं खोला है”

**हमने क**ई मौकों पर अपने सपने को टूटते हुए देखा है लेकिन फिर भी हम हर मुसीबत की स्थिति से मजबूत और आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। स्वराज के महत्व को समझना चाहिए और इन सपनों को आगे बढ़ाने के लिए आक्रामक रूप से शुरूआत करनी चाहिए ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को भी बेहतर भविष्य प्रदान कर सकें। धर्म के नाम पर कही गई बातों पर आंख मूंदकर विश्वास न करने, विवेक का पालन करने के लिए जागरूकता फैलानी चाहिए। हम इस सपने तक पहुँचने से बहुत दूर हैं लेकिन हमें हार नहीं माननी चाहिए। मैं डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के बेहतरीन उद्धरणों पर समाप्त करना चाहता हूं "सपने वह नहीं हैं जो आप नींद में देखते हैं, बल्कि वह हैं जो आपको सोने नहीं देते"। "आधी रात को, जब दुनिया सोती है, भारत जीवन और स्वतंत्रता के लिए जागेगा"। जवाहरलाल नेहरू का यह "ट्रिस्ट विद डेस्टिनी" भाषण उस सपने का प्रतीक था जिसे हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने पूरा किया था। इसने हमें, भारत के लोगों द्वारा पालन किए जाने वाले अगले सपने का विजन भी दिया।

भारत के बारे में गांधी का दृष्टिकोण हमारे देश के आत्मनिर्भर विकास के लिए घरेलू औद्योगीकरण को बढ़ावा देना था। उनका विचार था कि ग्रामीण भारत भारत के विकास की रीढ़ है। यदि भारत को विकास करना है, तो ग्रामीण क्षेत्र का भी समान विकास होना चाहिए। वह यह भी चाहते थे कि भारत गरीबी, बेरोजगारी, जाति, रंग पंथ, धर्म के आधार पर भेदभाव जैसी सभी सामाजिक बुराइयों से मुक्त हो, और सबसे महत्वपूर्ण रूप से निचली जातियों (दलितों) के खिलाफ अस्पृश्यता को समाप्त करे जिन्हें वह 'हरिजन' कहते हैं। ये दर्शन भारत के तत्कालीन समाज के सामाजिक स्तर को दशार्ते हैं। स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद भी हम अभी भी इन सामाजिक मुद्दों को भारत में कायम पाते हैं। हमारे संविधान की प्रस्तावना भारत को संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और गणतंत्र देश के रूप में निर्दिष्ट करती है। आइए देखें कि इस परिभाषा को सच करने के लिए हमने भारत के नागरिक के रूप में अपने सपने को कैसे पूरा किया है। 100 वर्षों के स्वतंत्रता संग्राम के बाद हम इस सपने को साकार करने में सक्षम




हुए हैं। शीत युद्ध के दौर में भी जब दो महाशक्तियां अमेरिका और सोवियत संघ एक-दूसरे का मुकाबला करने के लिए गठबंधन बना रहे थे, हमने अपनी संप्रभुता को बनाए रखने के लिए किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होने के लिए गुटनिरपेक्षता का विकल्प चुना। यद्यपि संयुक्त राष्ट्र द्वारा उपनिवेशवाद पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, लेकिन नव-उपनिवेशीकरण के समान अंतरराष्ट्रीय दुनिया में अपनी जड़ें जमा रहा है। नव उपनिवेशीकरण को अन्य राज्यों द्वारा राज्यों की नीतियों पर अप्रत्यक्ष नियंत्रण के रूप में परिभाषित किया गया है। हाल ही में हमने भारत और अन्य अविकसित देशों जैसे अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र में आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) बीजों को पेश करने और विकसित देशों से कृषि आयात के लिए बाजार को उदार बनाने के लिए दबाव देखा है। जीएम बीज कृषि का निजीकरण करते हैं और इस प्रकार मिट्टी की गुणवत्ता के साथ-साथ भारत के किसानों की सामाजिक स्थिति के लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा करते हैं। भारतीय मिट्टी के अनुकूल बीजों के विकास में अनुसंधान पर अमेरिका द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत को लगातार निशाना बनाया गया है।

भारत की संप्रभुता के लिए खतरे का अन्य उदाहरण वैश्विक आतंकवाद के माध्यम से है। भारत 26/11 और पठानकोट में उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले का गवाह रहा है। बोडोलैंड की मांग के लिए असम अलगाववादी आंदोलन से भारत नक्सलियों और पूर्वोत्तर में उग्रवादियों से उग्रवादी गतिविधियों का भी सामना करता है। इन गतिविधियों से निर्दोष जीवन की हानि होती है और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचता है जिससे देश के विकास में बाधा उत्पन्न होती है। इस सपने को जिंदा रखने के लिए हमें इन गतिविधियों के खिलाफ एकता दिखानी होगी। इंटरनेट पर एकाधिकार करने के लिए फेसबुक के खिलाफ भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के फैसले का उदाहरण भारत के लोगों द्वारा मजबूत सर्वसम्मत अस्वीकृति के कारण था। हमारे पहले प्रधान मंत्री देश की योजना और विकास में सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका के विचार के थे। उद्योगों का उदारीकरण 1991 के बाद ही हुआ, लाइसेंस राज खत्म हुआ। हाल ही में हमने भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के माध्यम से धन का प्रवाह देखा। अगर हम करीब से देखें तो हमने भारत के अधिकतम क्षेत्रों में 100% एफडीआई नहीं खोला है। बाजार का निजीकरण निस्संदेह गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के साथ समाज में सर्वश्रेष्ठ प्रतिस्पर्धा प्रदान करता है। लेकिन अगर हम इसे अपनाते हैं, तो बाजार में केवल उन्हीं उत्पादों की आपूर्ति होगी जिनकी मांग है और जिससे वे अन्य आवश्यक आपूर्तियों की उपेक्षा करते हुए लाभ कमा सकते हैं। साथ ही समाजवादी समाज का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के लिए समान परिणाम प्राप्त करना, नौकरियों में समान अवसर प्रदान करना, न्यूनतम मजदूरी प्रदान करना और भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को प्रदान करना है।

वर्तमान में भारत गरीबी, अस्वस्थता, बेरोजगारी, भेदभाव के कारण दुर्व्यवहार, खराब शिक्षा आदि के कारण जागरूकता की कमी आदि से पीड़ित वंचितों की सबसे बड़ी संख्या वाला देश है। इन सामाजिक मुद्दों पर अंकुश लगाने के लिए सक्रिय रूप से संगठनों का गठन करते हुए हमें भारत के नागरिक के रूप में सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों को ईमानदारी से लागू करने में सक्रिय होना चाहिए। भारत अनेकता में अपनी एकता पाता है। आजादी के बाद हुए साम्प्रदायिक दंगों के बाद भारत को यह बात समझ में आ गई कि किसी भी धर्म का पक्ष लेने से भारत को लंबे समय तक नुकसान उठाना पड़ता है। लेकिन आज भी हम समाज में धार्मिक घृणा पाते हैं। इतने सालों में हमने 1984 के सिख दंगों, 2002 के गोधरा कांड, 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों, बाबरी मस्जिद के विध्वंस और कई अन्य के रूप में सांप्रदायिक दंगे देखे हैं।

धार्मिक राजनीति ने भारतीय राजनीति में अपनी जड़ें जमा ली हैं। बीफ खाने पर हालिया प्रतिबंध और 'घर वापसी', 'लव जेहाद' आदि जैसे आंदोलन धर्मनिरपेक्षता के मूल मूल्यों के खिलाफ हैं। धर्म के नाम पर कही गई बातों पर आंख मूंदकर विश्वास न करने, विवेक का पालन करने के लिए जागरूकता फैलानी चाहिए। हम इस सपने तक पहुँचने से बहुत दूर हैं लेकिन हमें हार नहीं माननी चाहिए। समाज को इन धार्मिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए अतार्किक कटौती का विरोध करना चाहिए।

इस संबंध में हम देख सकते हैं कि लोकतंत्र ने भारतीय समाज में अपनी जड़ें जमा ली हैं। संघों का सक्रिय गठन, चुनाव प्रक्रियाओं में भागीदारी में वृद्धि, विवादित परिदृश्यों का शांतिपूर्ण समाधान देश के दूर-दराज के हिस्सों में भी सक्रिय रूप से देखा जाता है। असहिष्णुता को लेकर हाल के परिदृश्य ने एक बार फिर हमारे लोकतांत्रिक विश्वास की अटकलों को हवा दे दी है। हम लगातार ऐसी स्थिति देखते रहे हैं जहां हम पाते हैं कि लेखक के विचारों के लेखन के खिलाफ धर्म द्वारा फतवा जारी किया जाता है। फेसबुक पर पोस्ट के कारण लोगों को जेल में डाला जा रहा है। साथ ही हम अपने देश में जाति आधारित राजनीति, धर्म आधारित राजनीति देखते हैं।

## कविता

इस बार माधव
भी नहीं है साथ

स्वागतम्

अभिनंदनम् पार्थ!

संभाल लो अक्षय
तूणीर

चढ़ा लो गांडीव की
प्रत्यंचा।

एक नई महाभारत
लड़ने को

गूंजवा दो पाञ्चजन्य
चहुं ओर।

है स्वर्णबेला

रक्त लालिमा लिए।

कालयवन मुंह बाए
है खड़ा

नीरनिधि दावानल सा
धरकर रूप, कि

निमेष भर मिल जाए
मुझको अवसर

कहीं टूट न जाए
दंभ, झुक जाए
विजय पताका।

कालचक्र

हुआ परिवर्तित।

कौरव नहीं है सामने
इस बार

सब्सक्राइब होने को
नंग धड़ंग फिरे
कामिनी

शेयर लाइक का
प्रलोभन कर रहा
सबको शर्मसार

व्यू के लिए वायरल
होने को तुम भी ना
जाना कही घिर।

चक्रव्यूह

रोज नए-नए।

सुशील कुमार

## ऐ जाते हुए लमहे...

**डॉ. सुरेश कुमार**

**सर्द दिनों में सर्द की** रातें और सर्द का दिन बदन को तार-तार कर देता है। इस सर्दी के मारे सूर्य मुँह छिपाए फिरता-रहता है। इसी में वह स्वयं को सुरक्षित महसूस करता है। चारों दिशाओं से सर्द हवाएँ शत्रु देश के हमले से कम नहीं होतीं। जहाँ देखो वहाँ कोहरा ही कोहरा। पता ही नहीं चलता कि इस दुनिया में हमारे सिवाय कोई है भी या नहीं। आजकल टूटते-बिखरते-धुँधलाते रिश्तों के बीच कोहरा हमारी वास्तविकता को आईना दिखाता है। चलिए, इसी बहाने हम से हमारा परिचय हो जाता है।

चारपाई पर लंबी ताने रजाई ओढ़कर सोने का सुख किसी स्वर्ग से कम नहीं है। कहते हैं सर्दियों में रंग-रंग के सपने आते हैं। लड़का है तो राजकुमारी और लड़की है तो उसके सपनों का राजकुमार उसे झट मिलने आ जाता है। सर्दियों में हर कोई एक-दूसरे को धोखा देने की ताक में खड़ा रहता है। हमारे पंचतत्व जैसे हवा अपनी गति भूलकर ठोस बन जाती है, आसमान के नाम पर चारों ओर एक घना परदा छाया रहता है। आग भी अपने स्वभाव को बचाने के लिए कोहरे से जद्दोजहद करती है। पानी का हाल तो पूछिए ही मत। वह अपने हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच सारे रासायनिक समीकरण भूलकर दल-बदलू राजनेताओं के समान मौसम के साथ समझौता कर उसी की तूती बोलने लगता है। जहाँ तक धरती की बात है तो भाई शुक्र मनाइए कि वह हमें रहने-ठहरने की जगह भर दे देती है, वरना रंग बदलने वाले गिरगिट जैसे इंसानों को यह सब भी कहाँ नसीब होता है।

अब तक आप समझ रहे हैं होंगे कि मैं कहाँ का सर्द पुराण खोल बैठा। सच तो यह है कि देश की सारी सच्चाई इसी सर्दी में छिपी हुई है। यह मौसम न केवल वर्षा और गर्मी का मिलन करवाता है बल्कि झूठ और सच के बीच में छिपे मिथ्या का भी पदार्फाश करता है। वर्षा की बाढ़ और गर्मी के अकाल से बेहाल लोगों को ह्यअच्छे दिनह्ण की आस संजोए रजाइयों में सोने का अवसर देता है। लेकिन इसी सर्द मौसम में छिपी हैं कई ऐसी बातें, जो हमें झकझोर कर रख देती हैं। यह बात है उस बूढ़े बाबा की जो देश के हर कोने में नकारों की तरह दिखाई पड़ जाते हैं। यह वह बूढ़ा बाबा है जो अपने परिवार के द्वारा ठुकराया गया है। भीख माँगने के लिए उसे तमाशाई दुनिया में ठेल दिया गया है। जब तक गर्मी-बरसात थी तो जैसे-तैसे उसने खुद को बचा लिया। लेकिन यह सर्द मौसम उसकी जान पर आ पड़ा है। वह ठिठुरता, कराहता, बिलखता परमपिता ईश्वर से गुहार लगाता है- ह्यहे खुदा! मुझे इस सर्द मौसम से बचा लेह्ण वह कहता -भैया मैं एक हाथ से लाचार हूँ। आँखें भी मेरा साथ छोड़ चुकी हैं। बूढ़ी जो हो चुकी हूँ! हर दिन यही फटी पुरानी छतरी डाले इस पीपल के पेड़ के नीचे बैठा रहता हूँ। मैं बसों में खिड़की किनारे बैठे लोगों से संतरा खरीदने के लिए गिड़गिड़ा नहीं सकता। न ही सिग्नल के पास रुकी गाड़ियों के शीशे के आगे दस रुपये के तीन कहकर चिल्ला सकता हूँ।

## विचार

# ईवीणापाणि सरस्वती का वेदों में निरूपण !

**आत्माराम यादव पीव वरिष्ठ पत्रकार**

**ऋग्वेद** में वीणापाणि माँ सरस्वती को महान्-यशों से युक्त व अन्य नदियों में प्रधान सर्वश्रेष्ठ जलवाली नदी माना है वही वे विद्या के अलावा शीघ्रगामी एवं ऋण से छुटकारा दिलाने वाली अधिक गुण वाली बताया है। वीणापाणि माँ सरस्वती विद्या की देवी है जिसकी कृपा प्राप्ति हेतु अनेक साधन है जिसमें ऋग्वेद ने उनकी उपासना का सरलतम मार्ग भी सुझाया है जिसे ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति का परमोत्कर्ष उत्तम साधन कहा गया है। वेदोक्त दर्शन की उपासना ओर मंत्र को ग्रहण कर जो नित्य माँ की उपासना करते है वे वेदविदित परिणामों सहित माँ की कृपा प्राप्त करते है। माँ सरस्वती अपने भको को समर्थता ओर विद्या प्राप्ति के विघ्न्न दूर कर ब्रह्मस्वरूपिणी माँ के स्वरूप का ज्ञान की सुगमता से प्राप्ति कराती है।

प्रस्तुत श्लोक से अपनी बात शुरू कर रहा हूँ- अम्बितमे नदीतमे देवीतमे सरस्वति। अप्रशस्ता इव स्मसि प्रशस्तिमम्ब नस्कृधि ॥ ऋग्वेद 2/41/16 अर्थात -'मातृगणों में श्रेष्ठ, नदियों में श्रेष्ठ, देवियों में श्रेष्ठ हे महासरस्वति! हम अप्रशस्त के समान अर्थात धनाभावमें असमृद्धवत हो रहे हैं, अतएव हे माता । हमें प्रशस्ति अर्थात धनसम्पत्ति प्रदान करो।'। विशेषतया यहाँ सरस्वती को अम्बितमा, नदीतमा तथा देवितमा इन तीन नामोंसे सम्बोधन किया गया है। अतएव तीन भावपूर्ण सम्बोधन जिसमे पहले मातृभाव, दूसरे नदीभाव ओर तीसरे देवीभाव, इन तीन भावों को समझना आवश्यक है। अम्बितमे 'अम्बा' शब्दका अर्थ है माता। अगर विस्तार से अम्बितमा शब्द का अर्थ किया जाये तो वह होगा- मातृतमा, अर्थात अखिल विश्व में जितनी मातृशक्तियाँ हैं, सरस्वती सबमें श्रेष्ठ है। मातृभाव किसे कहते हैं? जो रक्षा करती हैं, जो पोषण करती हैं वह माता हैं। माँ सरस्वती जैसी मातृशक्ति दूसरी कोई भी नहीं है, क्योंकि ज्ञानरूप में वे ही सबका पालन करती हो। ज्ञान की अपेक्षा अधिकतर रक्षा करनेवाली शक्ति दूसरे किसी में नहीं है। ज्ञान ही जीवन है और अज्ञान ही नाश है।

ऋग्वेद के 1.3.11 वें सूक्त में दिये अनुसार कि- चोदयित्री सूनृतानां चेतन्ती सुमतीनाम्, यज्ञं दधे सरस्वती॥ सरस्वती सत्य बोलने की प्रेरणा देने वाली हैं तथा उत्तम बुद्धि देवे वाली व लोगों को शिक्षा देने वाली देवी के अलावा नदी रूप मे भी है। नदीतमे का अर्थ है जितनी नदियाँ हैं, उनमें तुम्हीं अर्थात सरस्वती नदी ही श्रेष्ठ है। नदीरूपा सरस्वती का आधिभौतिक भाव जलरूपा सरस्वती नदी है, जो प्रयागराज में गंगा और यमुना के साथ मिलती है जिसे त्रिवेणी संगम कहते हैं। यह आधिभौतिक त्रिवेणी और आधिभौतिकू तीथों में श्रेष्ठ है। नदीरूपा सरस्वतीका आध्यात्मिक भाव सुषुम्णा नाड़ी है, जो इडा और पिङ्गला के मध्यभाग में अवस्थान करती है तथा मूलाधार में दोनोंके साथ युक्त है। यह आध्यात्मिक त्रिवेणी है। 'नदी' शब्द का अर्थ क्या है। 'नद' घातुका अर्थ है शब्द करना' । जहाँ गति है, वहाँ शब्द है। 'नदी' शब्द के उच्चारण से पर्वतादि से निकलकर अन्त में समुद्र में या अन्य किसी बड़ी नदी में मिलनेवाली सरिताओं का ही बोध होता है। यहाँ 'नदीतमा' शब्द के द्वारा नादयिशिष्टा, चलनात्मिका शब्दब्रह्ममयी ही विशेषतः लक्षित होती हैं। नदी का जो आश्रय ग्रहण करता है वह अन्तमें समुद्र में जा पहुँचता है। उसी प्रकार जो शब्दब्रह्म (वेद) का आश्रय लेता है, वह अन्त में परब्रह्म को प्राप्त होता है। यह श्लोक माँ सरस्वती के तीनों स्वरूप की भावव्यक्ति है जिसमें तीसरे रूप में देवितमे शब्द का प्रयोग है जिसका अर्थ है हे देवी सरस्वती देवियों के मध्य आप ही श्रेष्ठ हो। आप उज्ज्वल हो, ज्योतिर्मयी हो, ब्रह्मस्वरूपा हो। आपको ब्रह्मरूप में जो ध्यान कर सकता है, यही आपको यथार्थरूप से जान सकता है। दिव घातुका अर्थ है ज्योति, प्रकाश, आलोक। अन्धकार दूर करके आलोक प्रदान करनेवाली जितनी शक्तियाँ जगत में हैं, उन सबमें माँ सरस्वती आप श्रेष्ठ हो। सरस्वति से 'सरस' पद सिद्ध होता है। 'सरसू' जिनका है, जो 'सरस' की अधिष्ठात्री देवी हैं, वही सरस्वती हैं। जिससे समस्त गतियाँ प्रवर्तित होती हैं, सत्र आलोक प्रकाशित होता है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# अपनी मौत की भविष्यवाणी : कितनी सटीक कितनी गलत ?

**निर्मल रानी**

**यह एक आम** परन्तु सही व स्थापित धारणा है कि कोई भी व्यक्ति अपने भविष्य के बारे में पूरे दावे के साथ कुछ भी नहीं कह सकता। खासतौर पर मृत्यु के बारे में तो कोई भी नहीं जानता कि उसकी मौत कब,किस क्षण,किस जगह और किन परिस्थितियों में व किन कारणों से आनी है। परन्तु इसी संसार में अपवाद स्वरूप कुछ गिनी चुनी ऐसी हस्तियां भी हुई हैं जिन्होंने जहाँ अनेकानेक विश्वस्तरीय व चौंकाने वाली भविष्यवाणियां तो की ही हैं साथ ही अपनी मृत्यु की भी सटीक भविष्वाणी कर दुनिया के उस वर्ग को हैरानी में डाल दिया जो वर्ग यह दृढ़ विश्वास करता था की 'किसी को भी अपने मरने का समय नहीं पता '। जिन लोगों ने अपने मरने के सही समय की मृत्यु से पहले ही भविष्यवाणी की थी उनमें एक नाम महान फ्रेंच एस्ट्रोलॉजर नास्त्रेदमस का है। कहा जाता है कि अपनी मृत्यु से एक दिन पूर्व नास्त्रेदमस ने अपने सचिव को बता दिया था। कि 'कल सूर्योदय के समय मैं तुम्हें जिंदा नहीं मिलूंगा'। और वही हुआ,जब अगले दिन का सूर्योदय हुआ तो नास्त्रेदमस की भविष्यवाणी सही साबित हुई और वे सूर्योदय से पहले ही मृत्युलोक को प्रस्थान कर चुके थे। इसी तरह बाबा वेंगा के बारे में भी यही कहा जाता है कि उन्होंने भी अपने मरने से काफी पूर्व अपनी मृत्यु की तिथि व समय घोषित कर दिया था। जो बिल्कुल सही साबित हुआ। इसी तरह हमारे देश में चंडीगढ़ स्थित राम दरबार नामक एक प्रसिद्ध सूफी स्थान है। यहाँ की गद्दीनशीन माता राम बाई जी 'अम्मी हुजूर ' अत्यंत प्रसिद्ध,प्रतिष्ठित व प्रभावी फकीर थीं। देश विदेश में तथा नौकरशाही व फिल्म जगत में उनके काफी मुरीद थे और अभी भी हैं। 'अम्मी हुजूर ' ने अपने वारिस,गद्दीनशीन शहजादा पप्पू सरकार को अन्य भक्तजनों की उपस्थिति में अपनी मृत्यु से छः महीने पूर्व ही यह बता दिया था कि उनका देहावसान 20 जनवरी 1983 को होगा। और उन्होंन अपने वारिस पप्पू सरकार को ही यह वसीयत भी की थी कि 'मैं इस जगह (दरबार में ) परलोक सिधारूंगी और इस स्थान पर तुम अपने हाथों से मेरा अंतिम संस्कार करना।

# प्रबिस नगर कीजे सब काजा,हृदय राखि कौशलपुर राजा

**राकेश अचल**

**नए साल का** आगाज आप चाहे ' प्रबिस नगर कीजे सब काजा,हृदय राखि कौशलपुर राजा का सुरन कर कीजिये या कहिये या "बिस्मिल्लाह-हिर्रहमा-निर्रहीम ' कहकर। दोनों का अर्थ ,निहितार्थ यानि मतलब एक ही है। यानि जो कीजिये सर्वशक्तिमान को स्मरण कर कीजिये ताकि वर्ष 2025 में कुछ तो ऐसा हो जो 2024 से अलग हो,सुकून देने वाला हो। ये दोनों जुमले हमने बचपन में अपने पुरखों से सुने थे। आज की पीढ़ी के लिए ये जुमले शायद अनजान से हों किन्तु हिंदुस्तान के जनमानस में ये दोनों जुमले रचे-बसे हुए हैं। नया साल लगने से पहले एक काम तो ये हुया कि जो काम देश के प्रधानमंत्री जी को करना था वो काम मणिपुर के नाकाम,मुख्यमंत्री वीरेन कुमार ने कर दिया ,यानि मणिपुर की हिंसा के लिए माफी मांग ली ,लेकिन ये नाकाफी है, उन्हें अपनी नाकामी के लिए माफी मांगने के बजाय अपने पद से त्यागपत्र देना चाहिए था। लेकिन शायद इसकी इजाजत उनकी पार्टी के आला कमान ने उन्हें नहीं दी होगी। वैसे देश से ,मणिपुर से संसद में माफी मांगी जाना चाहिए थी वो भी प्रधानमंत्री जी की और से तो लगता कि सरकार को डेढ़ साल से जल रहे मणिपुर में अपनी नाकामियों का अहसास है और वो अपनी गलती पर शर्मिंदा है।

हम लोग भी दुनिया के दुसरे मुल्कों की तरह सनातनी हैं ,आशावादी हैं ,इसलिए उम्मीदें पालकर आगे चलते हैं। उम्मीदों के सहारे ही दुनिया आगे बढ़ती आयी है । हमें उम्मीद है कि हमारे प्रधानमंत्री अपना राजहठ छोड़कर नए साल में रूस,यूक्रेन,नाइजीरिया जाने के बजाय एक-दो बार मणिपुर जरूर जायेंगे। वहां की जनता से बात करेंगे , वहां शांति स्थापना के लिए उपवास,व्रत ,ध्यान करेंगे। ये और बात है कि वे ऐसा करेंगे नहीं ,क्योंकि यदि उन्हें मणिपुर की आग को शांत करने के लिए गांधीवादी तरीका इस्तेमाल करना होता तो वे पहले ही ऐसा कर चुके होते। बहरहाल उम्मीदों पर हमारा भी यानि देश की जनता का आस्मां टिका है ,टिका रहेगा। नए साल में दुनिया में शांति स्थापित हो ये हमारा ही नहीं पूरी दुनिया का सपना है। शांति से ही प्रगति का रास्ता खुलता है ,यदि हम खोलना चाहें तो।

## न्यूज फ्लैश

### सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन



**सोनीपत: जनहित** सेवा केन्द्र के द्वारा आज गाँव रतनगढ़ सोनीपत में महिला सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र उद्घाटन स्टेट अवॉर्डी बबिता ने किया। प्रशिक्षण केन्द्र में 20 लड़कियों ने नामांकन दाखिल किया। बबीता ने लड़कियों को बताया कि हम सब को हाथ का दस्तकार होना बहुत जरूरी है आज लड़कियां समाज मे लड़को के बराबर का स्थान रखती हैं कंधे से कंधे मिलाकर काम करती हैं आज अंतरिक्ष से लेकर रेल चलाने तक में लड़कियां अहम भूमिका निभा रही है गाँव मे सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र 6 महीने तक चलाया जायेगा प्रशिक्षण प्राप्त करने पर सभी लड़कियों को सर्टिफिकेट दिये जायेंगे लड़कियों को साल 2025 की शुभकामनाएं दी व उनके उज्वल भविष्य की कामनायें की। इस दौरान प्रशिक्षण संचालिका सुनीता भी मौजूद रही।

### नववर्ष पर श्री खाटू श्याम मंदिर में लगा भक्तों का तांता



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में नव वर्ष 2025 के आगमन पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंदिर को अद्भुत ढंग से रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया। नववर्ष पर सुबह से लेकर शाम तक खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तजन बाबा श्याम के दर्शन करने के लिए लंबी-लंबी लाइनों में खड़े नजर आए। मंदिर के मुख्य पुजारी दीपक पांडे द्वारा बाबा श्याम की महिमा का गुणगान किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर कीर्तन का आनंद उठाया। मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को मीठे चावल व चाय का प्रसाद वितरित किया गया। शाम को भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि हर नववर्ष पर मंदिर में भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया जाता है। करनाल जिले के साथ-साथ दूर-दूर से श्याम बाबा के दर्शन करने के लिए लोग पहुंचते है। बाबा सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करते है। इस अवसर पर अनिल गर्ग, महिंद्र गुप्ता, रामकरण गोयल, पवन गर्ग, कृष्ण कुमार मित्तल, हरीश गुप्ता व पवन गोयल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### जिले में दो महिलाएं लापता

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में दो महिलाएं घर से बिना बताता लापता हो गई है। इनमें से एक दो बच्चों की मां भी है, जिसका का दो दिन बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। तरावड़ी थाना में दी शिकायत में व्यक्ति ने बताया कि उसकी 28 वर्षीय पत्नी 30 दिसंबर की रात लगभग 9 बजे बिना किसी को बताए घर से लापता हो गई। परिवार ने रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना देते हुए उसकी तलाश की गुहार लगाई। निगदू थाना एरिया में शिकायतकर्ता पति ने बताया कि उसकी 34 वर्षीय पत्नी दो बच्चों की मां हैं।

# परमात्मा की आज्ञा पर चलने से वे भी हमारी मदद करते हैं : सरोज बहन

## ब्रह्माकुमारीज : विश्व शांति धाम कुरुक्षेत्र में नव वर्ष 2025 के अभिनंदन पर हुआ कार्यक्रम

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के विश्व शांति धाम कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र में वर्ष 2024 की विदाई और नव वर्ष 2025 का स्वागत और अभिनंदन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में शहर व ग्रामीण आंचल से जुड़े बहन- भाईयों ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ परमात्म स्मृति गीत से हुआ। सेवा केंद्र इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने कार्यक्रम में पधारे सभी बहन भाईयों का हार्दिक धन्यवाद करते हुए कहा कि नए साल का आगमन बड़े प्यार और शुभ संकल्पों से करेंगे। हम सब के साथ सर्वशक्तिमान परमपिता परमात्मा है। उन्होंने कहा कि इस ईश्वरीय विश्वविद्यालय में जो लक्ष्य प्रभु ने हम सब को दिया है, उस लक्ष्य को





प्राप्त करने में हमने स्वयं की कितनी उन्नति की है, इसका निरीक्षण स्वयं करना है। मन, कर्म, वचन से स्वयं को उच्च बनाना है। उन्होंने कहा कि 2024 में परमपिता की आज्ञा पर कितना चलें और नव वर्ष में कितना चलेंगे। जो परमात्मा की आज्ञा पर चलते हैं, परमात्मा भी उन्हीं की मदद करते हैं। नव वर्ष, नई सोच, नवयुग, नवजीवन की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि नव वर्ष में पुरानी बातों को भूल कर सभी को क्षमा करें। क्षमा करने से दुआएं भी मिलती है। उन्होंने सभी से प्रतिज्ञा करवाते हुए कहा कि सब को दुआएं देंगे और दुआएं लेंगे। यह बात हम जब कर पाते हैं, जब परमपिता के साथ संबंध जोड़ेंगे। नन्हे मुन्ने कलाकारों ने सामूहिक नृत्य द्वारा जिंदगी को गले लगा, गम की बातें भूलने का संदेश दिया। कुमारी तन्वी ने एक्शन सॉन्ग के माध्यम से नई उमंग है, नई तरंग है और परमात्मा भी साथ है नव वर्ष की मुबारक दी। कार्यक्रम में जिला जेल कुरुक्षेत्र के हेड वार्डन लोकेश शर्मा ने नव वर्ष का अभिनंदन करते हुए कहा कि सर्वशक्तिमान हमारे साथ है, तो जीत हमारी ही है। जिंदगी हर कदम एक नई जंग है...गीत के द्वारा उन्होंने अपने भावों को प्रकट किया। ज्ञान और योग की गहराई को समझाने के लिए, निशा, गोरी, तन्वी, राजकुमार, पार्थ ने झांकी दिखाते हुए कहा कि श्रेष्ठ विचारों में तैरने की चाह है, तो परमपिता किनारे जरुर लगाएंगे। ज्ञान के सिमरन से मन सदा हर्षित रहता है। ज्ञान और योग की शक्ति से हम सब आत्माएं शक्तिशाली बनती है। गीत माला कला मंच से पधारी डॉक्टर पूनम गासो ने अपनी मधुर ध्वनि में प्रभु के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के बाद राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने कहा कि सृष्टि परिवर्तन होकर आने वाली है।

## कैंप में स्वयंसेवकों को डिजिटल साक्षरता के बारे में किया जागरूक



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के चौथे दिन का आयोजन बेहद उत्साह और सक्रियता से किया गया। इस दिन स्वयंसेवकों ने ध्यान (मेडिटेशन), योग और अन्य शारीरिक गतिविधियों में भाग लिया। कैंप के दौरान प्रतिदिन विभिन्न सामाजिक और शैक्षिक विषयों पर प्रबोधन सत्र आयोजित किए गए। इनमें नशामुक्ति, संस्कारों का जीवन में महत्व, साइबर अपराध, स्वच्छता का महत्व, मेक इन इंडिया,और मोबाइल के दुष्प्रभाव जैसे विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। छात्रों ने प्रश्नोत्तरी और वाद-विवाद जैसे कार्यक्रमों में भाग लेकर अपने ज्ञान और जागरूकता का प्रदर्शन किया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुखदेव ने बताया कि इस दिन की मुख्य अतिथि गीता अरोड़ा थीं, जिन्होंने बच्चों को डिजिटल साक्षरता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया* कार्यक्रम सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज में परिवर्तित करना है।

## 15 लाख, 2500 यूरो तथा 1500 डॉलर की राशि ठगी

**जींद।** जींद जिले की सफीदों पुलिस ने वर्क वीजा पर अमेरिका भेजने का झांसा देकर 15 लाख रुपये, 2500 यूरो तथा 1500 डॉलर हड़पने पर बाप बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। राहड़ा मोहल्ला निवासी संजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सीमेंट, बजरी की दुकान है। जहां सफीदों के इशु तथा उसका पिता संजय शर्मा आते-जाते रहे हैं। संजय शर्मा पिछले दो साल से अमेरिका में रह रहा है। इशु ने कहा कि उसका पिता अमेरिका में अच्छी कमाई कर रहा है। वह उसके बेटे को वर्क वीजा पर नंबर एक में अमेरिका भेज कर उसे काम दिलवा देंगे।

# हवन यज्ञ भारतीय संस्कृति कल्याण का प्रतीकः सुनील

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में नए साल का आगाज हवन यज्ञ से हुआ। इस अवसर पर केयू डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी व यूआईईटी निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि हवन यज्ञ भारतीय संस्कृति एवं वैदिक कल्याण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वेदों एवं उपनिषदों तथा सनातन परम्परा के अनुसार किसी भी नए कार्य करने से पहले हवन किया जाता है ताकि आस-पास का वातावरण एवं पर्यावरण शुद्ध हो जाए। हवन सामग्री में प्रकृति से जुड़े हुये सभी प्रकार के संसाधन



उपलब्ध होते हैं जो आस-पास के वातावरण को शुद्ध रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। हवन का वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी है जो हमें प्रकृति के साथ तालमेल बनाने में सहयोग स्थापित करता है। प्रो. ढींगरा ने कहा कि हवन यज्ञ में सभी के कल्याण की कामना होती है क्योंकि यही हमारी सनातन परम्परा का हिस्सा है।नव वर्ष के आगमन पर आयोजित हवन यज्ञ में निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा सहित सभी संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने आहुति डालकर सभी के जीवन की सुख-समृद्धि एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। पंडित गगन शर्मा ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ हवन संपूर्ण करवाया।

उन्होंने कहा कि हर रोज सुबह हमें हवन और मंत्रोच्चारण करना चाहिए इससे मन में शुद्धि व आत्मा को प्रसन्ता मिलती है। संस्थान के सहायक गगनदीप ने हलवे का भंडारा लगाकर प्रसाद वितरण किया।इस अवसर पर डॉ. राजेश अग्निहोत्री, डॉ. पूनम डबास, डॉ. अनीता ग्रेवाल, डॉ. उर्मिला, डॉ. अजय जांगड़ा, डॉ. सविता, डॉ. संजय काजल, डॉ. विजय गर्ग, डॉ. रामअवतार, डॉ. नरेश, अधीक्षक दीपक शर्मा, अजय शर्मा, हरिकेश पपोसा सहित सभी शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

## अंत्योदय महिलाओं को सरकार देगी 500 रुपए में गैस सिलेंडरः नेहा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से संचालित हर गृह-हर गृहिणी योजना अंत्योदय परिवारों की महिलाओं को रसोई में धुआं रहित स्वच्छ वातावरण देने में कारगर साबित होगी। इस योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवार की महिलाओं को 500 रुपए की रियायती दरों पर एलपीजी सिलेंडर हर महीने दिया जाएगा है।

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार ने बीपीएल परिवार की महिलाओं को प्रति माह 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की हर घर-हर गृहिणी योजना शुरू कर दी है। अंत्योदय परिवारों की महिलाएं योजना के आधिकारिक पोर्टल ईपीओएसडॉटहरियाणाफूडडॉटज ीओवीडॉटइन पर रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं। उन्होंने बताया कि बीपीएल परिवारों को स्वच्छ ईंधन मिले और महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हो, इसी उद्देश्य से हर गृह-हर गृहिणी योजना का शुभारम्भ किया गया है।

कम आमदनी वाले घर, जो फुल प्राइस पर एलपीजी नहीं खरीद सकते और खाना पकाने के लिए पारम्परिक संसाधनों पर निर्भर करते थे, उन्हें इस योजना से खासकर फायदा होगा।

# समाधान शिविर लोगों के लिए सकारात्मक साबित हो रहा

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री नायब सैनी के निर्देशन में आयोजित किए जा रहा समाधान शिविर लोगों के लिए सकारात्मक साबित हो रहा है। यहां पर आने वाली प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से निवारण किया जा रहा है। बुधवार को आयोजित समाधान शिविर में गांव भंडेरी निवासी संजीव विधुर पेंशन के संबंध में अपनी शिकायत लेकर उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार के समक्ष प्रस्तुत हुआ तो उपायुक्त ने उसकी शिकायत पर तुरंत कार्यवाही करते हुए जिला समाज



कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि इसकी तुरंत विधुर पेंशन बनाई जाएं ताकि इसको पेंशन योजना का लाभ मिल सके। अपनी शिकायत का तुरंत समाधान पाकर संजीव ने खुश होकर उपायुक्त का धन्यवाद करते हुए कहा कि समाधान शिविर के माध्यम से लोगों को अपनी शिकायत को अधिकारियों के समक्ष रखने का मंच मिला है। हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन की इस पहल को लेकर मैं उनका धन्यवाद करता है। इसके पश्चात गांव खेवड़ा निवासी योगेश ने उपायुक्त को अपनी शिकायत दी कि कुछ लोगों ने उनके रास्ते पर अवैध कब्जा कर लिया है, जिससे उनको आने जाने में परेशानी हो रही है, जिसपर उपायुक्त ने तुरंत बीडीपीओ राई को निर्देश दिए कि रास्ते पर हुए इस अवैध कब्जे को तुरंत हटवाकर उन्हें रिपोर्ट करें। उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर में अब तक पहुंची 7627 शिकायतों में से 6324 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है और 788 शिकायतों को समाधान के लिए संबंधित विभागों में भेजा गया है, जिनका जल्द ही समाधान कर दिया जाएगा। इसके अलावा 276 शिकायतों को रिजेक्ट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आज समाधान शिविर में कुल 05 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाया गया और 03 के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि इनका तुरंत समाधान करवाया जाए।

# सामाजिक कार्यो में संस्थाएं निभा रही अहम भूमिकाः उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** प्रमुख सामाजिक संस्था फैला उजियारा फांउडेशन की प्रदेशा अध्यक्ष कुमारी रंजिता कौशिक ने नव वर्ष की बेला पर जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में बुके देकर उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया का अभिनंदन किया व संस्था द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यो के बारे में जानकारी दी।

उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि समाज सेवा का क्षेत्र व्यापक है। इसमें किसी भी तरह की प्रतिस्पर्धा नहीं है। सामाजिक संस्थान हमेशा अग्रणी रहकर प्रशासन का विभिन्न कार्यक्रमों में





सहयोग प्रदान करती रही है। उनके द्वारा किये गए कार्यो से आम जन की मदद मिलती है व समाज में अच्छा करने की मुहीम को बल मिलता है। उपायुक्त ने संस्था द्वारा किये गए कार्यो की प्रशंसा की व भविष्य में भी इन्हें जारी रखते हुए आगे बढने के लिए शुभकामनाएं दी। उपायुक्त ने कहा कि संस्थाओं द्वारा समय समय पर समाज के कल्याण को लेकर आयोजन किये जाते रहे है।

## महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए दिया जा रहा तीन लाख तक का ऋण

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। महिला विकास निगम के माध्यम से राज्य की विधवा, तलाकशुदा या कानूनी रूप से अलग हुई महिलाओं को बैंकों के माध्यम से अपना स्वयं का व्यवसाय करने के लिए 3 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। उपायुक्त ने बताया कि योजना के तहत बैंक ऋण के ऊपर लगे ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा अनुदान के रूप में अदा करके की जाएगी।

# नौनिहालों ने रंगारंग प्रस्तुति देकर मचाया धमाल

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** ज्ञान गंगा माटिसरी एंड मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में नए साल का धमाकेदार आगाज किया गया । स्कूल में नव वर्ष के उपलक्ष्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नौनिहालों ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डा.रविशंकर ने विद्यालय के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व स्कूल की प्राचार्या मीनाक्षी खुराना के साथ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बच्चों व उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। शहर के जाने-माने शिशु रोग





विशेषज्ञ डा.रविशंकर ने कहा कि नया साल यह केवल एक नई शुरूआत ही नहीं बल्कि यह हमें निरंतर आगे बढ़ने और कुछ न कुछ सीखने की सीख भी देता है। हमें नए साल का स्वागत बड़े उत्साह और खुशी के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के अंदर की प्रतिभा निखरती है। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने मुख्य अतिथि डा.रविशंकर को स्मृति चिन्ह व शाल भेंट कर कार्यक्रम में पहुंचने पर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डायरेक्टर ध्रुव जैन ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह एक अनूठा आयोजन है । ऐसे आयोजनों से जहां बच्चों की प्रतिभा निखरती है, वहीं उनमें राष्ट्रप्रेम की भावना भी विकसित होती है। नींव मजबूत हो तभी इमारत मजबूत बनती है, इन छोटे-छोटे बच्चों की प्रतिभा से ही भारत विश्व गुरु बनेगा। बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोहाः नौनिहालों ने नव वर्ष के स्वागत में अपनी रंगारंग प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोहा। बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से एकता और देशभक्ति का संदेश भी दिया। इस मौके पर बच्चों ने लघु नाटिका के माध्यम से अभिभावकों को आगाह किया कि वे बच्चों की परवरिश पर पूरा ध्यान दें।

# कुंडा खोल या ना खोल,अस्सी खड़काई जावांगे......पर झूमे

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** सोशल ऑर्गेनाइजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा मंगलवार रात्रि सलारपुर रोड स्थित एक निजी होटल में जनकल्याणार्थ माता की अर्द्धरात्रि चौकी एवं भंडारा आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन प्रभारी संजीव सीकरी ने बताया कि नववर्ष के उपलक्ष्य में करवाए गए इस अनुष्ठान में बीते वर्ष का शुकराना और नए वर्ष का स्वागत किया गया जिसमें नगरवासियों ने सभी के लिए खुशहाली, तरक्की और आपसी प्रेम व भाईचारा कायम रखने की अरदास की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पंडित कुलदीप शर्मा द्वारा मुख्य यजमान अवनी गुप्ता



परिवार,मुख्यातिथि नरेश जैन,संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़,संरक्षक जितेंद्र बंसल,अधिवक्ता पृथ्वी नाथ गौतम,भूषण पाल मंगला,श्याम जुनेजा,शम्मी गेरा व राकेश कंसल से सर्वदेव पूजन संपन्न करवाया। तत्पश्चात मुख्य यजमान अवनी गुप्ता द्वारा मां की पावन जोत प्रज्वलित की गई और चुनरी की रस्म उद्योगपति नरेश जैन ने निभाई। कार्यक्रम में श्री नमदेश्वर महादेव मंदिर के संचालक आचार्य महेश भारद्वाज,दिनेश सिंगला और स्व. मेहरचंद मेंहदीरत्ता चैरिटेबल डिस्पेंसरी के चेयरमैन पंकज अरोड़ा ने विशेष रूप से शिरकत की। सर्वदेव पूजन,श्री गणेश, मां सरस्वती एवं गुरु वंदना के पश्चात मां की अर्द्धरात्रि चौकी विधिवत आरंभ हुई जिसमें प्ले बैक सिंगर लवली रामपाल शर्मा ने अपनी मधुर वाणी से महामाई का गुणगान किया। कुंडा खोल या ना खोल,अस्सी खड़काई जावांगे.......तेरी जय हो गोरा के लाल, शेरां वाली दा जगराता.....,रंग भवन में हो रही जय जयकार....., मां काहनु लाई देरियां.... और चिंतपूर्णी चिंता हरो....इत्यादि भजनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो कर झूम उठे। कार्यक्रम के बीच-बीच में भक्तों ने जय माता दी का पवित्र उद्घोष किया। इस दौरान समूह द्वारा अवनी गुप्ता को स्मृति चिन्ह,दोशाला और प्रमाण पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। आरती में अनुज गौड़,रामनिवास बंसल,अजय गोयल,अरुण गोयल,विनोद गर्ग,अशोक गर्ग गोगी,रामकुमार वर्मा,अशोक गोयल,मुनीश मित्तल,विकास बंसल,रूबल शर्मा मथाना,बंटी राजावत,रेखा शर्मा,मीरा गौतम,सुमन बंसल,सुनीता गोयल,उमा बंसल और रमा जुनेजा सहित श्रीवाला जी परिवार के सदस्य शामिल रहे।

**भाईचारा**

**नगरवासियों ने सभी के लिए खुशहाली, तरक्की और आपसी प्रेम व भाईचारा कायम रखने की अरदास की**

# स्वयंसेवकों ने कैंप में गंभीर बीमारियों और उनके लक्षणों के बारे में जाना

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन मुख्य अतिथि, सीएचसी बाबैन से डॉ. जसमीत ने स्वयंसेवकों को विभिन्न बीमारियों और उनके लक्षणों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने एचआईवी और टीबी जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ इनके बचाव के उपाय भी बताए। डॉ. जसमीत ने स्वस्थ खान-पान के महत्व पर भी प्रकाश डाला और बेहतर स्वास्थ्य के लिए सही आदतें अपनाने की सलाह दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने





स्वयंसेवकों को एकाग्रता और ध्यान के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रत्येक कार्य को सावधानी और समझदारी से करने की आदत पर बल दिया।डॉ. किरण ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ जीवनशैली अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। यदि हम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे, तो हम अपने कार्यों को और अधिक कुशलता से संपन्न कर सकते हैं।" इस दौरान विद्यालय के प्राध्यापक ओम प्रकाश, रविंद्र, गुरमीत, विकास, मनीष, संजीव, सुमित, दामिनी और पूनम का विशेष सहयोग रहा।

## न्यूज फ्लैश

### 18 वर्षीय युवती रहस्यमय परिस्थितियों में लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर के रामनगर क्षेत्र में एक 18 वर्षीय युवती संदिग्ध हालातों में घर से लापता हो गई। मां ने एक युवक पर उसकी बेटी को भगा कर ले जाने का आरोप लगाया है। युवती को भगाने में आरोपी युवक के भाई और बहन का भी हाथ बताया जा रहा है। परिजनों ने अपने स्तर पर युवती की तलाश की, लेकिन उसका कही पर भी कुछ पता नहीं चल पाया। मां की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी 18 वर्षीय बेटी 28 दिसंबर को घर से अचानक लापता हो गई। उसने आस पड़ोस में पूछताछ की तो पड़ोसियों ने उसे बताया कि बेटी को आखिरी बार एक युवक के साथ देखा था। आरोपी युवक का भाई और बहन भी उसका साथ दे रहे है और युवती उन्हीं के साथ गई है। उसके पास एक मोबाइल फोन भी था, जो बंद आ रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए रामनगर थाने में शिकायतकर्ता मां की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि युवती और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश की जा रही है। युवती के बारे में पूरी डिटेल ली जा रही है। मामले की सभी एंगल से जांच की जा रही है।

### नाबालिगा चार से लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में लापता नाबालिग लडकी का 4 दिन बाद भी पता नहीं चला है। मां ने पड़ोसी युवक पर भगा ले जाने का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता मां का कहना है कि वह बिहार के दरभंगा की रहने वाली है। करनाल में चार साल से एसपी कालोनी में किराए के मकान में रहती है। उसकी बेटी 29 दिसंबर की सुबह करीब साढ़े 8 बजे घर से निकली थी। बेटी किसी के घर पर झाड़ू पौचे का काम करती है। मैंने वहां जाकर भी पता किया, लेकिन वह वहां पर भी नहीं मिली। मैं ढूंढ-ढूंढ कर टूट चुकी हूं, कोई भी मदद नहीं कर रहा है।
पीड़ित महिला ने कहा कि उनके पड़ोस में एक युवक रहता है। वह भी उसी दिन से लापता है। यह युवक किसी होटल में काम करता है और रात को अपनी चाची के घर पर आकर रहता है। जहां पर युवक काम करता है, वहां पर जाकर भी पूछताछ की गई, वहां पता चला कि यह काम पर भी नहीं आ रहा।
उन्होंने कहा कि हमारे पड़ोस में चार साल से रह रहा है और हमें नहीं पता था कि ये ही लडका हमारी बेटी पर बुरी नजर रखे हुआ है। यही मेरी बेटी को बहला फुसलाकर ले गया है। लडकी के पास कोई फोन नहीं है, लेकिन लडके का मोबाइल बंद आ रहा है।

### यमुनानगर में कार की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत, दूसरा घायल

**यमुनानगर।** यमुनानगर में गांव करेहड़ा के नजदीक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार और बाइक की टक्कर से बड़ा हादसा हो गया। जिसमें बाइक सवार दो युवकों में से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका अस्पताल में इलाज जारी है। चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजन को सौप दिया। दोनों युवकों की पहचान मोनू और मनोज निवासी शिमलाना जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# समाधान शिविर में जन सुनवाई जारी रहेगी: उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र

## साफ सफाई अभियान में आम जन लें रूचि, जिले को बनायें साफ सुथरा व प्रदूषण मुक्त

**शिविर**

**▶▶ जनता समाधान शिविर नागरिकों के लिए संजीवनी का कार्य कर रहे है: उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

हरियाणा सरकार जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के जिला व उपमंडलो में आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर नागरिकों के लिए संजीवनी का कार्य कर रहे है। वर्ष 2025 के प्रथम दिन जिला सचिवालय सभागार में बुधवार को जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जब तक समस्याओं का खातमा नहीं होता तब तक समाधान शिविर में जन सुनवाई का कार्यक्रम यथावत जारी रहेगा।


उपायुक्त ने अधिकारियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जनता समाधान शिविर की शुरूआत की। प्रशासन की तरफ से एसडीएम ब्रह्मद प्रकाश ने बुके देकर उपायुक्त का अभिवादन किया। उपायुक्त ने शिविर में उपस्थित अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे प्रशासन और जनता के बीच की अहम कड़ी है। समन्वय स्थापित करके अधिकारी समस्याओं का समाधान करें।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने कार्यालयों को साफ -सुथरा रखें व इस स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करें। उपायुक्त ने नव वर्ष की बेला पर युवाओं के लिए एक मैसेज दिया कि वे ट्रेफिक नियमों का पालन करें व बगैर हैलमेट के वाहन न चलायें। उन्होंने ट्रेफिक के नियमों का पालन करने के साथ साथ नशे से दूर होकर वाहन चलाने का विशेष तौर पर युवाओं से आहवान किया। प्रार्थी समर वासी राज नगर ने उपायुक्त से दिव्यांग पैंशन बनवाने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि उनकी स्थिति कमजोर है। अगर सरकार की योजना का उन्हें लाभ मिलता है तो उनके जीवन में काफी सुधार होगा। उपायुक्त ने डीएसडब्लयूओ को इस मामले पर संज्ञान लेने के निर्देश दिए।

शिकायतकर्ता कृष्णदत्त वासी गवालड़ा ने प्रशासन से अनुरोध किया कि उनकी रूकी हुई मजदूरी दिलवायें जाएं ताकि वे अपना आगे का जीवन यापन कर सकें। उन्होंने उपायुक्त के समक्ष अपनी पूरी व्याथा रखी। उपायुक्त ने जिला श्रम आयुक्त को निर्देश दिए कि वे अतिशीघ्रता से उपरोक्त व्यक्ति की रूकी हुई मजदूरी दिलवायें।

शिकायतकर्ता ईश्वर सिंह वासी रविदास मौहल्ला ने उपायुक्त से चैक में नाम बदलने के लिए अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि मेरा नाम ईश्वर है जबकि मेरे सभी दस्तावेज और पासबुक बैंक खाते में मेरा नाम ईश्वर सिंह है। बैंक द्वारा पूरे नाम का ब्यौरा न देने के कारण से बकाया चैक राशि आज तक मेरे खाते में प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने उपायुक्त से प्रार्थना की कि उक्त राशि का चैक दुरूस्त करके दिलवाया जाएं। उपायुक्त ने एलडीएम को प्रार्थी की शिकायत पर संज्ञान लेने के निर्देश दिए। रणधीर सिंह वासी मछरौली ने प्रशासन से प्रार्थना की कि पावर हाऊस के सामने पंचायत जमीन पर पाल बंधवाने के लिए कई बार आवेदन किया लेकिन इस पर विभाग द्वारा सुनवाई नहीं हुई जिसके कारण पंचायती भूमि का पानी व गांव का बरसात का पानी हमारे खेत में आता है।

# दो कारों की टक्कर में सात घायल, हवा में उछली



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और फॉर्च्यूनर में टक्कर हो गई। स्कॉर्पियो हवा में उछल गई और सर्विस लेन पार कर खेतों में जा गिरी, जिससे उसकी खिड़कियां जाम हो गईं। उन्हें कटर से काटना पड़ा। हादसे में 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा बीती देर रात घरौंडा के कोहंड शनि मंदिर के पास हुआ। स्कॉर्पियो सवार लोग नए साल की पार्टी मनाकर लौट रहे थे, जबकि फॉर्च्यूनर में सवार परिवार वैष्णो देवी से घर लौटते हुए ढाबे से खाना खाकर निकला था। हादसे में दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिस ने उन्हें कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। गाजियाबाद के 2 परिवार फॉर्च्यूनर गाड़ी से माता वैष्णो देवी के दर्शन करने के लिए गए थे। कार में बच्चे भी थे। रात वे वापस अपने घर लौट रहे थे। वह कोहंड स्थित एक ढाबे पर खाना खाने के लिए रुके। जैसे ही फॉर्च्यूनर ढाबे से नेशनल हाईवे पर चढ़ी तो करनाल की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। एएसआइ मंजीत ने बताया कि हादसा बेहद भयानक था। स्कॉर्पियो के कई बार पलटने से खिड़कियां जाम हो गईं थी। ऐसे में स्कॉर्पियो को कटर से काटकर युवकों को बाहर निकाला गया। सभी 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को निजी वाहनों की मदद से पानीपत के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया।
घटना की जानकारी घरौंडा पुलिस को दी गई। घरौंडा थाना प्रभारी दीपक ने बताया कि कोहंड के पास स्कॉर्पियो और फॉर्च्यूनर में टक्कर हो गई। स्कॉर्पियो में सवार 7 युवक घायल हो गए।

# छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने का एक और मौका दिया खिलाड़ियो को

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** खेल विभाग ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पधाओं में प्रतिभागी रहे व पदक जीतने वाले खिलाडि?ों से छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये उपलब्धियां एक जनवरी, 2023 से 31 मार्च, 2024 के बीच की अवधि की होनी चाहिए। जिला खेल अधिकारी धीरेन्द्र सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हर साल खेल विभाग की ओर से पदक विजेता खिलाडि?ों को स्कोलरशिप दी जाती है। इस बार भी स्कोलरशिप के लिए 30 जुलाई, 2024 तक आवेदन मांगे गए थे। लेकिन बहुत से खिलाड़ी आवेदन करने से वंचित रह गए थे। जिस कारण खेल विभाग ने अब एक जनवरी, 2025 से 10 जनवरी, 2025 तक खिलाडि?ों को आवेदन करने का एक और अवसर प्रदान किया है। जिसके लिए नेशनल एवं इंटरनेशनल खेलों में पदक विजेता व भाग लेने वाले खिलाड़ी आवेदन कर सकते हैं। खेल विभाग अधिकारी ने बताया कि छात्रवृत्ति का आवेदन पत्र हरियाणास्पोर्टस.जीओवी.इन वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

# पानीपत में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 68 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जागरूक किया**

**▶▶ छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मानव के विकास में नशा सबसे बड़ा बाधक है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह साहब के दिशानिदेशों एवं पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के मार्गदर्शन में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए गांव गांव जाकर नशे के विरुद्ध युवाओं को जागरूक कर रहे हैं। वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोजकीपुर पहुंचे। यह कार्यक्रम प्रयास फाउंडेशन के सदस्य विनोद शर्मा और राजेश कौशिक के प्रयासों से संभव हुआ। विद्यालय के प्राचार्य राज कुमार की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ जिसमें 623 छात्र-छात्राओं, 24 शिक्षकों और 4 कर्मचारियों ने भाग लिया। मंच का संचालन मोनू त्यागी ने किया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मानव के विकास में नशा सबसे बड़ा बाधक है। यही कारण है कि विशेष रूप से युवाओं और बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने के साथ नशे के दुष्प्रभाव और नशे के विरुद्ध बने विधि के बारे बताया जा रहा है। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विस्तारपूर्वक नशे के आगमन, निर्माण, उत्पादन, राष्ट्र पर प्रभाव बारे विस्तार से बताया। उन्होंने 9050891508 पर प्रतिबंधित नशों के व्यापार की गुप्त सूचनाएं देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा यह पूरे प्रान्त के लिए है जिस पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया जा सकता है। उन्होंने अनेक कविताएँ और प्रसंग गाकर वह सुनकर विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। यदि नशा होता अच्छा, सबसे पहले माँ कहती खा ले मेरे बच्चा। जन्म होते ही शहद की जगह एक कटोरी में कोई नशा लेती। ऊँगली डूबा कर हमारी जिव्हा पर चटा देती। जिसका पिता पीता है, वो कहता थोड़ी सी पी ले। काहे करता है चिंता अपनी जिंदगी जी ले।

# हर्बल पार्क में साईबर राहगिरी कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हर्बल पार्क अम्बाला शहर में अम्बाला पुलिस ने साईबर जागरूकता अभियान चलाकर आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचने बारे जागरूक कर साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। इस कार्यक्रम में लगभग 120 आम नागरिकों, पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों व राहागिरो ने भाग लिया। साइबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थितगणों को साइबर



पुलिस टीम अम्बाला ने साईबर अपराधों से बचने बारे विशेष जानकारी दी। उन्होंने बतलाया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की कॉल पर भरोसा करके आप अपने बैक खाता/क्रैडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी साझां ना करे। अपने फेसबुक, व्हटसएप्प का पासवर्ड समय-समय पर बदलते रहे। ओटीपी को किसी से भी शेयर ना करे, किसी भी अनजान व्यक्ति का वीडियो काल ना उठाएं। बिना जानकारी के लालचवश आनलाईन सस्ते सामान को ना खरीदे। पुलिस वर्दी में वीडियो काल करके डिजिटल अरेस्ट करने वालों से ना डरें। साइबर अपराध से बचने हेतू सतर्कता बरतें। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने बतलाया कि अम्बाला पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को साइबर अपराधों व धोखाधडी करने वाले ठगों से बचाना और जागरूक करना है। उन्होंने बतलाया कि

**मांग**

~~▶▶ विद्यालय व समाज को जोड़ने की कड़ी है एसएमसी~~

~~▶▶ जिला स्तरीय एमसी प्रतिनिधि प्रशिक्षण~~

# बैंकों के माध्यम से 3 लाख रुपए तक के ऋण दिलवाने की व्यवस्था की गई

**आत्मनिर्भर**

**▶▶ आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से विधवाओं के लिए सब्सिडी योजना शुरू की है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**

उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने विधवा महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से विधवाओं के लिए सब्सिडी योजना शुरू की है, जिसके तहत बैंकों के माध्यम से 3 लाख रुपए तक के ऋण दिलवाने की व्यवस्था की गई है। ऋण के लिए आवेदन के समय महिला उधमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिये, आवेदक पहले से लिए गये ऋण का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए, योजना के तहत समय पर किस्त का भुगतान करने पर 3 वर्षों तक 100 प्रतिशत ब्याज अनुदान राशी प्रतिपूर्ति के रूप में दी जायेगी, परिवार की वार्षिक आय 3 लाख से कम विधवाओं के लिए सब्सिडी योजना के लिए पात्र होंगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत इन गतिविधिओं में सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत सेल्युन, ब्यूटीपार्लर, टेलरिंग, बुटिक, फोटो कॉपी
की दुकान, आचार बनाना, बैग बनाना, हलवाई की दुकान, डेयरिंग, यातायात वाहन के साधन ई रिक्शा, ऑटो, टेक्शी, छोटा सामान ढोने के साधन, थ्री व्हीलर, इत्यादि का अपना काम शुरू कर सकती है। योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित दस्तावेज आवेदन के साथ जमा करवाने होंगे।

### धनपत सिंह सांगी स्मृति अवार्ड के लिए 6 जनवरी तक करें आवेदन

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के लिए धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार हरियाणा की लोक कला और संस्कृति को संरक्षित व प्रोत्साहित साथ-साथ नए आयाम प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आवेदन 6 जनवरी 2025 तक सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग को ई-मेल या डाक के माध्यम से भेजे जा सकते हैं। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि इस पुरस्कार के तहत एक लाख रुपये की राशि, प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केवल हरियाणा के स्थाई निवासी ही इस पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# ब्रह्माकुमारीज ने मनमोहक कार्यक्रम का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय 16 कंच घर में नव वर्ष के आगमन पर अति मनमोहक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक यूथ ऑफिसर, अर्शदीप कौर, और पार्षद गुरप्रीत शाना भी शामिल रहे।
अर्शदीप कौर ने सब को नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि हम बड़े भाग्यशाली हैं जो हमारा साल का पहला दिन हमने इस परिवार के साथ बिताया, वर्ष की शुरूआत आध्यात्मिक विचारों के साथ हो रही है और यहां के सकारात्मक वातावरण के संग में आकर हमने मन को एक नई दिशा दी है।



पार्षद गुरप्रीत शाना ने कहा कि इस चढ़ते साल में हमें आत्म उन्नति की तरफ भी ख्याल करना चाहिए, जीवन की जरूरतों को पूरा करना जितना महत्वपूर्ण है आध्यात्मिक उन्नति भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। आश्रम प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने कहा कि नव वर्ष का अर्थ है कि इस साल के साथ साथ हमारे जीवन में भी कुछ नया हो हमारा आचार विचार और व्यवहार सब में कुछ नवीनता हो,जो बुराई पिछले साल हमारे जीवन को परेशानी में डालती रही या हमारी उदासी का कारण बनी इस साल हम अपनी किसी भी ऐसी बुरी आदत को पुराने साल के साथ विदाई दें दे। कार्यक्रम में बहुत सुंदर नाटक प्रस्तुति के साथ साथ गीत व डांस व अन्य मनोरंजक एक्टिविटी भी कराई गई। कार्यक्रम की समाप्ति पर केक काटकर सबका मुंह मीठा कराया गया व सबको प्रसाद दिया गया।

**नवीनता**

**▶▶ हमारे जीवन में भी कुछ नया हो हमारा आचार विचार और व्यवहार सब में कुछ नवीनता हो**

# स्वयंसेवकों ने समाज में फैली बुराइयों के विरोध में नाटक की

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में चल रहे 7 दिवसय शिविर का छठा दिवस रहा जिसमें सरस्वती वंदना के लक्ष्य गीत और नियमित योग अभ्यास के साथ दिन की शुरूआत की गई?। प्रथम सत्र में बंसीलाल और संदीप की अगुवाई में स्वयंसेवकों ने एक दिवसीय भ्रमण का आयोजन किया जिसके अंतर्गत नरकातारी गांव में मंदिर में भगवान श्री कृष्ण के विराट रूप के दर्शन करने के बाद सफाई अभियान चलाया और सेवा भाव से कार्य किया गया। इसके उपरांत गांव में जागरूकता प्रसार के लिए गांव के पंचायत घर में एक सभा का




आयोजन किया गया जिसमें गांव के सरपंच एवं सेवानिवृत मुख्याध्यापक केहर सिंह व सुल्तान सिंह सपरिवार के सहयोग से विद्यार्थियों ने पंचायत के कार्यों को जाना और विद्यार्थियों ने भ्रूण हत्या ,नशा उन्मूलन और कोलकाता रेप कांड के ऊपर एक नाटक प्रस्तुत किया इस नाटक के माध्यम से बच्चों ने समाज में फैली बुराइयों का विरोध किया और समाज में जागरूकता फैलाई। नव वर्ष की बेला पर द्वितीय सत्र में विद्यालय के प्रवक्ता सोमदत्त आत्रेय ने भारतीय संस्कृति के मूल्यों को उदाहरण के माध्यम से बच्चों के समक्ष रखा जिसमें उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति मैं नारी के स्थान को सर्वोपरि देवी तुल्य बताया गया व विश्व की अन्य संस्कृतियों की तुलना में भारतीय सनातन संस्कृति किस प्रकार बेहतर है। कार्यक्रम के अंत में नव वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्री अनिल अत्री ने सभी स्वयंसेवको एवं उनके परिवार सदस्यों को धन, वैभव ,अच्छे स्वास्थ्य, सुख ,संपदा एवं सफलता की मनोकामना करते हुए बधाई संदेश दिया इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा सभी वक्ताओं का धन्यवाद किया गया ।सत्र सत्र में स्वयंसेवकों ने नववर्ष के उपलक्ष में गायन कला, एवं नृत्य कला का
आयोजन कर मनोरंजन किया इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम के अधिकारी बंसीलाल , संदीप वर्मा , श्रीमती शालू देवी व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

**भ्रमण**

**▶▶ प्रथम सत्र में बंसीलाल और संदीप की अगुवाई में स्वयंसेवकों ने एक दिवसीय भ्रमण का आयोजन किया**

# आई. बी. (पी जी) महाविद्यालय में विधि-विधान के साथ हवन यज्ञ का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

नववर्ष के पावन उपलक्ष्य पर आई. बी. (पी जी) महाविद्यालय में पूरे विधि-विधान के साथ हवन यज्ञ का आयोजन किया गया , जिसमें प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, उप-प्राचार्या डॉ शशि प्रभा एवं बाकि स्टाफ सदस्यों ने आहुति डाली` महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग जी ने कहा कि नववर्ष पर हवन यज्ञ आयोजित कर मन व वातावरण को शुद्ध किया जाता है` वेदों में कहा गया हैं कि घर की सुख शांति, स्वास्थ्य व समृद्धि की कामना के लिए हवन करना



हिन्दू धर्म में प्रमुख कर्म माना जाता है । उन्होंने स्टाफ सदस्यों को भी प्रेरित करते हुए कहा कि वे छात्र झ छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा व खेल के साथ ही अन्य गतिविधियों में भी छात्र झ छात्राओं की भागीदारी निश्चित करें` हवन यज्ञ की पूणार्हुति के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने में हरियाणा अपनी अग्रणी भूमिका निभाए: सीएम सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नववर्ष 2025 सभी के लिए मंगलमय हो, विकास के पथ पर प्रदेश यूं ही आगे बढ़ता रहे तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने में हरियाणा अपनी अग्रणी भूमिका निभाए। इसके लिए प्रदेश के सभी लोगों का सहयोग आवश्यक है। मुख्यमंत्री अम्बाला शहर पुलिस लाईन मैदान में आयोजित पांच दिवसीय दिव्य गीता सत्संग के समापन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित कर रहे थे।



श्री कृष्ण कृपा जीयो गीता परिवार के तत्वाधान में इस गीता सत्संग का आयोजन किया गया था। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।
मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में 27 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक दिव्य गीता सत्संग का आयोजन हुआ है जिसमें सभी श्रद्धालुओं को श्रीमदभगवदगीता का ज्ञान मिला है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है कि हरियाणा की पावन भूमि कुरुक्षेत्र में भगवान श्री कृष्ण ने मोहग्रस्त अर्जुन को गीता का संदेश दिया था। गीता के इस कर्म के संदेश

**गीता सत्संग**

**कृष्ण कृपा जीयो गीता परिवार के तत्वाधान में इस गीता सत्संग का आयोजन किया गया था**

को देश दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाना है हरियाणा सरकार कुरूक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गीता जयंती महोत्सव का आयोजन कर इस कार्य को कर रही है तथा इसी कड़ी में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज श्रीमदभगवदगीता का ज्ञान घर-घर तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व के कई देशों में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के कार्यक्रम हुए हैं । उन्होने कहा कि कुरूक्षेत्र में आयोजित हुए गीता जयंती महोत्सव में इस बार भी 50 लाख से अधिक लोगों ने शिरकत की है तथा पूरी दूनिया में लाखों लोग वरच्यूल माध्यम से भी इस महोत्सव से जुडे है। उन्होने कहा कि कुरूक्षेत्र के 48 कोस की परिधि में आने वाले महाभारतकालीन 182 तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्धार करने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होने कहा कि कुरूक्षेत्र की पवित्र भूमि पर जहां भगवान श्री कृष्ण ने ज्ञान व कर्म का संदेश दिया था वहां पर 250 करोड रूपए की लागत से महाभारत थीम पर आधारित ज्योतिसर अनुभव केन्द्र व संग्राहलय का निर्माण किया जा रहा है।

# आर्य पीजी कॉलेज में नए वर्ष की शुरूआत हवन के साथ हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत (कमाल हुसैन )**
बुधवार को आर्य पीजी कॉलेज में नए वर्ष की शुरूआत हवन व मन्त्रोचारण के साथ हुई। महाविद्यालय की यज्ञशाला में हवन का आयोजन किया गया, कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता, आर्य समाज बडा बाजार के आचार्य आचार्य प्राज्ञदेव व अमरेश्वर और प्राध्यापकों के साथ-साथ विद्यार्थियों ने भी हवन में आहुति डालकर नए वर्ष पर सभी के लिए मंगलकामना की। आर्य कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंगला, महासचिव सीए कमल किशोर, कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य, वरिष्ठ सदस्य विरेंद्र सिंगला, सदस्य निखिल सिंगला समेत पूरी प्रबंधन समिति ने आर्य कॉलेज परिवार को बधाई दी व



सभी के लिए मंगलकामना की और अपना शुभकामना संदेश भेजा। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने सभी को नए साल 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि नए साल की शुरूआत हर साल हमें नई आशाएं, सपने और संभावनाएं लेकर आती है। यही समय ऐसा आता है जब हम अपने पिछले साल के अनुभवों को समीक्षा करते हैं और नए उद्देश्यों का सामना करने के लिए सजग होते हैं।
नये वर्ष में हम सब को हमें नये संकल्प लेने चाहिए और खुद के अंदर जो खामीयां हैं उन्हें दूर कर हर समय कुछ नया सीखने का प्रयास करना चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### गायों को गुड, गौपूजन कर गोसेवको को गर्म शॉल दे कर सममानित किया गया।



**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
गांव सनौली खुर्द स्थित श्री चतुर्भुज गौशाला में नव पर्व के उपलक्ष्य में समाजसेवी लोगों के साथ क्षेत्र में सुख शांति को लेकर मुखयअतिथि गोसेवक यमुना सुधार समिति अध्यक्ष रत्तन सिंह रावल ऐडवोकेट, एसआई सतीस कुमार, गौशाला मैनेजर राकेश गुप्ता के नेतृत्व में आसपास के गांवों से लोगो ने गो पुजनकर गायों को गुडड व गौशाला के गोसेवको गर्म शॉल, चादरे आदि दे कर सममानित किया गया। सुबह नव पर्व पर मुखयअतिथि यमुना सुधार समिति अध्यक्ष रत्तन सिंह रावल ऐडवोकेट, सनौली थाना के एसआई सतीस कुमार, गौशाला प्र?धान राकेश गुप्ता ने गोसेवको के साथ गोशाला में गायो को गुड खिलाया गया। इस दौरान गौशाला में गो पूजन कराया गया । इस दौरान यमुना सुधार समिति अध्यक्ष रत्तन सिंह रावल ने कहा कि नर्व वर्ष में क्षेत्र में सुख शांति कायम रहे और आपसी प्र?म भाव से गायों की सेवा करने का अवसर मिलता रहे और सभी आपसी प्रे?मभाव से रहे यही कामनाएं की गई । गौ सेवा करने से पुण्य का भागी बनते हैं। सभी ने सुख शांति बनाए रखने को लेकर गायो को गुड आदि भी खिला कर कर पूण्य कमाया। सभी के लिए सुख की कामनाएं की गई । इस पर सनौली थाना एसआई सतीस कुमार, गौशाला मैनेजर राकेश गुप्ता ने कहा कि गौशाला में सैकड़ो गायो की सेवा सभी दानी सज्जनों की सहायात से की जा रही हैं। गायों के लिए कोई गांव में गौचरान जमीन आदि आमदनी का कोई अन्य साधन नही हैं। सरकार को भी इस ओर कम ही रूझान दिया जा रहा हैं। गोसेवको की ओर से आर्थिक मदद से ही गायो की सेवा की जा रही हैं। इस अवसर पर सरपंच संजय त्यागी, सुखबीर, नरेश कुमार, हरीराम त्यागी, मुकेश कुमार, राममेहर त्यागी, पवन त्यागी, संदीप, राजपाल आदि सभी स्टाफ मौजूद रहे ।

### संस्थाओं को स्वच्छ करने के लिए चलाया गया स्वच्छता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : जिला परिषद की अध्यक्षा कंवलजीत कौर ने कहा कि स्वच्छ हरियाणा मिशन के तहत कुरुक्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत संस्थाओं को



स्वच्छ रखा जाएगा। इस मिशन को सफल बनाने के लिए प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को पूरी निष्ठा के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करना होगा। जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर बुधवार को जिला परिषद कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विरेन्द्र चौधरी ने 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक चलने वाले स्वच्छता अभियान के बारे में विस्तार से रिपोर्ट प्रस्तुत की और पूरे शैडयूल के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी है। जिप चेयरमैन ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र की धरा से दोबारा स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया और इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को अथक प्रयास करने होंगे। सीईओ विरेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वच्छता अभियान के अंतर्गत की जाने वाली गतिविधि से पहले व गतिविधि के बाद की फोटो को पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। मीटिंग के पश्चात चेयरपर्सन जिला परिषद व मुख्य कार्यकारी अधिकारी के नेतृत्व में जिला परिषद कुरुक्षेत्र के प्रांगण में सभी अधिकारियों का कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता के लिए श्रमदान करके प्रांगण की सफाई की गई। इस अवसर पर जिला परिषद के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी कृष्ण लाल, लेखा अधिकारी सत्यभूषण, उप मंडल अभियंता जिला परिषद रविंद्र कुमार सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# चुनावी कार्यालय का उद्घाटन शुभ मुहूर्त में किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** सर्वजातीय पंचायत के वरिष्ठ नेता सतपाल राणा व समाजसेवी सुरेन्द्र बैरागी ने वार्ड नंबर 2 से नगर निगम के भावी प्रत्याशी वकील उर्फ भोला के कार्यालय में पंडित रामपाल भारद्वाज द्वारा मंत्र उच्चारण करके चुनावी कार्यालय का रिबन काट करके शुभ मुहूर्त किया। इस अवसर पर लोगों ने ढोल नगाड़ों से मुहूर्त किया और नगर खेड़े पर प्रसाद चढ़ाकर के चुनाव प्रचार का शुभ मुहूर्त किया । इस अवसर पर राणा ने कहा है कि सर्वजातीय पंचायत आज नगर निगम के चुनाव में संभावित प्रत्याशियों के पांच कैंडिडेट की लिस्ट जारी कर रही है जिन में वार्ड नंबर 1 से प्रमोद गर्ग ,वार्ड नंबर 2 से वकील उर्फ भोला, वार्ड नंबर 3 से बलदेव अरोड़ा ( हनुमान ),वार्ड नंबर 5 से पंडित शिवकुमार शर्मा, वार्ड नंबर 26



से समाजसेवी शमशेर सिंह राणा होंगे और बाकी बचे प्रत्याशियों की लिस्ट बाद में जारी की जाएगी, राणा ने कहा है कि अबकी बार पानीपत नगर निगम में सर्वजातीय पंचायत के मेयर व पार्षद बनेंगे और शहर में लोगों की भलाई के लिए कार्य करेंगे ,इस अवसर पर वकील उर्फ भोला ने कहा है कि मैं अपने वार्ड में लोगों के लिए संघर्ष जारी रखुगा । अगर लोगों के आशीर्वाद से पार्षद बना तो जनता के लिए उनके कार्य किए जाएंगे भोला ने कहा है कि मेरा मकसद समाज सेवा करना है न कि धन कमाना, मैं अपने वार्ड के लोगों के हितों के लिए लड़ाई लड़ता रहूंगा ।
इस अवसर पर जगदीश कबीर पंथी, नरेश उर्फ लाला ,अरुण सिंह, पूर्वांचल महासंघ के जिला प्रधान अरुण राणा,

**समाजसेवी**

**मेरा मकसद समाज सेवा करना है न कि धन कमाना, मैं अपने वार्ड के लोगों के हितों के लिए लड़ाई लड़ता रहूंगा**

नीरज शर्मा ,जितेंद्र शर्मा, धर्म सिंह ,सुनील उर्फ काला, राहुल वाल्मीकि, मियां ईशाक खान, पप्पू कश्यप, रोशन लाल, राजकुमार,
शंकर यादव ,रामकुमार, पंकज पाल ,जगदीश पांचाल, विनोद, ठेकेदारनी राजरानी ,दर्शन, नूरजहां, संतोष देवी, बबली देवी ,अनीता देवी , रणजीत कौर, इन्द्रों, माता लक्ष्मी देवी व अन्य सम्मानित कॉलोनी वासी मौजूद रहे!

# एन एस शिविर के दूसरे दिन छात्रों का मार्गदर्शन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : आज श्रीमद्भगवद् गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरूक्षेत्र में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का दुसरा दिन रहा। आज संस्कृत आचार्य त्रिलोचन एवं एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी पुनीत डोडा ने दीप प्रज्वलन किया ।स्वयंसेवकों ने हर रोज की तरह लक्ष्य गीत गाया ।सभी स्वयंसेवकों ने सुर्य नमस्कार किया। स्वयंसेवक युवराज और राज कुमार ने देशभक्ति गीत गाया।

# सर्वसम्मति से आशीष तायल को बनाया गया है प्रधान



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
स्मार्ट मार्केट एसोसिएशन सालार गंज गेट का प्रधान सर्वसम्मति से आशीष तायल को बनाया गया है। नव नियुक्त प्रधान व उनके साथ कार्यकारिणी के अन्य सभी पदाधिकारियों ने बाजार के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का भरोसा दिलाया है। प्रधान आशीष तायल ने बताया कि उनके साथ-साथ भूषण हुड़िया व अनिल को उप-प्रधान, संरक्षक मित्तल व अमित तायल सचिव, गुलाटी व सोनू को उप-सचिव और दिनेश को कैशियर बनाया गया है।

# नववर्ष पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** नववर्ष के प्रथम दिन राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता शतकवीर पर्यावरण प्रहरी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर में समाजसेवी एवं रोटी बैंक के कोषाध्यक्ष नरेश सैनी मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे जबकि शिविर की अध्यक्षता ऋषि पाल ने की। शिविर संयोजक पुलिस उप निरीक्षक एवं हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों एवं रक्तदाताओं का



आभार व्यक्त किया और उन्होंने आज शिविर में 174 वीं बार रक्तदान किया और वे 85 बार प्लेटलेट्स दे चुके हैं। मुख्यातिथि नरेश सैनी ने कहा कि रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है। रक्तदान महादान है। रक्त कोष प्रभारी रमा की अध्यक्षता में रक्त संग्रहित किया गया। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने रक्तदाताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि रक्त की बूँद बूँद अमूल्य है। आज का युवा नशे की और जाकर नशे की सुई लगाकर अपने जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्हें चाहिए कि नशे की सुई से बचें और रक्तदान की सुई लगाकर लोगों के जीवन को बचाने का महत्वपूर्ण काम करें।

**रक्तदान**

**डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा अस्पताल कुरुक्षेत्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया**

# झांसा देकर पुलिसकर्मी से ठगे डेढ लाख

**जींद।** शहर थाना सफीदों पुलिस ने अमेरिका भेजने को झांसा देकर हरियाणा पुलिस के एएसआई से डेढ़ लाख रुपये की राशि ठगने पर धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। सफीदों निवासी मेजर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह हरियाणा पुलिस मे एएसआई के पद पर कार्यरत है। वह अपने बेटे सतनाम को अमेरिका भेजने का इच्छुक था। जिसके चलते एक जानकार की मार्फत उसका संपर्क फोन पर मुंबई निवासी पूरब ओबान से हुआ। बातचीत करने पर सौदा 15 लाख रुपये में तय हो गया। पूरब ओबान ने दो लाख रुपये पहले खाते में डलवाने तथा 13 लाख रुपये वीजा आने के बाद देने के लिए कहा।

# अपराधों की रोकथाम ही पुलिस का ध्येय

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : अपराधों की रोकथाम करना ही पुलिस का मुख्य ध्येय है। धर्मनगरी को अपराधमुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता होगी। अपराध और अपराधियों पर शिंकजा कसने के लिये आम नागरिकों का सहयोग जरुरी है। नशे को जड से खत्म करना और नशे से जूडे कारोबारियो को सलाखो के पीछे भेजना, जिला की सडकों को दुर्घटनारहित बनाना रहेगा वर्ष 2025 का मुख्य लक्ष्य । ये बातें नववर्ष की प्रातःकालीन बेला पर पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को नव वर्ष की बधाई व शुभकामनाएं देने उपरान्त कहीं । उन्होंने जिला वासियों को नव वर्ष



की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दुआ करते हैं कि नव वर्ष हम सबके लिये मगंलमयी हो, धर्मनगरी वासी अमन शान्ति से रहें ,जिला ही नहीं देश और विश्व के सभी जन स्वस्थ रहें। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि इस नए वर्ष में पुलिस का मुख्य ध्येय नशे को जड से खत्म करना है। नशा समाज की जडों को खोखला कर रहा है, युवा पीढी नशे की लत में फंसकर अपने भविष्य को खतरे में डाल रही है।

**मांग**

**अपराध और अपराधियों पर शिंकजा कसने के लिये आम नागरिकों का सहयोग जरुरी**

युवा देश का भविष्य है, देश के भविष्य को नशे जैसे अंधेरे से बचाना है। जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्त जीवन के प्रति जागरुक करने के साथ-साथ नशीले पदार्थों के धन्धें में संलिप्त अपराधियों को भी सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। इस नव वर्ष में नशे की डिमांड व सप्लाई पर काबू करके नशामुक्त कुरुक्षेत्र बनायेंगे।

# संतोष रानी की 77वीं वर्षगांठ पर 20वां रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : लिटिल कैंपस इंटरनेशनल स्कूल एवं जर्नलिस्ट क्लब की तरफ से प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय संतोष रानी की 77वीं वर्षगांठ पर 20वां रक्तदान शिविर आज लगाया जा रहा है। यह शिविर 2 जनवरी को सुबह 10 बजे मेहरचंद मेंहदीरत्ता चैरिटेबल डिस्पेंसरी एवं लाइब्रेरी कीर्ति नगर में लगाया जाएगा। लिटिल कैंपस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के एमडी एवं समाजसेवी पंकज अरोड़ा ने बताया कि समाजसेवी स्वर्गीय संतोष रानी की 77वीं वर्षगांठ पर 20वें रक्तदान शिविर का आयोजन आज सुबह 10 बजे कीर्ति नगर में



मेंहदीरत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा लगाया जाएगा। इस वर्षगांठ को मातृछाया दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान उनकी स्मृति में 15वां निःशुल्क जांच शिविर डा. पवन बंसल बीएस हार्ट केयर मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल कुरुक्षेत्र की टीम द्वारा लगाया जाएगा।

# टीबी को हराने के लिए साझे प्रयास जरूरी : डॉ. सुनील कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रास चेयरमैन नेहा सिंह के निदेशानुसार नववर्ष की शुरूआत पर जिला रेडक्रास सोसायटी की ओर से टीबी के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि की अगुवाई सन्निहित सरोवर स्थित लेबर चौक पर श्रमिकों को टीबी बचाव की जानकारी दी गई। इसके साथ ही ब्रह्मसरोवर पर आए पर्यटकों, साधुओं और आसपास की झुग्गी-झोपड़ियों में भी टीबी बचाव के प्रति जागरूक अभियान चलाया गया।
जिला रेडक्रास सोयायटी सचिव डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि



जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए स्लम बस्तियों, गांवों और श्रमिकों को बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन अभियान के तहत रेडक्रास द्वारा वर्ष 2025 तक टीबी समाप्त करने के लक्ष्य के तहत रोडमैप तैयार कर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। टीबी को हराने के लिए सभी के साझे प्रयास जरूरी हैं। स्वास्थ्य विभाग और जिला रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त प्रयासों से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी मरीजों तक दवाइयां मुफ्त पहुंचाई जा रही हैं। उन्होंने आह्वान किया कि टीबी के आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों को निक्षय मित्र बनकर आर्थिक रूप से मदद की जा सकती है, इसलिए सामाजिक संस्थाएं एवं प्रबुद्ध लोग निक्षय मित्र बनने के लिए आगे आएं।

**अभियान**

**जिला रेडक्रास सोसायटी की ओर से टीबी के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया**

जिला टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार के सघन जागरूकता अभियान के तहत श्रमिकों व ब्रह्मसरोवर पर आने वाले पर्यटकों व साधु-संतों को टीबी से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। रेडक्रास की ओर से ड्राप आउट क्षय रोगियों का इलाज शुरू करने के साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों को पौष्टिक आहार किट भी वितरित की जा रही हैं। सरकार की ओर से टीबी जागरूकता को लेकर जो कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं, उनमें भी रेडक्रास सोसायटी बढ़-चढकर हिस्सा लेती है। इस अवसर पर वालंटियर जोगेंद्र, राहुल, रानी व आरती प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

# नववर्ष के अवसर पर हवन व भंडारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र,:** पिपली रोड स्थित एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान में नववर्ष के उपलक्ष्य में जनकल्याणार्थ हवन एवं भंडारा आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए आयोजक अंकित गर्ग और रिंकु धीमान ने बताया कि प्रत्येक नववर्ष के प्रथम दिवस पर उनके प्रतिष्ठान में हवन व भंडारा आयोजित किया जाता है जो इस बार भी किया गया। बुधवार प्रातःकाल हवन-पूजन में सम्मिलित षडदर्शन साधु समाज, हरियाणा के अध्यक्ष परमहंस ज्ञानेश्वर दास और कार्यालय सचिव व रत्नदक्ष चिट्टा मंदिर, पिपली के महंत राम अवतार दास ने आयोजकों व भक्तों को नववर्ष की बधाई दी। महंत राम अवतार



ने कहा कि नववर्ष का शुभारंभ पूजा-पाठ व हवन से हो तो पूरे वर्ष भगवान की विशेष कृपा प्राप्त होती है। नए साल के पहले दिन भक्ति आराधना में मन लगाकर अपने ईष्ट से अपने परिवार और व्यापार के लिए आशीर्वाद प्राप्त करेंगे तो भविष्य में कभी कोई कष्ट नहीं रहेगा। उन्होंने आयोजकों के साथ मिलकर सभी को भोजन प्रसाद वितरित किया और सभी को नववर्ष की शुभ कामनाएं दी। इस अवसर पर पंडित मुक्तिनाथ मिश्रा, वीरेंद्र गर्ग, लोकेश राणा, विनीत शर्मा, प्रदीप राणा, शिव कुमार राणा, बबलू, देवेंद्र, अशोक राणा, हैप्पी गर्ग, विनोद राणा, सन्नी और दलबीर सहित अन्य शामिल रहे।




# विधायक संजीव झा ने क्षेत्र में निकाली पद यात्रा,लोगों का मिला समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर और दिल्ली की सत्ता बचाए रखने के लिए केजरीवाल सरकार जोरों-शोरों से तैयारियों में जूटी हुई हैं, तो वहीं दिल्ली के लोगों व को लुभाने व महिलाओं को 2100 रूपए महीना देने की भी घोषणा कर अपने पक्ष में करना चाहती है। तो दूसरी ओर आम आदमी पार्टी के नेता व विधायक भी जनता के हाजरी देने के लिए निरंतर जनसंपर्क बनाए हुए हैं। इसी कड़ी में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से विधायक संजीव झा ने बुराड़ी स्थित शनि बाजार रोड, समता विहार, मुकुंदपुर में पदयात्रा निकाली। इस दौरान पार्टी के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र की जनता भी मौजूद रही। इस मौके पर विधायक संजीव झा ने क्षेत्र के लोगों का आभार जताते हुए कहा कि मुझे भारी संख्या में जनता का



समर्थन, प्यार व बुजुर्गों का आशीर्वाद मिला है, जनता के साथ इस आत्मीय जुड़ाव ने मेरे मनोबल को और भी मजबूत किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जनता का यही



उत्साह और प्यार मुझे क्षेत्र के विकास में और प्रगति करने की ताकत देता है। इस दौरान बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा उपाध्यक्ष अंबिका मिश्रा ने कहा कि विधायक संजीव झा ने हमेशा ही निस्वार्थ भाव से बुराड़ी क्षेत्र की जनता का भला ही किया हैं। उन्होंने बस गरीब लोगों के हितों को ध्यान में रखकर काम किया है। वहीं मिश्रा ने यह भी कहा है की दिल्ली सरकार के पूर्व में स्कूलों की भी हालत काफी जर्जर थी, लेकिन हमारी सरकार ने दिल्ली के सभी सरकारी स्कूलों को पुनर्निर्माण करवाकर हाईक्लास बनाने के काम किया है, जो कि अब प्राईवेट स्कूलों से भी आगे निकल गए है। अंबिका मिश्रा ने बताया कि मुकुंदपुर वार्ड से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर क्षेत्र में साफ-सफाई की ओर ध्यान नहीं देते है जिसके चलते क्षेत्र में गंदगी का माहौल बना हुआ है। मिश्रा ने कहा कि इस बार भी दिल्ली में एक बार से आप की सरकार बनने वाली है और सरकार बनते ही इस बार दो गूनी रफ़्तार से विकास कार्य होंगे।

## बच्चों में सींचो संस्कार व सेवा भाव की भावना: प्रताप सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मानव जीवन में हमें अपने बच्चों में सेवा-भाव के विकास के साथ साथ निःस्वार्थ भावना का संस्कार भी रोपना चाहिए। निःस्वार्थ सेवा करने से दिनों-दिन उसके प्रति उत्साह की वृद्धि होती है। जरूरी नहीं हैं बड़े-बड़े संस्थान खोलकर ही सेवा करना संभव है। मॉडल टाउन में रहने वाले व मां कामाख्या असाम सिद्व पीठ के उपासक प्रताप सिंह गुरू जी ने कहा कि यदि आप वास्तव में कुछ करना चाहते हैं तो बड़े-बड़े अस्पताल खोलने की जरूरत नहीं, जरूरत है तो लोगों की छोटी-छोटी तकलीफों को दूर करने की। भूखे का पेट भरे न कि



**उपदेश दें:** कोई भूख से व्याकुल होकर हाथ पसारे तो उसे उपदेश देने की बजाय पेट घर भोजन करा दीजिए। उपदेश देना हो तो बाद में दीजिए। उपदेश या निरंतर भीख देने की बजाय उसे रोजगार का अवसर दीजिए या उसका उचित मार्गदर्शन कीजिए।

**दूसरों के प्रति बने परोपकार:** इंसान को अपने जीवन में दूसरों के प्रति परोपकार की भावना रखनी चाहिए ताकि हमारे भीतर पैदा हुआ अहंकार खत्म हो सके और हम अपने प्रति जागरूक हो सकें। उन्होंने कहा कि मानव जीवन मूल्यों में संस्कारों का बड़ा महत्व है। ऐसा ही एक संस्कार है सेवा का भाव। निःस्वार्थ भाव से यथासंभव जरूरतमंद की मदद करना, सेवा करना हमारे संस्कारों की पहचान कराता है। उन्होंने कहा कि तन, मन और वचन से दूसरे की सेवा में तत्पर रहना स्वयं इतना बड़ा साधन है कि उसके रहते किसी अन्य साधन की आवश्यकता ही नहीं रहती।

## जन शिकायतों का समयबद्ध तरीके से समाधान करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली:** वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू ने जन शिकायतों का समयबद्ध तरीके से समाधान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, पीएसआईसी के अध्यक्ष, एमडी और ईडी स्तर के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को हर महीने हल की गई शिकायतों के समाधान की गुणवत्ता की निगरानी के लिए कम से कम 20 मामलों की समीक्षा करनी चाहिए। डीएफएस सचिव एम. नागराजू ने बुधवार को जन शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए शिकायतकर्ता, पीएसबी, बीमा कंपनियों और नियामकों के साथ बैठक की।

## जहांगीर पुरी में डॉ. एम एल भास्कर ने 300 बुजुर्गों में बाँटी शाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रेज़िडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन आई एंड जे ब्लॉक के अध्यक्ष डॉ एम एल भास्कर के द्वारा नववर्ष के शुभ अवसर पर जहांगीर पुरी वार्ड नं 18 में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के आदेशानुसार साठ साल के लगभग 300 बुजुर्गों को शाल वितरित की गई। इस अवसर पर रोहिणी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह शौकीन, जयप्रकाश राणा, धर्मवीर यादव, अशोक यादव, एडवोकेट अखिलेश, विक्रम शुक्ला, सूरज भान, अशोक भास्कर, भैरो भाई, नाज प्रोप्टर्टी के के बोस, भाई अलाउद्दीन, रविंद्र गुप्ता, दीपक



प्रजापति, भोले शंकर, आजम आसिम के अलावा सभी क्षेत्रीय कांग्रेसी नेता सहित कई लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉक्टर एम एल भास्कर ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है। इसलिए सभी को समाज सेवा के क्षेत्र में आना चाहिए और बड़े बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। आज नव वर्ष के उपलक्ष में माननीय दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में लगभग 300 लोगों का सम्मान करने का अवसर हम सभी को मिला है। मैं सभी क्षेत्रवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देता हूं। इस मौके पर कई लोगों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

## दिल्ली देहात का अपमान बंद करे 'आप' सरकार: पंचायत संघ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पंचायत संघ ने आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली देहात, गांव, ग्रामीण, और किसान सम्मान योजना नहीं लाने पर कड़ी चेतावनी दी है। संघ ने आरोप लगाया कि 'आप' सरकार पिछले 10 वर्षों से दिल्ली देहात के गांवों, गरीबों और किसानों की अनदेखी कर रही है।

दिल्ली देहात गांवों के मुद्दो को लेकर ऐतिहासिक पांडव कालीन शिव मंदिर गांव मादीपुर में पंचायत की। जिसकी अध्यक्षता सुधीर शर्मा प्रमुख गांव पंचायत मादीपुर



ने की। इस अवसर पर पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव, सह प्रमुख सुनील शर्मा, पूर्व एसडीएम जयभगवान शर्मा, और पंच प्रमुख रमेश यादव समेत कई पंचायत प्रमुख उपस्थित रहे।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि केजरीवाल सरकार नई-नई योजनाओं की घोषणाएं तो करती है, लेकिन उन्हें अमल में लाने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा,ग्रामीणों का हाउस टैक्स माफ करने की घोषणा आज भी अधूरी है। किसानों के सर्किल रेट 10 वर्षों से नहीं बढ़े। कृषि भूमि, बच्चों की शिक्षा और रोजगार, गरीबों और भूमिहीनों के लिए मकान और प्लॉट देने जैसी बुनियादी मांगों को नजरअंदाज किया गया है।

यादव ने आरोप लगाया कि लाल डोरा और विस्तारित लाल डोरा मुक्त कर मालिकाना हक देने, गांवों में नल से जल पहुंचाने, ग्राम सेवा केंद्र खोलने, बारात घर और पार्किंग बनाने, तथा पब्लिक स्कूलों में गांव के बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा और 100% आरक्षण देने की कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई।

**ग्रामीणों में गहरा आक्रोश:** महापंचायत की चेतावनी देते हुए सह प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा, पिछले 10 वर्षों में 'आप' सरकार की घोषणाओं और वादों पर कोई ठोस काम नहीं हुआ। इसे लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो हम एक महापंचायत बुलाकर इसके खिलाफ बड़ा कदम उठाएंगे। इसमें सरकार के खिलाफ भारी मतदान का निर्णय लिया जाएगा। पंचायत में शामिल अन्य सदस्यों ने भी सरकार पर ग्रामीणों की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली देहात को अब तक विकास से वंचित रखा गया है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो यह विरोध और तेज करेंगे।

## सोमनाथ भारती की प्रेस कॉन्फ्रेंस उनकी निश्चित हार की अग्रीम स्वीकृति है:कपूर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की मालवीय नगर से तीन बार के विधायक सोमनाथ भारती अपने बुरे वयवहार के चलते अपनी राजनीतिक जमीन पूरी तरह खो चुके हैं।

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में सोमनाथ भारती नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी थे और आज वह जिस कांग्रेस प्रत्याशी पर आरोप लगा रहे हैं



वह ही सोमनाथ भारती के गठबंधन मैनेजर थे।

दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता ने कहा है की आप के अधिकांश नेता बौखलाए हुए हैं और सोमनाथ भारती, सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया ही नही खुद अरविंद केजरीवाल आगामी विधानसभा चुनाव में फंस गये हैं और इन सबकी हार निश्चित हैं।

इसलिए अरविंद केजरीवाल से सोमनाथ भारती तक सब आगामी चुनाव प्रचार में विकास एवं शासन व्यवस्था पर बोलने से बच रहे हैं और चुनाव को भटकाना चाहते है पर दिल्ली की जनता अब उनके किसी छलावे में नही आयेगी।

## भुवनेश कुमार ने यूआईडीएआई के सीईओ का पदभार ग्रहण किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भुवनेश कुमार ने बुधवार को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का पदभार ग्रहण किया। वह उत्तर प्रदेश कैडर के 1995 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र से स्नातक और स्वर्ण पदक विजेता भुवनेश ने केंद्र और अपने कैडर राज्य दोनों में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। यूआईडीएआई के सीईओ के साथ-साथ वह भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) में अतिरिक्त सचिव भी हैं। इससे पहले, वह एमईआईटीवाई में संयुक्त सचिव के पद पर भी काम कर चुके हैं।

## विजेंद्र ने सीवीसी को लिखा पत्र, जल बोर्ड में घपलों पर कार्रवाई की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार पर भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा है कि दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार की यह पराकाष्ठा है। वह अब जांच एजेंसियों के पत्रों का जवाब देना भी जरूरी नहीं समझती है। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर उनके द्वारा सीवीसी में दी गई




शिकायत के संबंध में दिल्ली सरकार के सतर्कता आयुक्त की चिट्ठी का भी जवाब सरकार नहीं दे रही है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि दिल्ली जल बोर्ड में भ्रष्टाचार का बड़ा खेल हुआ है, जिसे सरकार दबाने और जनता से छुपाने पर आमादा है। दिल्ली जल बोर्ड में वित्तीय गड़बड़ियों का हवाला देते हुए उन्होंने विगत 5 सितम्बर 2024 को केंद्रीय सतर्कता आयोग को पत्र भेजकर दिल्ली जल बोर्ड में पाई गई वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की जांच करने की मांग की थी। दिल्ली सरकार के मुख्य सतर्कता अधिकारी ने इस पर कार्रवाई करते हुए दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ को 14 अक्टूबर 2024 को पत्र भेजकर इस मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट भेजने का आदेश दिया। इस पर दिल्ली जल बोर्ड ने कोई एक्शन नहीं लिया।

## एनएचआरसी ने आश्रय गृहों की हालत पर जताई चिंता




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने दिल्ली सरकार के उर्दू पार्क स्थित आश्रय गृहों के स्थलीय निरीक्षण के बाद इसके हालत पर चिंता जताई है।

एनएचआरसी के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने बुधवार को दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को पत्र लिखकर कुछ व्यक्तियों द्वारा कथित तौर पर रात्रि आश्रय गृहों को स्थायी निवास के रूप में इस्तेमाल किए जाने पर चिंता जताई है। इस संबंध में आयोग ने बोर्ड से सात दिनों के अंदर कार्रवाई की रिपोर्ट देने को कहा है।

आयोग ने मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 12(ए) के तहत स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले में तत्काल हस्तक्षेप, गहन जांच और उचित सुधारात्मक उपायों के कार्यान्वयन की मांग की है।

कानूनगों ने अपने पत्र के माध्यम से दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड से कहा है कि 30 दिसंबर को उर्दू पार्क स्थिति अस्थाई गृह के निरीक्षण के दौरान कई ऐसे लोग मिले जो पिछले 10-15 सालों से वहां बिना वैध कागजों के रह रहे हैं।

इनके रोहिंग्या होने की भी संभावना है।

अवैध अप्रवास से जुड़ा मुद्दा काफी संवेदनशील और गंभीर है। लंबे समय तक आश्रय गृह में रहने वाले लोगों सहित कई निवासी पूरी तरह से राज्य द्वारा प्रदान किए गए संसाधनों पर निर्भर हैं, जैसे कि भोजन, रखरखाव, चिकित्सा उपचार और अपने बच्चों की शिक्षा, ये सभी दिल्ली सरकार द्वारा वित्तपोषित हैं।

## दिल्ली के सभी एतिहासिक गुरुद्वारों नव वर्ष की पूर्व संध्या पर कीर्तन समागम करवाए गए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी द्वारा दिल्ली के सभी एतिहासिक गुरुद्वारों में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर कीर्तन समागम करवाए गए जिसमें संगत ने बढ़चढ़ कर भाग लेते हुए नए साल को गुरुद्वारों में गुरबाणी कीर्तन श्रवण करते हुए मनाया। दिल्ली कमेटी अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका, महासचिव जगदीप सिंह काहलो, धर्म प्रचार के मुखी जसप्रीत सिंह करमसर ने संगत को नव वर्ष की षुभकामनाएं दी। नए साल के पहले दिन भी गुरुद्वारों में संगत की आवाजाई लगी रही और

**हाजरी भरी**

**शुभ इच्छाओं, अच्छी आदतों, तंदरुस्त मन और तन वाला हो, गुरु के भैभावनी में रहने वाला, गुरमत वाला**

अकेले गुरुद्वारा बंगला साहिब में एक लाख से अधिक संगत ने हाजरी भरी।

सः जसप्रीत सिंह करमसर ने कहा कुछ साल पहले तक लोग नए साल के जष्न को मनाने के लिए होटलों क्लबों का सहारा लेते थे



और वहां जाकर कई प्रकार के नषों का सेवन भी करते थे मगर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक धर्म प्रचार कमेटी द्वारा मुहिम चलाई गई जिसके आज जहां सभी एतिहासिक गुरुद्वारों में कीर्तन समागम करवाए गए वहीं ज्यादातर सिंह सभा गुरुद्वारों में भी धार्मिक कार्यक्रम हुए। उन्होंने इसका सबसे अधिक लाभ युवा वर्ग को हुआ जो अब गुरुद्वारों में आकर गुरबाणी कीर्तन श्रवण करने लगी है। सः जसप्रीत सिंह करमसर ने कहा हमारी गुरु महाराज से समक्ष अरदास है कि नया चढ़ा साल नईं उमंगों, शुभ इच्छाओं, अच्छी आदतों, तंदरुस्त मन और तन वाला हो, गुरु के भैभावनी में रहने वाला, गुरमत वाला, बाणी पढ़ने और सुनने वाला हो। पिछले समय में जो नहीं किया, आओ वो अब शुरू करें: जैसे सहज पाठ, कथा कीर्तन सुनना, गुरसिखों की संगत, गुरु घर जाना, गुरबाणी के अर्थ पर विचार करना, अमृत वेले जागना, ग्रंथी और सेवादारों का सम्मान करना। उन्होंने कहा अगर हम ऐसा करने लगे तो निष्चित तौर पर हमारा जीवन बदल सकता है इसलिए सभी प्रण करते हुए इन आदर्षों को अपने जीवन में अपनाएं।

# महाकुम्भ : योगी सरकार का आपदा प्रबंधन के लिए मास्टर प्लान




**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगरः मानवता** की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में विख्यात महाकुम्भ को आपदा मुक्त सम्पन्न करने के लिए योगी सरकार ने पूरी ताकत झोंक दी है। किसी भी तरह की अप्रिय घटना रोकने और उससे निपटने के लिए पूरी तरह प्रशिक्षित और सक्षम फोर्स को तैनात कर दिया गया है। अब क्विक रिस्पॉन्स के साथ ही जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम का गठन किया गया है। इसके तहत, मंडल, जनपद और मेला स्तर पर जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। मेला क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी आपात स्थिति या आपदा के घटित होने पर रिस्पांसिबिल टीम तत्काल क्रियाशील हो जाएगी।

**मण्डलायुक्त होंगे रिस्पॉन्सिबल अधिकारीः** योगी सरकार के राजस्व विभाग द्वारा आईआरएस का गठन किया गया है। इसमें प्रयागराज मंडल के तहत मण्डलायुक्त एवं अध्यक्ष, प्रयागराज मेला प्राधिकरण को रिस्पॉन्सिबल अधिकारी बनाया गया है। वहीं, पुलिस आयुक्त को सुरक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह, जनपद स्तर पर जिला मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष डीडीएमए को इंसिडेंट कमाण्डर, अपर जिलाधिकारी को डिप्टी इंसिडेंट कमाण्डर और डीसीपी नगर को सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**मेला क्षेत्र के लिए मेलाधिकारी होंगे इंसिडेंट कमाण्डरः** मेला क्षेत्र के लिए मेला अधिकारी को इंसिडेंट कमाण्डर मेला क्षेत्र नियुक्त किया गया है।

सहायक मेला अधिकारी को उप इंसिडेंट कमाण्डर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कुंभ मेला को सुरक्षा अधिकारी, एसडीएम सेक्टर को इसिडेंट कमाण्डर मेला सेक्टर और एडिशनल एसपी-डिप्टी एसपी, सेक्टर को सुरक्षा अधिकारी मेला सेक्टर निर्धारित किया गया है। इन सभी का मुख्य कार्य आपदा की स्थिति में तुरंत क्रियाशील होना होगा।

**जारी हुई अधिसूचनाः** प्रमुख सचिव पी गुरुप्रसाद की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार, महाकुम्भ प्रयागराज के सुचारू संचालन के लिए मेले के आयोजन के दौरान किसी भी आपदा पर त्वरित, कुशल एवं प्रभावी गति से कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के लिए संगठनातमक संरचना के अनुसार प्रत्येक हितधारक-उत्तरदाता की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट किए जाने के उद्देश्य से इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम को महाकुम्भ मेला

जनपद क्षेत्र के लिए गठित किया गया है। मेला क्षेत्र के अन्तर्गत किसी आपात स्थिति-आपदा के घटित होने पर यह रिस्पांसिबिल टीम क्रियाशील रहेगी।

# प्रेमी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या, तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः ठाकुरगंज** थाना क्षेत्र में 30 दिसंबर 2024 को कमरे में मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने बुधवार को घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दावा किया है कि पत्नी ने अपने प्रेमी और उसके भाई के साथ मिलकर हत्या की थी। पुलिस ने महिला उसके प्रेमी और उसके भाई को? गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि न्यू हैदरगंज निवासी शत्रुघन राठौर का शव 30 दिसंबर को उनके आवास पर मिला था। पत्नी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी कि अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर उनके पति की हत्या कर दी। पुलिस ने मामले की जांच में पाया कि राखी राठौर का प्रेम प्रसंग धर्मेंद्र



राठौर के साथ चल रहा है। इसकी जानकारी शत्रुघन को हो गई थी, जो इसका विरोध कर रहा था। इसी कारण पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की योजना बनायी कि पति को रास्ते से हटा देंगे और यह अफवाह फैलायेंगे कि बीपी की अधिक दवा खाने से उसकी मृत्यु हो गई है। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार कर देंगे। उन्होंने इसी प्लान के तहत वारदात को अंजाम भी दिया। लेकिन बच्चों ने पुलिस को इसकी जानकारी दे दी, जिससे उनकी साजिश का पदार्फाश हो गया। पुलिस ने शत्रुघन की हत्या में उसकी पत्नी उसके प्रेमी और आरोपित के भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### संभल में विवादित जामा मस्जिद के पास तेजी से हो रहा पुलिस चौकी का निर्माण कार्य

**संभल,**
**उत्तर** प्रदेश के संभल जिले में विवादित जामा मस्जिद के पास पुलिस चौकी का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। बुधवार को बाउंड्री का काम पूरा होने के बाद अब कक्षों की बुनियाद खड़ी की जा रही हैं। जनवरी में ही पुलिस चौकी के शुरू होने की उम्मीद है। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चंद्र बुधवार को पुलिस चौकी निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने निर्माण कार्य को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 24 नवंबर को हुई हिंसा के बाद से यहां विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सुरक्षा के लिहाज से ही पुलिस चौकी का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे जामा मस्जिद के आसपास सुरक्षा का दायरा बढ़ जा सके। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस चौकी में कार्यालय, हॉल, हवालात और पुलिसकर्मियों के लिए कमरे बनाए जा रहे हैं। इस पुलिस चौकी के निर्माण से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। लोगों को पुलिस की मदद भी तत्काल मिल सकेगी। जनवरी में चौकी के शुरू होने की उम्मीद है।

### नववर्ष पर रात में जश्न, सुबह मंदिरों में आस्था पर रहे लीन

**कानपुर**
**मंगलवार की** रात घड़ी की सुई जैसे ही 12 को पार किया वैसे ही शहरवासी जश्न में डूब गये और बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। वहीं सुबह होते ही नववर्ष की मंगल कामना के लिए शहरवासी मंदिरों की ओर रुख कर लिए। अपने आराध्य को ध्यान लगाकार आस्था पर लीन रहे और नया साल खुशियों से भरा रहा उसकी मन्नते मांगी गईं। यह हाल एक दो मंदिरों में नहीं लगभग सभी मंदिरों भक्तों की भीड़ रही जो देर शाम तक भी चलती रही। इस दौरान मंदिरों में भण्डारों का भी आयोजन चलता रहा और लोग प्रसाद ग्रहण करते रहे। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी मुस्तैदी से जुटा रहा।

साल 2024 अपनी खट्टी-मीठी यादों के साथ जा चुका है और नए साल 2025 की शुरूआत हो चुकी है। नववर्ष भव बाधा मुक्त रहे और खुशियों व तरक्की युक्त रहे इसको लेकर बुधवार को शहरभर के मंदिरों में भक्तों का जनसैलाब उमड़ा। लोग मंदिरों में अपने आराध्य पर ध्यान लगाकर लीन रहे और नववर्ष की मंगल कामना के लिए आशीर्वाद मांगा।

**घंटो इंतजार के बाद मिले बाबा के दर्शन:** शहर के मध्य ग्वालटोली के परमट इलाके में मां गंगा किनारे स्थापित बाबा आनंदेश्वर शिव मंदिर शहर के प्रमुख मंदिरों में से एक है। यहां पर सुबह से ही भक्तों का जनसैलाब देखने को मिला। मंदिर में दर्शन करने आये भक्तों ने बताया कि सुबह करीब दो घण्टे लाइन में लगकर बाबा के दर्शन किये। वहीं पुलिस प्रशासन ने मंदिर कमेटी के साथ मिलकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किया, जिसे देखकर दर्शन करने आये भक्तों ने संतुष्टि जाहिर की है। मंदिर के अजय पुजारी ने बताया कि भोर पहर पट खुलने से पहले ही श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लग गई थी और नववर्ष पर देर शाम तक भक्त आते रहेंगे। इसके अलावा द्वितीय काशी के नाम से प्रसिद्ध जाजमऊ इलाके में स्थित बाबा सिद्धनाथ धाम पर भक्तों की भारी भीड़ रही। यहां पर चारों तरफ केवल हर-हर शंभू के जयकारे सुनाई दे रहे थे। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सुबह की कपकपा देने वाली ठंड होने के बावजूद बाबा के दर्शन करने मंदिरों में पहुंच रहे हैं और यह क्रम देर शाम तक चलता रहेगा। मंदिर के महंत बाल चैतन्य अरुण पुरी ने बताया कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो इसके लिए प्रशासन के साथ ही वालंटियर भी लगाए गये हैं।

**पनकी धाम में भी लगी लंबी-लंबी लाइनें:** पनकी इलाके में पंचमुखी हनुमान हनुमान मंदिर में भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां मंगला आरती के बाद से ही हनुमानजी के दर्शन करने के लिए भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर में दर्शन करने आये भक्तों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मंदिर के पुजारी महामंडलेश्वर जितेंद्र दास जी ने बताया कि मंदिर में दर्शन करने आये भक्तों खासकर महिलाओं को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो इसके लिए मंदिर कमेटी ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर रणनीति बनाते हुए अमल में लाया गया। सीसीटीवी कैमरों के जरिये हर छोटी बड़ी गतिविधियों पर विशेष तौर पर नजर रखी जा रही है।

### छत से गिरकर मासूम की मौत

**हाथरस**
**क्षेत्र** के गांव बीजलपुर में मासूम की छत से गिरकर मौत हो गई। सात वर्षीय बच्चा छत पर अन्य बच्चों के साथ लंगड़ी खेलते समय हादसे का शिकार हो गया। खेल के दौरान बच्चा छत से नीचे गिर गया। बच्चे की मौत से परिवार में हाहाकार मच गया। गांव बीजलपुर निवासी रामकिशोर का सात वर्षीय बेटा संकेत अन्य बच्चों के साथ छत पर लंगड़ी खेल रहा था।

## मुरादाबाद में लगातार तीसरे दिन भी नहीं निकला सूरज, सड़कों

**मुरादाबाद**
**अंग्रेजी नववर्ष** 2025 के पहले दिन भी ठंड का प्रकोप जारी रहा। बुधवार को लगातार तीसरे दिन मुरादाबाद में सूरज न निकलने से ठंड का पारा चढ़ गया, लोग घरों में कैद रहे और सड़कों व बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। आज भी मुरादाबाद का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं मुरादाबाद का अधिकतम तापमान 17 डिग्री रहा। सोमवार व मंगलवार को भी मुरादाबाद में सूर्यदेव नजर नहीं आए थे। मुरादाबाद में बुधवार को तड़के से ही आसमान में बादल छाए हुए थे और शीतलहर चल रही थी। सुबह

# जानलेवा हमले का आरोपी फैजान मुठभेड़ में गिरफ्तार, गोली लगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**फिरोजाबादः थाना रामगढ़** पुलिस टीम ने मंगलवार की देर रात्रि में घर में घुसकर गृह स्वामी पर फायरिंग कर जानलेवा हमले के आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि थाना रामगढ़ के कश्मीरी गेट निवासी खालिद अनवर पुत्र अनवर हुसैन के घर में घुसकर 25 दिसम्बर को अभियुक्त फैजान पुत्र इकबाल व फराज पुत्र इकबाल निवासीगण बगिया मौहल्ला थाना दक्षिण ने आठ-दस अज्ञात लोगों के साथ अवैध असलाह से लैस होकर माँ



बहिन की गाली गलौज की थी। इन लोगों ने घर का सारा सामान फैक दिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए जान से मारने की नियत से गृह स्वामी के ऊपर दो फायर किए थे। इस मामले में पीड़ित की तहरीर

**बरामद**

**मोटरसाइकिल बिना नम्बर, एक तमंचा 315 बोर, 2 जिंदा कारतूस, 3 खोखा कारतूस बरामद हुए**

पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 3 पुलिस टीमों का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी रामगढ़ संजीव कुमार दुबे पुलिस टीम के साथ मंगलवार की देर रात्रि क्षेत्र में गश्त पर थे। तभी सूचना पर पुलिस टीम द्वारा फैक्ट्री ऐरिया से लिंक रोड़ पर चैकिंग की जा रही थी तभी एक मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध व्यक्ति से पुलिस टीम की मुठभेड़ हो गई। संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत फायरिंग की गई। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। अभियुक्त को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की पहचान फैजान पुत्र इकबाल के रुप में हुई है, जोकि थाना रामगढ़ में खालिद अनवर के घर में घुसकर जानलेवा हमले का आरोपी है जो फरार चल रहा था। अभियुक्त के कब्जे से एक मोटरसाइकिल बिना नम्बर, एक तमंचा 315 बोर, 2 जिंदा कारतूस, 3 खोखा कारतूस बरामद हुए है।

# अंगीठी जलाते समय निर्माणाधीन मकान में विस्फोट, दो लोग गंभीर रूप से झुलसे

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबादः मुरादनगर** थाना क्षेत्र में एक निर्मला भी मकान में विस्फोट होने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । गनीमत यह रही के फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर वहां से अग्निदग्ध दो लोगों को निकाल लिया। फायर ब्रिगेड के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के मुताबिक यह विस्फोट अंगीठी में कुछ केमिकल कम्पाउंड गलती से डालने के कारण हुआ। मामले की गहराई से जांच की जा रही है। घायलों को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती ले जाया गया जहां से उन्हें गुरु तेग बहादुर अस्पताल भेज दिया गया। वहां उनका उपचार चल रहा है। राहुल पाल ने बताया कि सुबह समय लगभग 07.00 बजे थाना मुरादनगर अन्तर्गत एक निमार्णाधीन मकान में ब्लास्ट होने की सूचना पीआरवी पर प्राप्त हुई । सूचना पर तत्काल मुरादनगर थाने से फोर्स घटनास्थल पर पहुंची । मौके पर पहुंचने पर देखा कि निमार्णाधीन मकान में लगभग 08 व्यक्ति रहते थे जिसमें से 02 व्यक्ति घायल पड़े हुए थे जिनको तत्काल सीएचसी मुरादनगर भेजा गया । साथ ही फील्ड यूनिट, फायर सर्विस एवं एसीपी मसूरी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया व जांच की गई।

जांच में सम्भवत यह निकल कर आया पास में टायर बनाने वाली फैक्टरी है जिसमे कुछ केमिकल कम्पाउंड यूज होते है , जिसमें सल्फर व जिंक ऑक्साइड प्रयोग होते हैं जो एक्सप्लोजिव नेचर के हैं । छत पर व घायल व्यक्तियों के कपड़ों पर भी उस मैटेरियल के ट्रेसेस पाये गये हैं ।

## बेकाबू ट्रक बाइकों पर पलटा, मां-बेटे समेत तीन की मौत

**हाथरसः हाथरस** जनपद में आगरा-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित हतीसा पुल पर बुधवार को एक बेकाबू ट्रक पलट गया। उसके नीचे दो मोटर साइकिलें दब गईं। हादसे में एक मोटर साइकिल पर सवार मां-बेटे समेत तीन लोगों की जान चली गई है। पुलिस ने वाहनों में फंसे शवों को बाहर निकालकर जाम खुलवाया। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि हतीसा पुल पर आगरा अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर यूटर्न लेते समय एक ट्रक दो बाइकों के ऊपर पलट गया। इस दुर्घटना में एक बाइक पर सवार 65 वर्षीय रेशमी देवी, उनके बेटे 40 वर्षीय विजयपाल की मौत हो गई।

# सभी बीईओ को सत्यापन के दिए निर्देश

## देखें कि छात्र छात्राओं के अभिभावकों के खातों में धनराशि पहुंची की नहीं, कम्प्यूटर में दक्ष शिक्षकों से प्रशिक्षित बच्चों की परीक्षा कराएं एआरपी: मनीष मीना

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। मुख्य** विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में स्थित सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिसमें उनहोंने बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024-25 में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए निःशुल्क यूनीफार्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता मोजा एवं स्टेशनरी के क्रय से सम्बन्धित धनराशि प्रत्यक्ष लाभ अन्तरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे छात्र छात्राओं के अभिभावकों के खातों में अंतरित किये जाने के सम्बन्ध में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को तत्काल लम्बित प्रकरणों (छात्र छात्राओं का सत्यापन, आधार प्रमाणिकरण, नान सीटेड प्रकरण आदि) को पूर्ण किये जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने यू डायस पोर्टल पर शैक्षिक सत्र 2024-25 के अन्तर्गत यू डायस कोड प्राप्त विद्यालयों के स्कूल, टीचर व स्टूडेंट्स प्रोफाल को त्रुटिरहित शत प्रतिशत पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सीडीओ ने जनपद मथुरा में बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत

**बैठक**

**अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में स्थित सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित**

समस्त ब्लॉक संसाधन केन्द्रों पर स्थापित आईसीटी लैब में एआरपी द्वारा कम्प्यूटर में दक्ष शिक्षकों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान कराये गये बच्चों की अध्यतन प्रगति की परीक्षा कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी कहा कि विभागीय कार्यक्रमों, योजनाओं का ससमय गुणवत्तापूर्ण सम्पादन किये जाने के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों तथा समस्त एसआरजी, आरपी की बैठक आयोजित करायें। उन्होंने द्वारा परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया। श्री मीना ने केजीबीवी वार्डनों को प्रत्येक मासिक समीक्षा बैठक में विभाग द्वारा दिये गये सम्बन्ध में अपनी आख्या सहित उपस्थित हों।

# ठाकुर जी के चरणों में नए साल का आगाज करने उमड़ी

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** नए साल की शुरू आत ठाकुर जी के चरणों में करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड उमड रही है। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में नव वर्ष के दिन बुधवार को जनजन के आराध्य बांके बिहारी महाराज के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं भी भीड उमड़ पड़ी। वृंदावन की गलियां श्रद्धालुओं से खचाखच रहीं। वहीं मंदिर के बाहर मार्ग पर भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। भीड़ के बीच बच्चे, बुजुर्ग और महिलाओं को सर्वाधिक परेशानी का सामना करना पड़ा है। सुबह से ही बड़ी संख्या श्रद्धालु ठा. बांके बिहारी मंदिर दर्शन करने के लिए पहुंचे।



विद्यापीठ चौराहा से लेकर बांके बिहारी मंदिर तक श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। दाऊजी तिराहा से मंदिर के द्वार तक दर्शनार्थी कतार में लगे मंदिर तक पहुंचने का इंतजार करते देखे गए। भीड़ को नियंत्रित करने में जगह जगह लगे पुलिसकर्मी तैनात रहे। श्रद्धालु राधे राधे की रटना और हाथ में प्रसाद लिए मंदिर खुलने का इंतजार कर रहे थे। मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने जयकारों के बीच मंदिर में प्रवेश किया, मंदिर श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। भीड़ के दबाव के बीच श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य बांके बिहारी के दर्शन किए। हालांकि मंदिर के अंदर तैनात निजी गार्ड ने श्रद्धालुओं को दर्शन करते ही निकास द्वार की ओर बढ़ रहे थे। इसके बावजूद मंदिर में पैर रखने को जगह नहीं रही। भीड़ के दबाव और धक्का मुक्की के बीच श्रद्धालुओं को मुश्किल दर्शन हो सके। बांके बिहारी मंदिर के सेवायत मयंक गोस्वामी ने बताया कि नव वर्ष के अवसर ठाकुरजी के दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए श्रद्धालु आ रहे हैं। इसी कारण मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक है। नए साल पर दो तीन दिन और

# सिंधी पंचायत ने महिला आश्रम में बांटीं नए साल की खुशियां

## सिंधी पंचायत ने महिला आश्रम में सर्दी से बचाव को बांटे गर्म कपड़े और खाद्य सामग्री

**मथुरा।**
**जाते वर्ष** की विदाई और आते वर्ष के स्वागत को सभी अपने अपने तरीके से सेलीब्रेट कर रहे हैं। कोई होटलों में तो कोई धार्मिक स्थलों पर जाकर खुशी मना रहा है। सिंधीजनों ने बढ़ती ठंड को देखते हुए आश्रित महिलाओं को गर्म कपड़े और आवश्यक वस्तुएं भेंट कर समाजसेवा कर पुण्य कमाया। मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी ने बताया कि सिंधी जनरल पंचायत के तत्वावधान में छटीकरा राधाकुंड मार्ग स्थित मघेरा हनुमान मंदिर के पास राधिका अपना घर




महिला आश्रम में माता बहनों को नारायणदास लखवानी, बसंत मंगलानी, जीवतराम चंदानी, डॉ. प्रदीप ऊकरानी, एड. अनीता चावला, सुरेश मेठवानी, लक्ष्मन वाधवानी आदि के सौजन्य से खाद्य सामग्री एवं गर्म शाल टोपा आदि वस्त्र वितरण किये गए। जिससे आश्रित माता एवं बहनों के चेहरे खिल उठे उन्होंने सिंधीजनों को भरपूर आशीर्वाद दिए। राम चंद्र खत्री ने बताया कि सिंधी जनरल पंचायत की ओर से खाध्य सामग्री में बिस्किट, चीनी, मसाले, चायपती और सर्फ, साबुन के साथ ही गर्म शाल और टोपे आदि वितरित किए गए है। मिशन स्माइल फाउंडेशन की महासचिव एडवोकेट अनिता चावला ने बताया कि सिंधी समाज द्वारा ऐसे सेवा कार्य निरंतर किए जाते रहते है, आश्रम में रह रही महिलाओं की जरूरत व शीत ऋतु को देखते हुए यह वितरण किया गया है। इस मौके पर पंचायत अध्यक्ष नारायणदास लखवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र खत्री, उपाध्यक्ष जीवतराम चंदानी, उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रदीप उकरानी, महामंत्री बसंत मंगलानी, मंत्री सुरेश मेठवानी तथा मिशन स्माइल फाउंडेशन की महासचिव एडवोकेट अनीता चावला के साथ प्रचार मंत्री हरीश चावला, मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी, मंत्री पीतांबर रोहेरा, युवा महामंत्री तरूण लखवानी आदि उपस्थित रहे। आश्रम की देखभाल कर रहे मुकेश शर्मा एवं उसकी पत्नी कीर्ति शर्मा ने सिंधीजनों के सेवाकार्य की

# नववर्ष पर राजस्थान के मुख्यमंत्री ने पूंछरी में किये श्रीनाथजी के दर्शन

**मथुरा।**
**राजस्थान के** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नव वर्ष के अवसर पर ग्राम पंचायत सांवई के ग्राम पूंछरी स्थित श्रीनाथजी मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। सीएम भजन लाल शर्मा ने पूंछरी पहुंच कर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और आमजन से आत्मीयता से साथ उनका हालचाल पूछा और प्रदेश की खुशहाली कामना की। मुख्यमंत्री ने नए साल की पूर्व संध्या पर सभी से स्नेहपूर्ण भेंट करते हुए हार्दिक मंगलकामनाएं



प्रेषित की। इससे पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा डीग जिले के पूंछरी सीमा स्थित इंदिरा बेटी ग्राउंड पर हेलीपैड पर पहुंचकर मुख्यमंत्री का मंत्रीसहित पार्टी कार्यकताओं ने स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म भी मौजूद




फास्ट न्यूज

## सीमांत क्षेत्र में हेलीकॉप्टर सेवाओं का विस्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

देहरादून: उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी), गृह मंत्रालय के बीच बुधवार को सचिवालय में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की उपस्थिति रही। यह पहल उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने और सीमांत क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से की गई है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि भारत सरकार के फ्लैगशिप प्रोजेक्ट वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत सीमावर्ती गांवों के विकास और ग्रामीणों की आजीविका के संसाधन उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है। सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हेलीकॉप्टर सेवाओं का विस्तार किया जाएगा, जिससे पर्यटकों को दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्र में प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल जैसे कि आदि कैलाश, ओम पर्वत, तिम्मरसैंण महादेव इत्यादि स्थित हैं जहां दुर्गम रास्तों के कारण पर्यटकों को पहुंचने में असुविधा होती है। इन सभी को ध्यान में रखते हुए उत्तराखंड सरकार की ओर से पर्यटकों को हैली सुविधा उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के कार्यक्षेत्र में उपलब्ध हैलीपैडों का उपयोग किया जाएगा। इसके अतिरिक्त वाईब्रेंट विलेज में रहने वाले ग्रामीणों को आपातकालीन चिकित्सा की आवश्यकता पड़ने पर दवाईयां उपलब्ध करवाने औए हैली से हायर सेंटर ले जाने के लिए भी इन हेलीपैड का उपयोग किया जाएगा। उत्तराखंड में तीन सीमांत जनपदों (उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़) में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की अग्रिम चौकियों में तैनाती है। इस अवसर पर सचिव सचिन कुर्वे, संजय आईटीबीपी के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बढ़ानी होगी जागरूकता: योगी

## छह से 10 जनवरी तक स्कूलों-कॉलेजों में चलाएं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः मुख्य**मंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव वर्ष के पहले दिन बुधवार को उप्र राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक ली। उन्होंने सभी विभागों को सड़क सुरक्षा से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 5 जनवरी तक हर हाल में बैठक संपन्न कर लें। छह से 10 जनवरी तक सभी स्कूलों-कॉलेजों में सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



किए जाएं। मुख्यमंत्री जी ने यह भी निर्देश दिए कि महाकुम्भ में बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए पीआरडी व होमगार्डों की संख्या बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष हो रही 23-25 हजार मौतें देश व राज्य की क्षति है। यह दुर्घटनाएं जागरूकता के अभाव में होती हैं। सड़क

**दिशा-निर्देश**

**▶▶ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उप्र राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की ली बैठक**

सुरक्षा माह सिर्फ लखनऊ तक सीमित न रहे, बल्कि इसे प्रदेश के सभी 75 जनपदों में सुचारू रूप से संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त भी हर माह जनपदों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की बैठक हो, जिसमें पुलिस अधीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, आरटीओ, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहें। जनपद स्तर पर हुए कार्यों की प्रोग्रेस को लेकर हर तीसरे महीने शासन स्तर पर मूल्यांकन किया जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उन जनपदों व स्थलों को चिह्नित करें, जहां अधिक दुर्घटनाएं संभावित हैं।

# राज्य में शीतलहर और घने कोहरे के कारण पड़ रही कड़ाके की ठंड

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुरः** राजस्थान में शीतलहर और घने कोहरे के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उत्तर और पूर्वी राजस्थान के कई शहरों में मंगलवार को दिन का तापमान 14 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज किया गया। इनमें गंगानगर, हनुमानगढ़, अलवर और सीकर सबसे सर्द रहे। घने कोहरे और सर्द हवाओं के चलते दिन में भी ठंडा माहौल रहा। हालांकि, दो जनवरी से सर्दी में थोड़ी राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर भारत में आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के कारण ठंडी हवाओं का प्रभाव कम होगा। इससे दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी। आसमान साफ रहेगा और धूप खिलने की उम्मीद है। उत्तर-पूर्वी राजस्थान में मंगलवार को सबसे सर्द दिन दर्ज किया गया। हनुमानगढ़ में अधिकतम तापमान 12.3 डिग्री सेल्सियस, अलवर में 12.4 डिग्री, सीकर में 12.5 डिग्री और श्रीगंगानगर में 12.8 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी प्रकार धौलपुर में 13.9 डिग्री और जयपुर व फतेहपुर में अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जयपुर का दिन हिल स्टेशन माउंट आबू से भी अधिक ठंडा रहा।

# भारत और पाक ने एक-दूसरे की जेलों में बंद कैदियों की सूची साझा की: विदेश मंत्रालय

**साझा की**

**▶▶ भारत ने 81 मछुआरों सहित 462 पाकिस्तानी कैदियों की सूची साझा की: विदेश मंत्रालय**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। भार**त और पाकिस्तान ने बुधवार को एक-दूसरे की जेलों में बंद नागरिक कैदियों की सूचियों का आदान-प्रदान किया। भारत ने 81 मछुआरों सहित 462 पाकिस्तानी कैदियों और पाकिस्तान ने 217 मछुआरों सहित 266 भारतीय कैदियों की सूची साझा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 2008 में हुए द्विपक्षीय काउंसलर एक्सेस समझौते के प्रावधानों के तहत हर साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को ऐसी सूचियों का आदान-प्रदान किया जाता है। इसमें कहा गया है, भारत और पाकिस्तान ने आज



नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक माध्यमों से एक-दूसरे की हिरासत में बंद नागरिक कैदियों की सूचियों का आदान-प्रदान किया। बयान में कहा गया है कि भारत ने अपनी जेलों में बंद 81 मछुआरों सहित 462 कैदियों के नाम साझा किए हैं, जो पाकिस्तानी हैं या जिनके बारे में माना जाता है कि वे पाकिस्तानी हैं। इसी तरह पाकिस्तान ने अपनी जेलों में बंद 217 मछुआरों सहित 266 कैदियों के नाम साझा किए हैं, जो भारतीय हैं या जिनके बारे में माना जाता है कि वे भारतीय हैं। मंत्रालय ने कहा कि सरकार के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप 2014 से अब तक 2,639 भारतीय मछुआरों और 71 नागरिक कैदियों को पाकिस्तान से वापस लाया गया है। इसमें 2023 से अब तक पाकिस्तान से वापस लाए गए 478 भारतीय मछुआरे और 13 भारतीय नागरिक कैदी शामिल हैं। भारत सरकार ने पाकिस्तान की हिरासत से नागरिक कैदियों, मछुआरों और उनकी नावों तथा लापता भारतीय रक्षाकर्मियों की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी का आह्वान किया है। पाकिस्तान से उन 183 भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों की रिहाई और स्वदेश वापसी में तेजी लाने को कहा गया है, जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है। इसके अलावा पाकिस्तान से उन 18 नागरिक कैदियों और मछुआरों को तत्काल कांसुलर एक्सेस प्रदान करने को कहा गया है, जिन्हें पाकिस्तान की हिरासत में माना जाता है कि वे भारतीय हैं और जिन्हें अभी तक कांसुलर एक्सेस प्रदान नहीं किया गया है।







